आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.57
सूर्यास्त 06.18

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर
मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 14 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 295, पृष्ठ 14+4 मूल्य 6 रुपये

हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से वाहन मलबे में दबे खेतों को भारी क्षति-10

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि घर खरीदारों की रक्षा करे केंद्र सरकार - 10

नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य - 11

भारत का पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में पलड़ा भारी- 12

CENTURION DEFENCE ACADEMY
लखनऊ | देहरादून
CENTURION DEFENCE ACADEMY
रक्षा क्षेत्र की पुख्ता तैयारी के लिए प्रख्यात
THE ABSOLUTE LEADER

गर्व का वर्ष - देश को समर्पित 150+ सैन्य अधिकारी
NDA | 11TH & 12TH NDA FOUNDATION | CDS | MNS | AFCAT | SSB INTERVIEW

लगातार AIR- 1,2,3 सिर्फ ड्रीम नहीं, डेस्टिनेशन तक – सेंचूरियन डिफेंस एकेडमी

a Many More

भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के सामने शिशिर दीक्षित सर की ऐतिहासिक घोषणाएँ

शहीद परिवारों, सैनिकों और युवाओं के भविष्य को नई दिशा

CENTURION ADVANTAGES

- **गर्ल्स के लिए विशेष प्रगति बैच :** हर चौथी NDA चयनित छात्रा सेंचूरियन से।
- **ब्रह्मोस बैच:** हिंदी माध्यम के छात्रों को सफलता की ओर अग्रसर करना।
- **फाउंडेशन बैच एक्सीलेंस:** हर बार सबसे अधिक फाइनल चयन।
- **2025 में 100+ प्रामाणिक चयन:** और गिनती जारी है।
- **सतत चैंपियंस:** टॉपर्स की पहली पसंद- लगातार AIR-1,2,3
- **सेंचूरियन प्रेप एडवांटेज:** अतिरिक्त तैयारी के लिए एयर लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब।
- **विशेषज्ञ मेंटरशिप:** भारत की सबसे अनुभवी टीम द्वारा लिखित व SSB इंटरव्यू की तैयारी।
- **सीमलेस हाइब्रिड लर्निंग:** सेंचूरियन डिजिटल ऐप के साथ।
- **व्यक्तिगत सफलता:** व्यक्तिगत मार्गदर्शन और विशेष फीडबैक पाएं।
- **सच्चा मेंटर vs अम्पायर:** हमारे मुख्य रक्षा परीक्षा मेंटर शिशिर दीक्षित सर के साथ श्रेष्ठ अनुभव।
- **रणनीतिक कंटेंट:** हमारी R&D टीम द्वारा तैयार की गई सेंचूरियन पब्लिकेशन तक पहुंच।
- **डिफेंस डिवोशन:** हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ रक्षा क्षेत्र के लिए है।
- **असली परिणाम:** हमारे पोस्टर पर दिखने वाला हर चेहरा वास्तव में सेंचूरियन स्टूडेंट है, कोई स्टॉक इमेज नहीं।
- **प्रमाणित और विश्वसनीय:** भारत की सबसे उच्च वास्तविक चयन दर — सभी फाइनल चयन केवल हमारे ऑफलाइन बैच से।
- **ट्रेनिंग टाइटंस:** भारत का सबसे बड़ा फिजिकल फिटनेस और GTO ग्राउंड लखनऊ और देहरादून में।
- **सत्य, सेना एवं संस्कार** पर आधारित फिजिकल ट्रेनिंग में मानक एवं अनुशासन से कोई समझौता नहीं।

लखनऊ, 10 सितम्बर 2025: परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद के 60वें बलिदान दिवस पर सेंचूरियन फाउंडेशन ने भारतीय सशस्त्र बलों, शहीद परिवारों और वीरता पुरस्कार विजेताओं के लिए कई ऐतिहासिक घोषणाएँ कीं। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल आनंद्या सेन गुप्ता (PVSM, UYSM, AVSM, YSM) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में श्री नीरज सिंह (अध्यक्ष, FICCI उत्तर प्रदेश), मंत्री श्री दानिश आज़ाद अंसारी (वेलफेयर एवं वक्फ बोर्ड, उत्तर प्रदेश) और GOC मेजर जनरल सलील सेन, शामिल रहे। सेंचूरियन फाउंडेशन के चेयरमैन श्री शिशिर दीक्षित ने भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने और शहीदों के परिवारों को सम्मान देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। इन घोषणाओं को लेफ्टिनेंट जनरल आनंद्या सेन गुप्ता, (PVSM, UYSM, AVSM, YSM) और GOC मेजर जनरल सलील सेन ने औपचारिक रूप से स्वीकार किया और इसकी सराहना की।

देश के हज़ारों भावी सैन्य अधिकारियों को तराशने वाले प्रेरणास्रोत गुरु

दीक्षित सर, सेंचूरियन डिफेंस एकेडमी (लखनऊ और देहरादून) के संस्थापक और चेयरमैन हैं। वे भारत के रक्षा क्षेत्र में सर्वाधिक सफलताओं के लिए प्रसिद्ध हैं, और रक्षा परीक्षाओं व एसएसबी इंटरव्यू में लगातार ऑल इंडिया रैंक 1, 2, 3, 4, 5, 6 दिलाकर रिकॉर्ड स्थापित कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री एवं उत्तराखंड के राज्यपाल भी उन्हें सर्वाधिक चयन दर के लिए कई बार सम्मानित कर चुके हैं।

चीफ़ डिफेंस एग्ज़ाम मेंटर दीक्षित सर ने "प्रोफाइल मैपिंग" जैसी अनूठी मेंटरिंग तकनीक विकसित की है। वे व्यक्तिगत मार्गदर्शन और कस्टमाइज्ड फीडबैक के लिए पूरे देश में लोकप्रिय हैं। साथ ही वे वंचित और विपरीत सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को प्रेरित व मार्गदर्शन देने में अग्रणी हैं, और ऐसे कई परिवारों से सेना के अधिकारी तैयार कर चुके हैं जिनका विकासात्मक इतिहास चुनौतीपूर्ण रहा है।उनकी अकादमी देश में एनडीए में सर्वाधिक बालिकाओं का चयन सुनिश्चित कर रही है, और हज़ारों आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को स्कॉलरशिप देकर सशक्त बना रही है। उन्हें कई केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के शीर्ष नेतृत्व से सम्मान प्राप्त है। उनका मिशन है: भारत के हर परिवार से कम से कम एक सदस्य सेना में सेवा करे।

श्री शिशिर दीक्षित सर
संस्थापक एवं चेयरमैन,
सेंचूरियन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स,
चीफ डिफेंस एग्जाम मेंटर, लेखक

Trust the process and involve into the process.

प्रमुख घोषणाएँ :

- **100% छात्रवृत्ति** – भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना के शहीद परिवारों के पात्र रक्षा अभ्यर्थियों को, ऑनलाइन या ऑफ लाइन माध्यम से, रक्षा परीक्षाओं की तैयारी हेतु शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।
- **100% छात्रवृत्ति** – सभी गैलेंट्री अवार्डीज़ (Gallantry Awardees) के पात्र पारिवारिक रक्षा अभ्यर्थियों को भी, ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से, रक्षा परीक्षाओं की तैयारी हेतु पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी।
- **₹5000 SSB Prep Aid** – प्रत्येक पात्र अभ्यर्थी को, जो SSB इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहा है, सेंचूरियन फाउंडेशन द्वारा भारत के सर्वश्रेष्ठ SSB कोचिंग मार्ग दर्शन हेतु ₹5000 की तैयारी सहायता प्रदान की जाएगी। इसकी वैधता 1 वर्ष होगी, यानी यदि कोई उम्मीदवार पहले प्रयास में सेलेक्ट नहीं होता, तो वह अगले 1 वर्ष के भीतर पुनः निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगा।
- **डिजिटल पैनल स्थापना** –सेंट्रल कमांड, लखनऊ HRDC क्लास रूम में एक समर्पित डिजिटल पैनल स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से SSB इंटरव्यू प्रेप, स्पोकन इंग्लिश तथा ऑनलाइन सत्र संचालित किए जाएंगे।
- **'रणनीति' पुस्तक की 100 प्रतियाँ –SSB Interview** तैयारी हेतु **'रणनीति'** पुस्तक की 100 प्रतियाँ सेंट्रल कमांड की सभी आर्मी लाइब्रेरीज़ को प्रदान की जाएंगी।
- **निःशुल्क 6-दिवसीय SSB कैप्सूल सत्र** –प्रत्येक 6 माह में, SSB इंटरव्यू विशेषज्ञों द्वारा, लखनऊ HRDC में 6 दिवसीय कैप्सूल ऑफलाइन सत्र निःशुल्क आयोजित किए जाएंगे।

ADMISSIONS OPEN
For Classroom Course And Centurion digital App

Head Office, Lucknow (UP)
Near Phoenix Mall, Opp. Police Station
Alambagh
+91 9795977776

Indira Nagar Center (UP)
Faizabad Road, Indira Nagar
Lucknow
+91 9795977776

Dehradun Center (UK)
General Mahadev Singh Road, Near IMA, Ballupur Chowk,
Satya Vihar, Kailashpuri, Dehradun
+91 9795977779

BE INSPIRED, BE INFORMED
Watch Our Real Results on

न्यूज ब्रीफ

थाना समाधान दिवस में आईं पांच शिकायतें

कलान, अमृत विचार : थाना समाधान दिवस में शनिवार को एसडीएम की अध्यक्षता में सुनवाई हुई। इस दौरान राजस्व विभाग से संबंधित कुल पांच शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन एक भी शिकायत का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। अधिकारियों ने सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित भू निरीक्षक व लेखपाल के साथ पुलिस को निस्तारण हेतु सौंप दिया। एसडीएम ने निर्देश दिए कि शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र, भू निरीक्षक विश्राम सिंह, लेखपाल शशिकांत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

लंगूर का इलाज कराने के निर्देश

खुदागंज, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक अवकाश दीक्षित ने उप जिलाधिकारी को पत्र भेजकर उखरी गाँव में घायल अवस्था में पाए गए बंदर को पकड़वाने और उसका उपचार कराए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि बंदर के गले में किसी ने रस्सी बांध दी थी, जिससे उसका गला कट गया है। तहसील दिवस के प्रभारी अधिकारी ने बीडियो खुदागंज व वन क्षेत्र अधिकारी को निर्देश दिए कि वे संयुक्त टीम बनाकर बंदर को पकड़वाएं और उचित उपचार सुनिश्चित करें। इस कदम से क्षेत्र में घायल जानवरों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का संदेश भी गया।

शिक्षक के निधन पर विद्यालय में हुई शोकसभा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय का निधन हो गया। इससे विद्यालय परिवार शोक का माहौल रहा। विद्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के मैनेजर राजेश कुमार शर्मा ने की। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. राखी मिश्रा, प्रवक्ता मंजरी यादव, आभा श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, राम अवतार शर्मा, रश्मि मिश्रा, निशि श्रीवास्तव, अर्चना सक्सेना सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और श्रद्धांजलि अर्पित की।

इंसान और छुट्टा पशुओं के खून से लाल हो रहीं सड़कें

सड़क पर पशुओं का डेरा: शाहजहांपुर में तीन साल में 70 से ज्यादा लोगों की मौत, 100 से अधिक पशु हुए हादसों के शिकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- छुट्टा पशुओं के चलते आए दिन हो रहे गंभीर हादसे
- आज भी सड़कों पर डटे हैं छुट्टा पशु, दोनों गंवा रहे जान

महानगर की सड़क पर बैठे छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

अमृत विचार: जिला छुट्टा पशुओं की समस्या से जूझ रहा है। हालत यह है कि इंसान और मवेशियों का खून सड़क पर बह रहा है, लेकिन छुट्टा पशुओं को सड़कों से हटाने की व्यवस्था आज तक मजबूत नहीं हो सकी। आए दिन सड़कों पर घूम रहे पशुओं के कारण हादसे होते हैं, जिनमें इंसानों के साथ-साथ कई बार पशु भी मारे जाते हैं। यह घटनाएं सालों साल से हो रही हैं, लेकिन इन पर रोक नहीं लग पा रही है। ऐसा नहीं है कि सरकार प्रयास नहीं कर रही है। सरकार लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन समस्या दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। पशुधन विकास विभाग के अनुमानित आंकड़ों के अनुसार बीते तीन साल में जिले भर में 70 से ज्यादा इंसानों की जान छुट्टा पशुओं के कारण हुए हादसों में चली गई। इसके साथ ही 100 से ज्यादा पशु भी हादसों के कारण सड़कों पर मारे गए। इनके खून से सड़कें लाल हुईं। यह सिलसिला आज भी जारी है और कब तक चलता रहेगा इसका जवाब किसी के पास नहीं है। छुट्टा पशुओं की समस्या जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप के सामने भी उठाई जा चुकी है, लेकिन हल फिर भी नहीं निकला है। आज भी सड़कों पर छुट्टा पशु लगातार देखे जा रहे हैं और हादसे भी हो रहे हैं।

> हम जितना हो सके पशुओं को सड़क से हटाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी पशु सड़कों पर देखे जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द पशुओं को सड़क से हटाया जाए ताकि दुर्घटनाओं की आशंका न रहे।
>
> -डॉ. राजेंद्र गंगवार, सीवीओ।

हर दिन शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक की सड़कों पर छुट्टा मवेशियों का जमघट देखा जा सकता है। इनकी वजह से दोपहिया और चौपहिया वाहनों के साथ अक्सर टक्कर की घटनाएं होती हैं। आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं और कई हादसों में अपनी जान भी गंवा बैठे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो बीते तीन सालों में 70 से ज्यादा लोग छुट्टा पशुओं से जुड़े हादसों में जान गंवा चुके हैं। यही नहीं, इन हादसों में 100 से अधिक पशु भी अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन स्तर पर ठोस कदम न उठाए जाने से लोगों में गहरी नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी न तो छुट्टा मवेशियों को शेल्टर होम तक पहुंचाया जा रहा है और न ही इनसे बचाव के लिए स्थायी समाधान खोजा जा रहा है। हालात यह हैं कि जिले की सड़कों पर सफर करना हर किसी के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

यह हुई प्रमुख घटनाएं

- 16 जनवरी 2020 को गांव फरीदापुर में चंद्रपाल (52) को खेत में फसल की रखवाली के दौरान हमलावर हुए सांड़ ने पटक-पटक कर मार डाला।
- 16 जून 2022 को फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे पर गांव खाई खेड़ा के चौराहे के पास अज्ञात व्यक्ति (50) को सांड़ ने हमलाकर मार डाला
- 23 जनवरी 2023 को ग्राम पंचायत कुंडरा के मजरा स्थित आलू के खेत में घुसे जानवरों को भगाने के दौरान शिवलाल की पत्नी रीना देवी की मौत
- 24 दिसंबर 2023 को ग्राम पंचायत कोला के मजरा रैपुरा निवासी साधुराम को खेत की रखवाली के दौरान छुट्टा पशुओं ने दौड़ा लिया। तालाब में गिरे साधुराम की डूबने से मौत हो गई
- 19 अगस्त 2024 को जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी चरन सिंह (50) को सांड़ ने हमला कर मार डाला था।
- 19 जनवरी 2025 को निगोही के गांव घाटबोझ निवासी लीलावती को सांड़ ने पटक-पटक कर मार डाला।
- 21 जनवरी 2025 को निगोही के ही गांव चकौरा निवासी अजयवीर को सांड़ ने कुचल कर मार डाला।
- 3 फरवरी 2025 को सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव सडरा जमुनिया पुरवा में बच्चू लाल (70) को सांड़ ने पटक कर मार डाला।
- 8 फरवरी 2025 को अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के गांव लालपुरी इमलिया निवासी सुरेंद्र (50) को सांड़ ने पटक कर मार डाला।

गसरा क्षेत्र में संदिग्ध जंगली पशु दिखने से दहशत

पुवायां, अमृत विचार: गंगसरा क्षेत्र में देर रात ट्रैक्टर चालक को सामने खेतों के किनारे संदिग्ध जंगली जानवर दिखने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल हैं, हालांकि अधिकारियों के अनुसार ग्रामीण ने सियार को बाघ समझकर डर गया।

शुक्रवार रात गांव दियुरिया निवासी भारत और धर्मवीर बिलसिया दौलतपुर में ट्रैक्टर से धान की पराली एकत्र कर रहे थे। इसी बीच ट्रैक्टर के सामने तेज रोशनी में खेत के किनारे उन्हें जंगली जानवर दिखाई दिया, जिसके बाद वह सहम गया। हालांकि रोशनी और ट्रैक्टर की आवाज सुनकर वह खेतों में घुस गया। चालक ने इसका वीडियो मोबाइल से बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस मामले में अधिकारियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि चालक को सियार जैसा जानवर दिखाई दिया है, जो अक्सर रातों में खेतों में टहलते रहते हैं। टीम भेजकर सर्वे कराया जा रहा है।

राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया

संवाददाता, खुदागंज

- 18 विद्यार्थियों ने काव्य पाठ में प्रतिभा का किया प्रदर्शन
- प्राचार्य और विभागाध्यक्ष ने हिंदी भाषा के महत्व पर की चर्चा

अमृत विचार: ठाकुर रोशन सिंह संघटक राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वैशाली, आलोक, गोविंद, सिंह रोशनी और सलोनी ने अपनी काव्य रचनाओं का मनमोहक वाचन प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार ने भी काव्य पाठ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुज सक्सेना ने हिंदी भाषा को संप्रेषण का माध्यम बताते हुए बांग्लादेश का विभाजन, श्रीलंका में तमिल-सिंहली विवाद और महाराष्ट्र में मराठी-हिंदी भाषाई विवादों के उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने भाषा के जनमानस पर प्रभाव और इसकी सामाजिक भूमिका को समझाया।

हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू पांडे ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भावों की अभिव्यक्ति, हमारी संस्कृति और पहचान तथा एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी को हिंदी के प्रति सम्मान और प्रेम बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं और महाविद्यालय के अध्यापक गण उपस्थित रहे।

पांच दिन बाद डॉ. रिशु की मिली सूचना

संवाददाता, तिलहर

- चार दिन तक नदी में तलाशते रहे गोताखोर और पुलिस कर्मी
- पुलिस ने सर्विलांस के जरिए उनकी लोकेशन की पुष्टि की

अमृत विचार: मंगलवार को गर्रा नदी पुल पर चाबी लगी लावारिस बाइक मिलने से डॉ. रिशु को चार दिन तक पुलिस व एसडीआरएफ टीम नदी में तलाशती रही।

पांचवें दिन डॉ. रिशु ने घर वालों को कॉल कर खुद के आंध्र प्रदेश में होने की जानकारी दी, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने भी सर्विलांस के जरिए उनकी लोकेशन तिरुपति बाला जी क्षेत्र में होने की पुष्टि की।

मंगलवार रात करीब आठ बजे नगरिया मोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज विशेष कुमार को रिंग रोड स्थित गर्रा नदी पुल पर चाबी लगी एक बाइक लावारिस हालत में खड़ी होने की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस वहां पहुंची और बाइक की डिग्गी की छानबीन की। पुलिस ने बाइक पर रखे बैग से कुछ दवाएं और शाहजहांपुर के मोहल्ला गदियाना निवासी डॉ. रिशु पुत्र रामपाल का नाम-पता मिलने पर परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने बाइक और बैग को रिशु का होने की पुष्टि की। चूंकि पहले भी नदी में छलांग लगाने की कई घटनाएं हो चुकी थीं, इसलिए आशंका वश तिलहर पुलिस के सानिध्य में एसडीआरएफ टीम प्रभारी जावेद ने बुधवार सुबह से नदी में स्टीमर के जरिए रिशु की तलाश शुरू कर दी। गुरुवार को रिशु का हेलमेट आरसीएल रास्ते पर पुल के समीप बरामद होने से आशंका और गहरा गई और पुलिस ने तलाश और तेज कर दी।

फोन आने से परिजनों को मिली राहत

सीओ ज्योति यादव व कोतवाल की मॉनिटरिंग में गुरुवार और शुक्रवार को भी स्टीमर से नदी में लगातार रिशु की तलाश जारी रही, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह डॉ. रिशु ने घर पर कॉल कर खुद के आंध्र प्रदेश में होने की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। एसआई विशेष कुमार ने बताया कि सर्विलांस के जरिए उनकी लोकेशन तिरुपति बाला जी में ट्रेस की गई है। उधर रिशु के ससुर सत्यप्रकाश ने बताया कि रिशु ने फोन पर कहा कि उसे आर्मी वाले लेकर आ रही है कोई भी चिन्ता न करें।

कोर्ट में आत्मसमर्पण की फिराक में सूदखोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस कर रही निगरानी, कई जगह दी दबिश

अमृत विचार: दुर्गा इन्कलेव कॉलोनी में सूदखोरों से परेशान होकर चार साल के बेटे को जहर पिलाने के बाद दंपती ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में सूदखोर विक्की बग्गा पुलिस से बचने के लिए कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की फिराक में है। पुलिस उस पर बराबर निगरानी रखे हुए है। पुलिस उसकी तलाश में बराबर दबिश दे रही है।

26 की अगस्त की रात में रोजा थाना क्षेत्र के दुर्गा इन्कलेव कालोनी निवासी सचिन ग्रोवर और उनकी पत्नी शिवांगी ग्रोवर सूदखोरों से पैसे के लेनदेन को लेकर काफी परेशान थे। सूदखोर उसे और उसकी पत्नी को धमकियां दिया करते थे। सूदखोरों से परेशान होकर दंपती ने आत्महत्या कर ली थी और बेटे को जहर पिलाकर मार डाला था। मृतका शिवांगी ने सुसाइड नोट के आधार पर सूदखोर शैंकी आनंद, विक्की बग्गा और देवांग खन्ना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने शैंकी आनंद को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। जबकि मुख्य आरोपी विक्की बग्गा फरार चल रहा है। पुलिस उसकी तलाश में अमृतसर और दिल्ली हो आयी थी और पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा था।

बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाई जा रही राहत सामग्री

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना बाढ़ पीड़ितों को राहत किट देते हुए ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वित्त मंत्री ने कल्याण सामुदायिक भवन व रज्जबनगर में राहत किट वितरण किया

अमृत विचार: जनपद में आई बाढ़ से तमाम लोगों को नुकसान पहुंचा और जिसे लेकर जिला प्रशासन की ओर निरंतर शिविर लगाकर राहत किट बांटी जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने गांव रज्जबनगर में 100 व कल्याण सामुदायिक भवन रेती में 200 बाढ़ पीड़ितों को राहत किट वितरित की। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ पीड़ितों के हुए नुकसान के क्रम में सर्वे भी करा रही है। जिससे मुआवजा दिलाया जा सके। इस दौरान एडीएम वित्त अरविंद कुमार, एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय, तहसीलदार सत्येंद्र कटियार, नायब तहसीलदार निशि सिंह की मौजूदगी रही। शहबेगपुर में ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने भी 305 राहत किट बाढ़ पीड़ितों को दी। एनटीआई स्कूल राहत शिविर में भी पार्षद के द्वारा 150 राहत किटों का वितरण हुआ।

हमारा उद्देश्य किसान सशक्त हो: वित्तमंत्री

संवाददाता, शाहजहांपुर

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना किसान को प्रमाण पत्र देते हुए ● अमृत विचार

- परिजन रोजा मंडी में कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार: मुख्यमंत्री मंत्री कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत स्थानीय मंडी परिसर में कृषि उत्पादन मंडी समिति की ओर से आयोजित त्रैमासिक लकी ड्रा उपहार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसको संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा बिना रिसर्च के कृषि उत्पादन में वृद्धि करना सम्भव नही है। उन्होंने कहा इस वक्त किसान 831 प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन का रिकॉर्ड बना चुके हैं, हमें आधुनिक तरीके से खेती करनी चाहिए और कैमिकल के प्रयोग से बचना चाहिए। उन्होंने कहा गोबर और हरी घास भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाती है। आज हम गेहूं, चीनी निर्यात की स्थिति में हैं, हमें दलहन उत्पादन में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा सरकार ने कृषि यंत्रों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। कार्यक्रम में अध्यक्षता मंडी समिति के सभापति- सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार ने की। इस अवसर पर मंडी समिति सचिव रिंकूलाल कश्यप, मंडी समिति जलालाबाद सचिव विक्रम बाजपेयी, उपेन्द्र पाल सिंह, रामनिवास वाल्मीकि आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एसपी कालेज प्रवक्ता राम सिंह द्वारा किया गया।जसवीर सिंह, हरजीत सिंह, अमन, यशवीर सिंह, डालचन्द, छैलबिहारी, सिमरजीत कौर सहित 8 किसानों को 43 इंच एलईडी, 7 किसानों को पावर डिवेन हार्वेस्ट, 19 किसानों को सोलर पावर पैक संयंत्र, 6 किसानों को पंपिंग सेट, 9 किसानों को पावर स्प्रेयर, 10 किसानों को मिक्सर ग्राइंडर तथा 3 किसानों को सीट युक्त पावर ट्रिलर वित्त मंत्री द्वारा उपहार प्रदान किए गए। आयोजन में धर्मेन्द्र कुमार भारती, गौरी पाण्डेय, एतमाद हुसैन इराकी, चन्द्रभूषण मौर्य, रामगोपाल सिंह, अमित मौर्य, अवनीश दिवाकर आदि का योगदान रहा।

धार्मिक उन्माद की साजिश रच रहे तीन गिरफ्तार

सिंधौली, अमृत विचार: धार्मिक उन्माद को बढ़ावा देने की साजिश रच रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है। शुक्रवार की रात शहर में हुए बवाल के बाद शनिवार दोपहर कोरोंकुइयां गांव के तीन युवक आरिफ, तैमूर तथा इसराइल गांव स्थित राजमार्ग पर शांति विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने की चर्चा कर रहे थे।

इस दौरान किसी व्यक्ति ने उपरोक्त जानकारी प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को गिरफ्तार कर थाने ले गई। पुलिस ने तीनों से पुछताछ करके उनका शान्ति भंग में चालान कर दिया है। बता दें एक दिन पहले ही सोशल मीडिया पर धर्म विशेष के ग्रंथ पर किए गए आपत्तिजनक टिप्पणी पर शहर का माहौल बिगड़ने से बच गया था। हालांकि पुलिस अभी भी आरोपियों पर कार्रवाई कर रही है।

मदरसों के संगठन की मजबूती पर जोर दिया

बैठक में संबोधित करते संगठन के राष्ट्रीय महासचिव। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदरसा अरबिया के राष्ट्रीय महासचिव दुल्ला खान सईदी ने जनपद के विभिन्न अनुदानित मदरसों का दौरा किया।

उन्होंने शिक्षकों से मुलाकात कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान संगठन की एकजुटता से ही संभव है। शिक्षकों से अपील की कि वह एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करें और संगठन को मजबूत बनाएं। शिक्षकों से सुझाव भी लिए और आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को सरकार और विभाग तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। इस मौके पर इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, साजिद अली खान, ममनून खान, सैयद शारिक अली, इजहार हसन, कामरान हुसैन, मोईन खान, जाहिद खान सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। श्री सईदी मदरसा रहमानिया दलेलगंज, मदरसा दीनियत तालीमुल कुरान तिलहरमदरसा नूर उल हुदा बिजली पुरा का दौरा किया।

वीर अब्दुल हमीद का जीवन युवा वर्ग के लिए प्रेरणा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अंजुमन इदरीसिया के तत्वावधान में शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन
- शहीद-ए-आजम अशफाक उल्ला खां के पौत्र भी रहे मौजूद

कैबिनेट मंत्री को वीर अब्दुल हमीद के डाक टिकट का प्रतिरूप देते इं. अहमद मुबीन।

अमृत विचार: 1965 के भारत-पाक युद्ध के महानायक और परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का 60वां शहीद दिवस कैंट स्थित वीर अब्दुल हमीद पार्क में अंजुमन इदरीसिया शाहजहांपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा वीर अब्दुल हमीद के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जिस पराक्रम से दुश्मनों के इरादों को नाकाम किया, वह सदैव प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि देश पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले हर शहीद पर पूरे राष्ट्र को गर्व है। विशिष्ट अतिथि शहीद-ए-आजम अशफाक उल्ला खां के पौत्र अशफाक उल्ला खां ने वीर अब्दुल हमीद की कुर्बानी को बेमिसाल बताते हुए कहा कि ऐसे वीर योद्धा सदियों में पैदा होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन इदरीसिया के सीनियर सदस्य हाजी जलालुद्दीन इदरीसी ने की। उन्होंने कहा कि आजादी के 79 साल बाद भी वीर अब्दुल हमीद की बिरादरी की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। सरकार से मांग की गई कि इदरीसी बिरादरी को अत्यधिक पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जाए और सिलाई पेशे को दस्तकारी का दर्जा मिले। इस मौके पर संस्था की ओर से भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कैबिनेट मंत्री को सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रफत हुसैन इदरीसी और वसीम इदरीसी ने किया।इस अवसर पर इंजीनियर अहमद मुबीन ने कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को अंग वस्त्र पहना कर उनका स्वागत किया और भारत सरकार द्वारा वीर अब्दुल हमीद के पराक्रम पर जारी डाक टिकट का प्रतिरुप प्रतीक चिन्ह के रूप भेंट किया।

संस्था के सदस्यों ने मुख्य अतिथि खन्ना और विशिष्ट अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद अशफ़ाक़ उल्लाह ख़ां के पौत्र अशफ़ाक़ उल्लाह को स्मृति चिन्ह भेंट किये। इस अवसर पर छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित, अंजुमन इदरीसिया के जिला अध्यक्ष नौशाद हसन इदरीसी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन, उपाध्यक्ष हारून इदरीसी, पार्षद तालिब, सय्यद तनवीर, अब्दुल सत्तार, नईम इदरीसी, रिंकू समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बागीस को फार्मासिस्ट एसोसिएशन में मिली अहम जिम्मेदारी

शाहजहांपुर, अमृत विचार: एचसीएफ यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन रजिस्टर्ड का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष तुषार वशिष्ठ ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्ति की है।

जिनमें गुलाम मुस्तफा मुरादाबाद, संजीव कुमार बुलंदशहर, अरमान अली गाजियाबाद, विपिन सिंह गोरखपुर, रोहित कुमार बरेली, बागीश कुमार अनावा को शाहजहांपुर का सदस्य बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र जारी कर कार्यसमिति सदस्यों से कहा कि हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते है कि आप लोग एसोसिएशन के प्रति ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करेंगे और संगठन को आसमान की ऊंचाइयों तक लेकर जाएगे। उक्त जानकारी बागीश कुमार ने दी।

पर्यावरण सरंक्षण को पौधारोपण जरूरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना पौधारोपण करते हुए ● अमृत विचार

- वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फलदार पौधा लगाया

अमृत विचार: नगर निगम के बैनर तले वार्ड 60 मोहल्ला गढ़ी गाड़ीपुरा में पुत्तूलाल चौराहा से रोजा रोड पर किनारे-किनारे पौधरोपण किया गया। जिसमें वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फलदार पौधा लगाया। अन्य लोगों ने आम, जामुन, इमली के पौधे लगाए। कार्यक्रम में नगर विकास विभाग, स्थानीय नगरीय निकाय उत्तर प्रदेश लखनऊ के अपर निदेशक असलम अंसारी, नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल-उद्यान प्रभारी विजय नारायण मौर्य, अधिशासी अभियंता जल सुशील कुमार व वार्ड नंबर 60 से लाल सिंह यादव व अरुण सिंह तथा मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सतेंद्र कटियार व सम्भ्रांत लोगों ने आम, जामुन, इमली, अशोक, अमलताश, कचनार के पौधों को ट्री गार्ड के साथ लगाया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने सभी से अपील की गई कि वह पर्यावरण को सरंक्षित करने के उद्देश्य से कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसको जीवित रखने की जिम्मेदारी भी ले। साथ ही मंत्री ने कहा जो पौधे रोपित किए गए है, उनकी देखभाल विशेष रूप से की जाए। जिससे भविष्य में आम जनमानस को पेड़ो की छाया व शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त हो सके।

आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
26.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.57
सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर
मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 14 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 295, पृष्ठ 14+4 मूल्य 6 रुपये

हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से वाहन मलबे में दबे खेतों को भारी क्षति-10

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि घर खरीदारों की रक्षा करे केंद्र सरकार - 10

नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य - 11

भारत का पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में पलड़ा भारी- 12

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जन, संपर्क और व्यवहार हिन्दी भाषा का आधुनिक संदर्भ व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞www.amritvichar.com

मणिपुर में लाएंगे शांति और समृद्धि

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के विभिन्न संगठनों से हिंसा छोड़ने का किया आग्रह

- कहा-केंद्र सरकार राज्य के लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी

इंफाल/चूड़ाचांदपुर, एजेंसी

मणिपुर के चुराचांदपुर में राहत शिविर में हिंसा प्रभावित लोगों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर में विभिन्न संगठनों से हिंसा छोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है और इस हिंसाग्रस्त प्रांत को शांति व समृद्धि का प्रतीक बनाने की दिशा में काम कर रही है। मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान कुकी बहुल चूड़ाचांदपुर जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने मणिपुर को आशा और आकांक्षा की भूमि बताया और कहा कि 'दुर्भाग्य से हिंसा ने इस खूबसूरत क्षेत्र पर अपनी छाया डाल दी' है। उन्होंने कहा कि कुछ देर पहले, मैं एक राहत शिविर में प्रभावित लोगों से मिला। उनसे मिलने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास के एक नया सवेरा का उदय हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी जगह विकास की जड़ें जमाने के लिए शांति जरूरी है। पिछले 11 सालों में पूर्वोत्तर में कई संघर्ष और विवाद सुलझ गए हैं। लोगों ने शांति का रास्ता चुना है और विकास को प्राथमिकता दी है। लंबे समय से जारी जातीय हिंसा के बावजूद राज्य का दौरा ना करने को लेकर विपक्ष की तीखी आलोचना झेल रहे प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र के प्रयासों के नतीजे मिलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि हाल ही में पहाड़ी और घाटी में... विभिन्न समूहों के साथ समझौतों पर बातचीत हुई है। ये भारत सरकार के संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति स्थापित करने के प्रयासों का हिस्सा हैं। मैं सभी संगठनों से शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की अपील करता हूँ। मैं आपके साथ हूं... भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है। हम मणिपुर को शांति, समृद्धि और प्रगति का प्रतीक बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं।

राज्य के विकास के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पहले दिल्ली में लिए गए फैसलों को यहां तक पहुंचने में दशकों लग जाते थे, लेकिन अब मणिपुर देश के बाकी हिस्सों के साथ-साथ प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले पहाड़ी और आदिवासी इलाकों में अच्छे स्कूल और अस्पताल सिर्फ एक सपना हुआ करते थे।

विस्थापित लोगों से मिले, केंद्र की ओर से हर संभव मदद का दिया भरोसा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर की राजधानी इंफाल के ऐतिहासिक कांगला किला परिसर में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के एक वर्ग से बातचीत की। मोदी ने आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) की चिंताएं सुनीं और उन्हें राज्य में शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने में केंद्र सरकार से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के मुताबिक, इससे पहले प्रधानमंत्री ने चूड़ाचांदपुर के पीस ग्राउंड में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले, मैंने एक राहत शिविर में हिंसा प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उनसे मिलने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास की एक नई सुबह उभर रही है।

कई विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला

मोदी ने इस समारोह में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मणिपुर के लोगों खासकर पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन को और बेहतर बनाएंगी। मोदी ने कहा कि मणिपुर नाम में ही 'मणि' है और यही वह रत्न है जो आने वाले समय में पूरे पूर्वोत्तर में चमकेगा। केंद्र सरकार मणिपुर को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी प्रयास के तहत, मैं आज आप सभी के बीच उपस्थित हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंफाल से सड़क मार्ग से लगभग 60 किलोमीटर दूर चूड़ाचांदपुर जाते समय उन्हें जो प्यार मिला, उसे वह कभी नहीं भूल सकते।

नेपाल के पूर्व पीएम ओली के खिलाफ एफआईआर

काठमांडु, एजेंसी

- ओली पर प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवाने का आरोप
- आज अंतरिम सरकार के कैबिनेट विस्तार की संभावना

नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश रहीं सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के अस्तित्व में आने के बाद जेन जी पीढ़ी के युवाओं द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर गोलीबारी का आदेश देने के आरोप में निवर्तमान प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य और कांग्रेस सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कपिलवस्तु के मुख्य जिला अधिकारी दिल कुमार तमांग के माध्यम से मेट्रोपॉलिटन पुलिस सर्कल, न्यू बनेश्वर में शिकायत दर्ज कराई है।

इस बीच नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की रविवार को कैबिनेट का विस्तार कर सकती हैं। शनिवार को वह दिनभर जेन जी प्रतिनिधियों और अन्य लोगों के साथ विचार-विमर्श में जुटी रहीं। कार्की के करीबी सूत्रों का कहना है कि रविवार तक मंत्रिमंडल सहयोगियों के नाम पर फैसला होने के बाद कल ही शपथग्रहण कराया जा सकता है। स्कूलों को जल्द खोलने का फैसला लिया गया है, खासकर उन स्कूलों को जिसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, उनमें कल से पढ़ाई शुरू होगी।

इस बीच कार्की ने साफ किया है कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को चुनाव लड़ने से नहीं रोकेंगी। संभव है कि उनकी कैबिनेट में कुलमन घीसिंग, बालेंद्र शाह बालेन और सुमाना श्रेष्ठ को शामिल किया जाए। पीएम पद की दौड़ में बिजली बोर्ड के पूर्व सीईओ घीसिंग और काठमांडू के मेयर बालेन भी शामिल थे। सुमाना पूर्व शिक्षा मंत्री हैं। कहा जा रहा है कि अंतरिम सरकार में जेन जी का कोई प्रतिनिधि नहीं होगा। हालांकि जेन जी ने कहा कि वह अंतरिम सरकार के कामकाज पर कड़ी निगाह रखेंगे।

प्रदर्शन में महत्वपूर्ण न्यायिक रिकॉर्ड नष्ट

काठमांडू। नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि देश के न्यायिक इतिहास का हिस्सा रहे महत्वपूर्ण दस्तावेज हाल ही में हुए छात्रों के नेतृत्व वाले सरकार विरोधी प्रदर्शनों में लगभग नष्ट हो गए। हालांकि, न्यायालय ने जल्द कामकाज फिर से शुरू करने का संकल्प जताया है। प्रधान न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत ने कहा कि हम हर परिस्थिति में न्याय के मार्ग पर अडिग और दृढ़ हैं। समाचार पोर्टल माय रिपब्लिका में शनिवार को प्रधान न्यायाधीश के हवाले से कहा गया कि हम नागरिकों की न्याय की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए जल्द से जल्द अदालती कामकाज फिर से शुरू करने का संकल्प लेते हैं।

ब्रीफ न्यूज

वक्फ पर 15 सितंबर को अंतरिम आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट 15 सितंबर को तीन प्रमुख मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुनाएगा, जिसमें अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। ये बिंदु वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सामने आए थे। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के बाद 22 मई को इन मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था।

बारिश के कारण वैष्णो देवी यात्रा फिर स्थगित

जम्मू। माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार बारिश होने के कारण अगले आदेश तक फिर से स्थगित कर दी गई है। श्राइन बोर्ड ने शनिवार को यह जानकारी दी। माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा 19 दिन तक स्थगित रहने के बाद रविवार को फिर से शुरू होने वाली थी। तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन हो जाने के बाद यात्रा 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी।

पद्म विभूषण छन्नू लाल मिश्र अस्पताल में भर्ती

मिर्जापुर। भारतीय शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञ पद्म विभूषण छन्नू लाल मिश्र को उपचार के लिए यहां राम कृष्ण मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपशास्त्रीय संगीत गायन में मशहूर पद्म विभूषण से सम्मानित छन्नू लाल मिश्रा (89) को हीमोग्लोबिन की कमी और 'बेड सोल' की समस्या के कारण उपचार की जरूरत पड़ी। मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम छन्नू लाल मिश्रा की देखभाल कर रही है।

चेन्नई में होगा पांचवां तटरक्षक सम्मेलन

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सहयोग के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को आगे बढ़ाते हुए भारत वर्ष 2027 में चेन्नई में पांचवें तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि 11 और 12 सितंबर को इटली में चौथे तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व तटरक्षक संगोष्ठी भी होगी।

एसआईआर पर सुप्रीम निर्देश आयोग के कामकाज में दखल

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग बोला-वोटर लिस्ट बनाना और बदलना सिर्फ हमारा काम
- सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका पर आयोग ने दाखिल किया जवाब

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि पूरे देश में नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का कोई भी निर्देश आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण होगा। शीर्ष अदालत में दायर एक जवाबी हलफनामे में आयोग ने कहा कि किसी अन्य प्राधिकरण के हस्तक्षेप के बिना संशोधन की नीति पर उसका पूर्ण विवेकाधिकार है।

आयोग ने कहा कि बिहार को छोड़कर, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को संबोधित अपने 5 जुलाई, 2025 के पत्र के माध्यम से आयोग ने 1 जनवरी, 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों के एसआईआर के लिए तत्काल पूर्व-संशोधन गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया है। हलफनामे में कहा गया है कि आयोग को मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन की निगरानी के लिए संवैधानिक एवं वैधानिक शक्तियां प्राप्त हैं। इसमें कहा गया कि देश भर में नियमित अंतराल पर एसआईआर आयोजित करने का कोई भी निर्देश आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण होगा। हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया है, जिन्होंने आयोग को पूरे भारत में, विशेष रूप से चुनावों से पहले, नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का एसआईआर कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल भारतीय नागरिक ही देश की राजनीति और नीति के संबंध में निर्णय लें।

आठ सितंबर को न्यायालय ने निर्देश दिया था कि बिहार में मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया में मतदाताओं के पहचान प्रमाण के रूप में आधार कार्ड को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। 9 सितंबर तक इस आदेश को लागू करने का निर्देश दिया था। अपने जवाबी हलफनामे में आयोग ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत संसद और राज्यों की विधानसभा चुनावों के सिलसिले में मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन की निगरानी, निर्देशन और नियंत्रण आयोग पर निर्भर है। हलफनामे में कहा गया है कि उक्त संवैधानिक प्रावधान मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने से संबंधित सभी मामलों में आयोग के पूर्ण अधिकार का आधार है।

औद्योगिक प्लॉटो में एससी एसटी को 10 % आरक्षण

लखनऊ। राज्य सरकार ने औद्योगिक प्लॉटो और शेड्स के आवंटन में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। प्लाट का आरक्षित मूल्य पश्चिमांचल में सबसे ज्यादा और सबसे कम पूर्वांचल व बुंदेलखंड में तय किया गया है।

प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए नई औद्योगिक प्रबंधन नीति 2025 में एससी और एसटी वर्ग के लिए आरक्षण का लाभ सभी क्षेत्रों पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में समान रूप से लागू किया है। पहली बार आवंटन के लिए ई-नीलामी प्रणाली लागू की है। नई नीति के तहत पश्चिमांचल क्षेत्र में प्लॉट का न्यूनतम मूल्य तीन हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर, मध्यांचल में ढाई हजार और पूर्वांचल व बुंदेलखंड में दो हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर तय किया गया है।

भारत ने रचा इतिहास

बील (स्विटजरलैंड)। भारत ने पहली बार डेविस कप क्वालीफायर्स में प्रवेश कर लिया है। सुमित नागल ने विश्व ग्रुप वन मुकाबले में स्विटजरलैंड के हेनरी बर्नेट को पहले उलट एकल में शनिवार को हराकर भारत को 3-1 से जीत दिलाई। नागल को चौथे मुकाबले में जेरोम किम से खेलना था, लेकिन स्विस टीम ने मौजूदा जूनियर ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बर्नेट को उतारा जो 1-6, 3-6 से हार गए।

ब्रिटेन में सिख युवती के साथ दरिंदगी

- दो गोरों ने दिनदहाड़े किया रेप, नस्लीय धमकी

लंदन। ब्रिटेन में 20 साल की सिख युवती के साथ दरिंदगी का करने मामला सामने आया है। ओल्डबरी में दो पुरुषों ने उसके साथ रेप किया और उसे नस्लीय गालिया दीं। उसे अपने देश वापस चली जाओ की धमकी भी दी गई। पुलिस ने इसे नस्लीय हमला मानते हुए जांच शुरू की है। अधिकारियों ने बताया कि यह वारदात बीते मंगलवार को सुबह लगभग 8.30 बजे के करीब टेम रोड के पास हुई। ब्रिटेन पुलिस ने दुष्कर्म के बारे में सूचना देने के लिए शुक्रवार को एक अपील जारी की। पुलिस ने इस घटना के बारे में कहा कि इसे 'नस्ली रूप से उकसाया गया हमला' माना जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 20 वर्षीय ब्रिटिश सिख महिला ने शिकायत की थी कि इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के सैंडवेल इलाके में ओल्डबरी की टेम रोड पर उसपर यौन हमला किया गया। बताया जा रहा है कि दो गोरे पुरुष संदिग्धों ने महिला को निशाना बनाया और हमले के दौरान नस्लवादी टिप्पणी की।

वीडियो को लेकर कांग्रेस पर प्राथमिकी

- प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां पर बनाई थी वीडियो

नई दिल्ली। कांग्रेस की बिहार इकाई द्वारा अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किए गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मां के एआई निर्मित डीपफेक वीडियो को लेकर एक भाजपा कार्यकर्ता की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की। प्रदेश भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक संकेत गुप्ता ने शुक्रवार को नॉर्थ एवेन्यू पुलिस थाने में इस सिलसिले में शिकायत दर्ज कराई। जिसमें आरोप लगाया कि वीडियो ने प्रधानमंत्री की छवि को धूमिल किया है तथा कानून, नैतिकता का उल्लंघन किया गया और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। यह वीडियो 10 सितंबर को पोस्ट की गई थी।

पीटीआर के जंगल में चीतल का किया शिकार, चार शिकारियों को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चीतल का मांस, खाल और सींग समेत बाइक बरामद
- माला रेंज में सूचना मिलने पर वन कर्मियों ने की कार्रवाई

अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में चीतल का शिकार करने पर वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर चार शिकारियों को पकड़ लिया, जबकि उनके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। शिकारियों के पास से चीतल का मांस, खाल, कुल्हाड़ी, सींग और एक बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए शिकारियों के विरुद्ध वन्यजीव अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

माला रेंज के वन दरोगा सुमित कुमार, वन रक्षक सचिन सिंह और ह्रदेश कुमार पटेल शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे भैरो बीट के माला कंपार्टमेंट 128 सी में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान टीम को मुखबिर से शिकारियों द्वारा अवैध शिकार करने की सूचना मिली। टीम ने संबंधित स्थान पर घेराबंदी की। इस बीच कुछ लोग जंगल से चीतल का शिकार कर ले जा रहे थे। सभी अपने हाथों में प्लास्टिक के बैग लिए हुए थे। नजदीक आते ही टीम ने घेराबंदी कर चार शिकारियों को पकड़ लिया, जबकि तीन शिकारी भाग निकले। पकड़े गए शिकारियों के हाथ में प्लास्टिक के बैग में चीतल का मांस, बांका और कुल्हाड़ी बरामद की गई। तलाश के दौरान दो अलग-अलग बैगों में 500-500 ग्राम चीतल का मांस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम शिव कुमार उर्फ छोटे पुत्र गिरधारी, भूरा पुत्र गयाप्रसाद निवासी गांव भैरोकलां थाना माधोटांडा, रीतराम पुत्र भोलेराम निवासी गांव संडई, थाना माधोटांडा और रामपाल पुत्र राम विलास निवासी गांव हरनाई थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर बताया। पूछताछ के बाद शिकारियों द्वारा बताए गए स्थान पर एक बाइक, नर चीतल की खाल और सींग बरामद किए गए।

स्वास्थ्य | मुख्यमंत्री ने राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस पर दी कई सौगातें

राष्ट्रहित में लिया गया निर्णय ही हमारी संस्कृति : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा-काल की गति से दो कदम आगे चलें, वरना समय पीछे छोड़ देगा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र और जनहित में लिया गया निर्णय ही हमारी असली संस्कृति है। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्थान व्यापक दृष्टिकोण से समय के अनुरूप निर्णय लेता है, तो वह सिर्फ प्रगति नहीं करता, बल्कि समाज के लिए दिशा-निर्देशक बनता है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएल) इसका जीवंत उदाहरण है। जिसने 19 वर्षों में 20 बेड से बढ़कर 1375 बेड का विस्तार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने 298 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 50 करोड़ की गामा नाइफ मशीन और प्रदेश के पहले एडवांस्ड न्यूरो साइंसेज सेंटर की शुरुआत भी शामिल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और व्यक्ति की गति काल की गति है। यदि हम काल की गति से दो कदम आगे नहीं चलेंगे, तो काल की चपेट में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि आरएमएल संस्थान ने पांच वर्षों में यूपी के टॉप तीन चिकित्सा संस्थानों में स्थान बनाया है। जहां केजीएमयू 110 वर्ष पुराना है, एसजीपीजीआई चार दशकों से कार्यरत है, वहीं आरएमएल ने सिर्फ कुछ वर्षों में यह मुकाम पाया है। इससे स्पष्ट होता है कि नेतृत्व और दिशा सही है। सीएम ने कहा कि आज के युग के अनुरूप हमें हर क्षेत्र में खुद को तैयार करना होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान पीएचसी, सीएचसी में आरोग्य मेले लगेंगे। आरएमएल को भी इसमें हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वरण शरण सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह आदि उपस्थित थे।

आरएमएल संस्थान के 5वें स्थापना दिवस पर चिकित्सक का सम्मान करते मुख्यमंत्री योगी।

न्यूज ब्रीफ

बाढ़ पीड़ितों को बांटी गई राहत सामग्री

तिलहर, अमृत विचार : तिलहर विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए प्रशासन व जनप्रतिनिधि सक्रिय नजर आए। शनिवार को तहसीलदार दीपेंद्र कुमार ने क्षेत्र कानूनगो और लेखपाल के साथ इसुरा गांव पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर विधायक सलोना कुशवाहा के समर्थक मानवेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर में बाढ़ प्रभावित 45 परिवारों को राशन किटें वितरित की गईं। विधायक सलोना कुशवाहा ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को डबल इंजन की सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बीमारों के लिए स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था भी की गई है और आवश्यकतानुसार दवाइयां समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

हादसे में एक युवक की मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव वरुआ पट्टी सेनानायक गांव के सामने शनिवार की दोपहर बाद एक टमाटर से भरे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पर भेजा गया, जहां युवक की युवक मौत हो गयी। टक्कर लगने के बाद सड़क पर ट्रक पलट गया और टमाटर सड़क पर फैल गया। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चार वारंटी गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट से अभियुक्त प्रदीप, रेखा, किरन, आरती निवासी अजीजगंज के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने चारों वारंटियों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। टीम में महिला उप निरीक्षक पारुल, हेड कांस्टेबल, जशोदा, अंशुल, रवि शंकर आदि थे।

सुखदेव की गला दबाकर हत्या

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मदनापुर थाना क्षेत्र में सुखदेव का शव खेत में मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की गयी है। उसके शरीर में चोट के निशान पाए गए है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव रपटा मघटोरा निवासी सुखदेव का शव शुक्रवार की दोपहर मदनापुर क्षेत्र के गांव मझौला में खेत में मिला था। उसका गला अगौछा से कसा हुआ था और चेहरे पर चोट के निशान थे। परिवार वालों का आरोप है कि शुक्रवार की सुबह खेत से कुछ लोग बुलाकर ले गए थे। आरोप है कि उसकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया है। मृतक की मां किशोरी देवी ने थाना पर नाजमजद तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

राजपरिवार के लाल ने किया कमाल, बढ़ाया जनपद का मान

48वें उत्तर प्रदेश राज्य निशानेबाजी में पुवायां नगर के अक्षय सिंह को मिला रजत पदक

संवाददाता पुवायां

अमृत विचार: राजपरिवार के युवराज ने उत्तर प्रदेश राज्य निशानेबाजी की 48वीं प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर जिले का सम्मान में चार चांद लगाने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए समर्थ हो गए।

पिछले सप्ताह जयपुर उत्तर प्रदेश राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता 2025 हुई। जिसमें देशभर के तमाम खिलाड़ियों ने भाग लेकर शूटिंग में अपना दम दिखाया। इस दौरान मूल रूप से पुवायां नगर निवासी अक्षय सिंह ने शॉट गन खेल में रजत पदक हासिल किया। इस जीत के बाद अब वह राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए समर्थ हो गए हैं। जिसके बाद राजस्थान सरकार के युवा खेल विभाग के कैबिनेट मंत्री व निशानेबाजी में भारत के सर्वप्रथम

निशानेबाजी करते अक्षय सिंह।

ओलंपिक पदक विजेता राज्यवर्धन सिंह राठौर ने मेडल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। विगत माह उन्होंने दिल्ली में आयोजित प्री-स्टेट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। मूलतः शाहजहांपुर के वह एकमात्र निशानेबाज हैं। जनपद के युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने बताया कि शूटिंग खेल में अपना हाथ आजमाकर अपना भविष्य सुंदर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता स्व. अभय सिंह व उनके चाचा स्व. जय सिंह भी निशानेबाजी की कई प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। उन्होंने यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन के आभार व्यक्त किया है। उनकी इस सफलता से उनके शुभचिंतकों व नगरवासियों में खुशी की लहर है। सभी ने फोन कर उन्हें शुभकामना देना शुरू कर दिया है।

पिता की प्रेरणा से शुरू की निशानेबाजी

नगर के मोहल्ला गढ़ी राजभवन निवासी युवराज अक्षय सिंह ने बताया कि उन्हें बचपन से ही निशानेबाजी का शौक था, लेकिन पढ़ाई और विदेश में रहने के चलते उनका यह शौक पूरा नहीं हो सका। पिता स्व. अभय सिंह ने भी लखनऊ में रहते हुए तमाम प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर जीत हासिल की और कई मेडल लिए। उन्हीं से प्रेरित रहते हुए विदेश से वापस लौटने पर अक्षय सिंह ने दोबारा निशानेबाजी शुरू की और महज तीन वर्षों के प्रयास के दौरान ही कई मेडल हासिल कर नगर व जनपद के मान बढ़ाया। इतिहास के पन्नों में दर्ज पुवायां के राजपरिवार की धाक आज भी क्षेत्र में दिखती है। क्योंकि जहां देश के तमाम राजवाड़े समाप्त हो गए या समाप्त होने की कगार पर आ गए हैं, वहीं राजपरिवार की पुवायां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी धमक है। नगर में हर वर्ष लगने वाला रामलीला मेला भी राजपरिवार की ओर से अपनी ही भूमि में संचालित किया जाता है। राजपरिवार के सदस्यों को पुवायां पहुंचने पर आज भी लोग उन्हें उसी सम्मान से नवाजते हैं।

विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस पर गोष्ठी

शाहजहांपुर, अमृत विचार: रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय में विश्व प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा दिवस पर एक विचार गोष्ठी हुई।

रेड क्रॉस के सचिव डॉ.विजय जौहरी ने बताया विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस, अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज की पहल है, जिसकी शुरुआत 2000 में हुई थी और यह हर साल सितंबर के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य प्राथमिक चिकित्सा के महत्व को बढ़ावा देना और लोगों को आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयार करना है। 2025 में विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस का विषय प्राथमिक चिकित्सा और जलवायु परिवर्तन है, जो बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों के मद्देनजर समुदायों को आपात स्थितियों के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर देता है। डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि शीघ्र ही जनपद में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें आपातकालीन स्थिति में कौशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाना है। बैठक में डॉ.जिया खान,डॉ. नवीन,आशीष श्रीवास्तव,अग्रज जौहरी,अवनीश सक्सेना,पवन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

वाल्मीकि प्रकाश पर्व पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : भगवान वाल्मीकि प्रकाश पर्व पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र भेजा है। जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों महिला पदाधिकारी राजीव भवन टाउनहॉल से पैदल यात्रा करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। वहां जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने भगवान वाल्मीकि प्रकाश पर्व पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक राशिद अली को दिया। भगवान वाल्मीकि भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक है। उनके प्रकाश पर्व को विश्वभर में बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। प्रदेश में पहले सार्वजनिक अवकाश होता था, किंतु वर्ष 2017 में उक्त अवकाश को समाप्त कर दिया गया। आठ साल बाद भी इसे पुनः बहाल नहीं किया गया है, जिससे समाज में गहरी निराशा है। भगवान वाल्मीकि

एडीएम न्यायिक राशिद अली खान को ज्ञापन सौंपतीं अर्चना वाल्मीकि।

के प्रकाश पर्व को केवल किसी एक प्रदेश तक सीमित न रखते हुए, इसे राष्ट्रीय अवकाश के रूप में घोषित किया जाए। यह निर्णय करोड़ों अनुयायियों की भावनाओं एवं आस्थाओं का सम्मान होगा। इस मौके महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम ,बिंदेश्वरी राज एडवोकेट रानी गुड़िया ,संजना, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, राष्ट्रीय छात्र संगठन के महानगर उपाध्यक्ष रोहित जाट, सोनम, राधा, पूर्व सभासद मंगला देवी ,अनुभव कटारिया आदि शामिल रहे।

ओएमआर शीट पर लिया गया निपुण मॉक टेस्ट

परीक्षा का निरीक्षण करतीं बीएसए दिव्या गुप्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: जिले में संचालित परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक स्तर में सुधार किए जाने के क्रम में निपुण मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को ब्लैकबोर्ड पर प्रश्नपत्र के माध्यम से और कक्षा 6 से 8 तक ओएमआरशीट से परीक्षा कराई गई। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षणरत छात्रों 2,51,030 में लगभग 83 फीसदी छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। डीएम, सीडीओ के निर्देशन के क्रम में परिषदीय विद्यालयों में बीएसए दिव्या गुप्ता के पर्यवेक्षण में द्वितीय मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन वृहद स्तर पर आयोजित किया गया। विद्यालयों में अभियान चलाकर जिला समन्वयक, खंड शिक्षाधिकारी, एसआरजी एवं एआरपी एवं जिला समन्वयक रोहित सिंह की ओर से निरन्तर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया। साथ ही परीक्षा में प्राचार्य डायट सोनिया गुप्ता अपने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि अभियुक्त अनूप निवासी परशरामपुर थाना कटरा के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जो फरार चल रहा था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

सेवा पखवाड़ा के तहत बनाई रूपरेखा

कलान, अमृत विचार : डवाकारा भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए की गई। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 से लेकर 2 अक्टूबर तक चलेंगे।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री एवं डीसीबी चेयरमैन रमाकांत मिश्रा ने बताया कि जनता से जुड़े विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्षता अजय प्रताप सिंह ने की। नगर पंचायत कलान के चेयरमैन हरनारायन गुप्ता, राम गोपाल वर्मा, सौरभ कश्यप, संदीप गुर्जर, दिनेश गुप्ता, रामकुमार मीठे, मुकेश गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम बाबू गुप्ता, मंडल महामंत्री राघवेंद्र मिश्रा, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष मंजू सिंह मौजूद रहे।

हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान है

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **रंगोली, भाषण, नृत्य, गायन वाद-विवाद और काव्य पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित**
- **मुख्य अतिथि हरिप्रताप सिंह राठौड़ ने कहा-हिंदी जन-जन को जोड़ने वाली कड़ी है**

अमृत विचार : वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय बंथरा में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरिप्रताप सिंह राठौड़ ने हिंदी भाषा पर व्याख्यान देते हुए कहा हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का आधार है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे हिंदी को अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक प्रयोग करें और मातृभाषा पर गर्व करें। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई।

मेडिकल कॉलेज के डीन / प्राचार्य डॉ. आरएन शुक्ला ने कहा हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि हिंदी हमारे गौरव और अस्मिता की पहचान है। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीश मिश्रा और मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. वंदना मिश्रा ने भी हिंदी भाषा के महत्व और इसके गौरवशाली कालखंड पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पैरामेडिकल, फोरेंसिक और मैनेजमेंट कॉलेज के विद्यार्थियों ने विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं में रंगोली में मेडिकल कॉलेज प्रथम, फॉरेंसिक कॉलेज द्वितीय और फार्मेसी कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे। काव्यपाठ

चिार रखते मुख्य अतिथि।

हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ और छात्र।

प्रतियोगिता में योगेश प्रताप सिंह (बीफार्मा) प्रथम, टियारा अरोरा (एमबीबीएस) द्वितीय और उत्कर्ष त्रिपाठी (पीजी) तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रकाश विश्वास (डीफार्मा) प्रथम और शिखा तिवारी (एमबीबीएस) द्वितीय रहीं। गायन प्रतियोगिता में प्रद्युम्न पांडे (मेडिकल कॉलेज) प्रथम, आवंतिका सक्सेना (मेडिकल कॉलेज) द्वितीय और शशांक व महक (नर्सिंग कॉलेज) तृतीय स्थान पर रहे।

नृत्य प्रतियोगिता में सुमित मिश्रा (डीफार्मा) प्रथम, फोरेंसिक ग्रुप द्वितीय और प्रांशी (डीफार्मा) तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र गुप्ता और प्रिया उपाध्याय ने किया। समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. अनिल पाल ने मुख्य अतिथि व फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य सहित सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस मौके पर मानौना धाम आंवला के मुख्य सेवादार अखिलेश चौहान, राजेश गुप्ता, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विधायक ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस

शोक संवेदना प्रकट करते विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचार: सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत और प्रधान की मौत के बाद विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

दो दिन पूर्व बीसलपुर के पास हुए सड़क हादसे में पुवायां के गांव टकेली निवासी प्रवीण, उनकी मां सुशीला और पुत्र यश की मौत हो गई थी। शुक्रवार को तीनों के शव घर पहुंचे, जहां गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक चेतराम उनके घर पहुंचे और मृतक के भाई रिंकू व परिजनों से मिलकर उन्हें हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक गांव बेला छेदा पहुंचे, जहां ग्राम प्रधान सुरेंद्र तिवारी की आकस्मिक मौत के बाद परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान उनके साथ अन्य कार्यकर्ता रहे।

प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय के निधन पर शिक्षकों में शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता,शाहजहांपुर

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट की एक शोकसभा स्थानीय कार्यालय पर हुई। जिसमें संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शोकसभा में

संतोष कुमार पांडेय

बोलते हुए जिलामंत्री गौरव पांडेय ने उन्हें महान शिक्षाविद और शिक्षकों के हितों के लिए समर्पित जुझारू शिक्षक नेता बताया। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, प्रवक्ता अनिल मालवीय, उपाध्यक्ष संजय कपूर, कोषाध्यक्ष राजीव सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष शाइस्ता नसीम, डा. अमीर सिंह,शैलेंद्र दुबे, पूनम रानी, अल्पना सिंह, अनुपमा मौर्य, डा. सरिता गुप्ता, दीपशिखा त्रिपाठी मिसबहुद्दीन आदि मौजूद रहे। इसके बाद दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई । बता दें संतोष कुमार पांडेय का जन्म 27 नवंबर 1943 ग्राम रेहरिया तहसील पुवायां में हुआ था। स्काउटिंग संस्था के मुख्ययुक्त रहे. धर्मानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक रहे वर्तमान में डा.सुदामा प्रसाद विद्यालय की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के पद पर आसीन थे।

शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखा

शाहजहांपुर,अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडे के निधन पर मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपुरा में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक आदि उपस्थित रहे। शोक सभा की अध्यक्षता मदरसा नुरुल हुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने संतोष कुमार पांडे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान साजिद अली खान, ममनून खान, सैयद कामरान हुसैन, मोईन खान, जाहिद खान, इजहार हसन, जहूर अहमद,सहित अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। शोक सभा में मौजूद लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

न्यूज डायरी

सहयोग संस्था ने मुख्य विकास अधिकारी के नाम से लगाए पौधे

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जनपद की समाजसेवी सहयोग संस्था शाहजहांपुर के पदाधिकारियो ने राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी के नाम से अपराजिता के 26 पौधे लगाए , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता का संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज खान एडवोकेट ने पुष्प गुच्छ व संस्था के नाम का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। दिव्या गुप्ता ने कहा कि संस्था की ओर से किए जा रहे सभी कार्य प्रशंसनीय है। संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता व महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि हमने अभी जल्द में मुख्य विकास अधिकारी महोदया की एक पोस्ट देखी थी जिसमें उन्होंने इस स्थान पर पौधे लगाने के लिए कहा था इसलिए हम लोगों ने इस प्रांगण में टोटल अपराजिता के पौधे लगाए हैं। कार्यक्रम में संस्था की डायरेक्टर शालू यादव, तराना जमाल, स्तुति गुप्ता, नुजहत अंजुम, ममता यादव, संगीता गुप्ता, राजविंदर सिंह राजा, हरजीत सिंह, शिवम वर्मा, अभिषेक पांडे, श्रीकांत दीक्षित, वेदपाल, सबाब आदि सभी उपस्थित रहे।

चौथे दिन फायरिंग का अभ्यास कराया

शाहजहांपुर,अमृत विचार : कैंट में 25 यूपी बटालियन की ओर से आयोजित एनसीसी कैंप का शनिवार को चौथा दिन रहा। उक्त कैंप में छात्रों को सुबह दैनिक शारीरिक व्यायाम कैंप मैंटेनेंस कराया गया। इसके बाद कैडेट्स को पॉइंट 22 राइफल से फायरिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया। एनसीसी डायरेक्टरेट उत्तर प्रदेश के चयनित कैडेट्स जिन्होने दिल्ली में आयोजित हुए थल सेना कैंप में भाग लिया, उनका सम्मान किया गया और उन्हें 25 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल संग्राम सिंह चीमा और एडम अधिकारी कर्नल आनंद शर्मा ने मोमेंटो प्रदान किए।

पौधरोपण किया

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पर्यावरण संरक्षण के लिए सामाजिक सहभागिता की मिसाल पेश करते हुए सत्यानंद हास्पिटल परिवार एवं उनके सहयोगियों द्वारा कांट ब्लॉक के जरावन, कोठा, जशनपुर, बरेडा, मिठाह, भेस्टा खुर्द सहित कई गांवों में पौधरोपण किया गया। जिसकी शुरुआत सत्यानंद हॉस्पिटल के मालिक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा व डॉ .आनंद प्रकाश मिश्र ने किया। डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना रहा बल्कि लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन, छाया और हरियाली प्रदान करना भी रहा। ट्री गार्ड लगाए जाने से पौधों की दीर्घायु सुनिश्चित हो सकेगी। इस दौरान डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, डॉ. आनंद प्रकाश मिश्रा, विश्वप्रकाश, जयशंकर दीक्षित , तरुण यादव, जयपाल यादव , मुन्ना सिंह , उमाकांत , सजंय, बृजपाल सिंह यादव सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा।

ज्यादा से ज्यादा सीखें बच्चे

शाहजहांपुर,अमृत विचार : संकल्प भारत शोध न्यास की ओर से लीड कॉन्वेंट स्कूल में संकल्प प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। प्रधानाचार्या तराना जमाल ने कहा बच्चों में जिज्ञासा बहुत होती है, उनकी जिज्ञासा को शांत किया जाना जरूरी है। जितनी कम उम्र से वह अधिक से अधिक विषयों के बारे में जानना शुरू करेंगे उनकी रुचि उतनी ज्यादा बढ़ेगी। संकल्प के संस्थापक डॉ. स्वप्निल यादव ने बताया इस प्रतियोगिता में हम छात्र- छात्राओं से सामान्य अध्ययन के विषयों जैसे इतिहास, भूगोल, विज्ञान, राजनीति के सामान्य सवाल ही पूछते हैं, जिससे बच्चे अपने समाज के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें। प्रतियोगिता संयोजक अनुराग यादव ने बताया बच्चों में नए विषयों को जानने की उत्सुकता बहुत होती है जो प्रतियोगिता के दौरान देखने को मिलती है। प्रतियोगिता संपन्न कराने में न्यास के सदस्य समर यादव, जाहिद आलम, शिक्षक दीपक दीक्षित, तरन्नुम आजमी का सहयोग रहा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

हर्षिल हॉस्पिटल
क्रिटिकल केयर एण्ड पेन सेन्टर
डॉ. हिमांशू वर्मा
MBBS, MD, FICM, FIPM
क्रिटिकल केयर एवं पेन फिजिशियन
Advanced ICU & OT 24x7 Emergency Operation | TPA/कैशलेस की सुविधा उपलब्ध
पता:- प्लाट नं. 4 राघव पेट्रोल पम्प के सामने, बुखारा, बरेली
Mob : 9458702280, 8937810741

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रात: 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

न्यूज ब्रीफ

घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सीतापुर रोड पर जहानीखेड़ा गांव के सामने किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया, उसने मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हरदोई जिले के मझिला थाना क्षेत्र के गांव कुलगावां निवासी पुष्पेंद्र दिल्ली की एक कंपनी में नौकरी करता था। उसके साथी सूरज का एक हाथ टूट गया था। वह उसे अपने घर ले आया था और उसका इलाज सीतापुर में चल रहा था। पुष्पेंद्र के पिता गोकुल (55) बेटे के दोस्त सूरज को बाइक पर बैठाकर सीतापुर दवा लेने के लिए गए थे। सोमवार की शाम दोनों लोग बाइक से सीतापुर से लौट रहे थे। सीतापुर मार्ग पर जहानीखेड़ा गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे सूरज की मौके पर मौत हो गई थी। घायल गोकुल को यहां मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

देवताओं पर टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति की ओर से धार्मिक अभद्र टिप्पणी के बाद युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन शहर की एक व्यापारी द्वारा हिंदू देवी देवताओं के लिए गंदी-गंदी गालियां और अभद्र भाषा का प्रयोग किया किए जाने के विरोध में विश्व हिन्दू महासंघ भारत युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ठाकुर राजन सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ एसपी राजेश द्विवेदी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग उठाई। इस मौके ठाकुर राजन सिंह जिलाध्यक्ष, शैलेन्द्र सक्सेना मंडल मीडिया प्रभारी, सुनील कुमार जिला महामंत्री, विक्रम सिंह कुशवाह जिला प्रभारी, बलराम सिंह जिला संयोजक, पवन कुमार जिला उपाध्यक्ष, आलोक कुमार वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, आजाद सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक भी शिकायत का नहीं हुआ निस्तारण

तिलहर, अमृत विचार : थाना दिवस एसडीएम रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों की कुल तीन शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। एसडीएम ने सबसे पहले पुरानी शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जमीन के विवाद व चक रोड विवाद संबंधी मामले प्रमुख रहे। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को मौके पर पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव, क्राइम प्रभारी दिनेश कुमार सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम ने अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिया किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए।

धार्मिक ग्रंथ पर टिप्पणी से माहौल खराब करने की बड़ी साजिश

तह तक जाने में जुटी पुलिस, आरोपी केके दीक्षित से की गई गहन पूछताछ, आपत्तिजनक टिप्पणी पर महिला भी हिरासत में, पुलिस कर रही पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: धार्मिक ग्रंथ पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद शनिवार को शहर भर में सतर्कता बरती गई। सावधानी के तौर पर जामा मस्जिद के पास पुलिस बल तैनात रही। पुलिस ने आरोपी केके दीक्षित से गहन पूछताछ की। दूसरी ओर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली एक महिला को भी गिरफ्तार कर लिया। आशंका है कि यह टिप्पणी माहौल बिगाड़ने की बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकती है। जिसकी तह तक जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस सतर्कता बढ़ा दी है। शनिवार को इस टिप्पणी की खबर फैलते ही शहर के कई हिस्सों में हलचल बढ़ गई। जामा मस्जिद क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस सूत्रों के अनुसार आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर डाली गई थी, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। मामले में शामिल आरोपी से गहन पूछताछ की गई है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

शुक्रवार रात युवक ने धार्मिक ग्रंथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। जिससे समुदाय के

पुलिस हिरासत में आरोपी केके दीक्षित।

● शनिवार को जामा मस्जिद के पास तैनात रही भारी फोर्स

विशेष लोगों को ठेस पहुंची। शुक्रवार देर रात थाना सदर बाजार गेट पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे। इस बीच लोगों ने थाना कांट पर हंगामा कर दिया था। किसी ने पुलिस पर पत्थर पर मार दिया था। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके भीड़ को तितर-बितर किया था। पुलिस ने एक घंटे के अंदर स्थित को समझाकर काबू कर लिया था। इधर धसदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाडूजई पेशावरी निवासी सैयद कासिम रजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कृष्ण कुमार दीक्षित निवासी छोटी सब्जी मंडी बहादुरगंज थाना सदर बाजार ने फेसबुक पोस्ट पर पवित्र ग्रंथ के बारे में अभद्र टिप्पणी करके शुक्रवार की शाम वायरल की थी। लोगों ने इस पोस्ट को देखा, जिससे सबकी भावनाओं को ठेस पहुंची। आरोपी केके दीक्षित यह कृत्य जान बुझकर शहर की अमन शांति खराब करने का कृत्य किया है। इससे शहर के अमन भरे माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया है। शहर में दंगा भड़काने की साजिश है। इस पर राष्ट्र दोह लगाया जाना न्योचित होगा। आरोपी पर पहले से विभिन्न धाराओं के मुकदमें दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक ने आरोपी केके दीक्षित के खिलाफ विभन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और चालान कर जेल भेज दिया।

एसपी को ज्ञापन देते आते हुए शहर इमाम हुजूर अहमद मंजरी। ● अमृत विचार

एसपी से केके दीक्षित पर रासुका लगाने की मांग

शाहजहांपुर, अमृत विचार : शहर इमाम हुजूर अहमद मंजरी एसपी राजेश द्विवेदी से मिले और एक ज्ञापन दिया। उन्होंने मांग है कि आरोपी केके दीक्षित पर रासुगा लगाई जाए। उन्होंने कहा यह आपराधिधक प्रवृति का शातिर किस्म का व्यक्ति है। इस साजिश में उसके पीछे कई लोग शामिल लग रहे है। दूसरों की भावनाओं को सम्मान करना चाहिए और अमन चैन बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने मांग की है कि आरोपी केके दीक्षित के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जाए, मुल्क के अंदर बहुत सारे मजबम के लोग रहते है, सबके मजहब की धार्मिक पुस्तकें है, उन पर टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। धार्मिक गुरुओं के ऊपर अभ्रद भाषा बोलने वालों पर कानून बनाकर उसको करार वाकई सजा दी जाए। ज्ञापन देने वालों में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष राहत अली खां, गदियाना ईदगाह के इमाम हाफिज अनीस अंसारी, अशफाक अली खां, सैयद कासिम रजा, मौलाना अनीस रजा खां आदि मौजूद रहे।

विहिप प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: सदर बाजार थाना के सामने शुक्रवार रात हुए हंगामे को लेकर विश्व हिंदू परिषद की ओर से एसपी राजेश द्विवेदी को शिकायती पत्र दिया। पत्र में बताया सोशल मीडिया पर हिन्दू देवी देवताओं पर की गई टिप्पणियों पर विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की गई। पत्र में बताया थाना सदर बाजार क्षेत्र के एक व्यक्ति ने एक समुदाय के बारे में सोशल मीडिया पर टिप्पणी की, जिसे तत्काल गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही थी। उसी समय जनपद का माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से अराजक तत्वों ने थाना सदर बाजार के सामने एकत्र होकर अराजकता का माहौल तैयार कर देश विरोधी नारे लगाए गए विशेष समुदाय के लोगों द्वारा हिंदू समाज के आराध्यों को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई । जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इस प्रकार की घटना में संलिप्त लोगों

एसपी राजेश द्विवेदी को पत्र सौंपते हुए विहिप पदाधिकारी ● अमृत विचार

● विहिप विभाग मंत्री की ओर से कार्यवाही के दिया गया पत्र

के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया जाए। इससे पहले भी कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने कुरान को जलाया गया था और इसी प्रकार के अराजक तत्वों ने शहर का माहौल बिगड़ने के उद्देश्य से सड़क जाम लगाकर आगजन की कोशिश की थी। विश्व हिंदू परिषद ऐसे कृत्य की घोर निंदा करता हैं और प्रशासन से मांग करता है कि माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से थाने के सामने सुनियोजित तरीके से उपद्रव करके दंगा भड़काने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, घटना में शामिल उपद्रवियों व दंगाइयों को सीसीटीवी फुटेज द्वारा चिन्हित कर कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार से शहर का माहौल न बिगाड़ सके। इस प्रकार अशांति फैलाने की पुनरावृत्ति न हो, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों में अभिनव ओमर, अशनील सिंह, हरीश प्रजापति, धर्मेंद, प्रदीप प्रजापति, हर्षित गुप्ता, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाली महिला गिरफ्तार, दो की तलाश तेज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर विशेष समुदाय धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर पुलिस ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने महिला को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री अशनील सिंह ने बताया शुक्रवार की शाम आरोपी महिला लूबीना जुआ, मोहम्मद जमान खान और अर्श कुरैशी ने सोशल मीडिया पर फेसबुक पर एक विशेष समुदाय के देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट डालकर वीडियो वायरल की थी। विशेष समुदायों के लोगों को ठेस पहुंची थी। इस पोस्ट से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने तीनों आरोपी के

खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस आरोपी महिला को गदियाना तिराहे से गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। पुलिस अन्य दो आरोपियों की तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि विवेचना की जा रही है। टीम में उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, महिला उप निरीक्षक साक्षी और महिला सिपाही कविता यादव थी।

बंदियों के बनाए उत्पादों की लगी प्रदर्शनीय

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर में जेल में बंदियों द्वारा तैयार उत्पादों की एक प्रदर्शनी आम जनता के लिए लगाई गई। जिसका शुभारंभ जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने किया । इसके साथ ही प्रधान न्यायाधीश नरेन्द्र सिंह यादव, रिजवान अहमद, चेयरमैन एमएसीटी जिला जज स्तर को वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल की ओर से पर्यावरण संरक्षण के संदेश वाहक पौधे भेंट किए। जिला जज ने बंदियों द्वारा तैयार वस्तुओं की सराहना और स्वयं भी सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ विभिन्न वस्तुएं खरीदी। प्रदर्शनी में बंदियों द्वारा तैयार बैग, पेंटिंग्स, भगवानजी की पोशाक ,आसन, बच्चों के रेडीमेड कपड़े, महिलाओं के कपड़े, नमकीन तथा अन्य खाद्य वस्तुएं एवं विभिन्न साइज के खाली गमले एवं पौधे सहित गमले प्रदर्शित किए गए। बता दें जेल में बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और उन्हें अपराध

प्रदर्शनी में जिला जज और अन्य अधिकारी उत्पादों को देखते हुए। ● अमृत विचार

● न्यायालय परिसर में जेल में बंदियों के तैयार उत्पादों की एक प्रदर्शनी

की दुनिया से अलग कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए कौशल आधारित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कराकर उन्हें दैनिक उपयोग में आने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुएं उत्पादित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण इस प्रकार दिया जाता है कि जिसमें कि कार्य शुरू करने के लिए अधिक धन की आवश्यकता नहीं होती। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने बताया कि इस प्रकार के कार्यों में गमला बनाने का कार्य, नर्सरी तैयार करने का कार्य ,टेलरिंग का कार्य, इलेक्ट्रिशियन का कार्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम की मरम्मत का कार्य ,जरी जरदोजी का कार्य एवं अन्य कुटीर उद्योग से संबंधित विभिन्न प्रकार के सामानों को तैयार करने का कार्य सिखाया जाता है।

वन कर्मियों पर महिलाओं से अभद्रता का आरोप

खुटार, अमृत विचार: एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पति कुछ समय पहले वन विभाग में वाचर के पद पर रहकर जंगल की रखवाली कर रहे थे। चार-पांच महीने का उसका मानदेय न मिलने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर मानदेय दिलाए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। एक वनाधिकारी को शिकायत नागवार गुजरी और उन्होंने अपने 10-15 साथियों के साथ मिलकर गुरुवार रात घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए जेल भेजने की धमकी दी घर में रखा सामान तितर- बितर कर दिया । पीड़िता ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत को पूरी जानकारी देकर वन कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने जांच कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन देकर पीड़ित महिला को घर भेज दिया। उधर महिला ने उच्चाधिकारियों को भी रेंजर व वन कर्मियों द्वारा की गई अभद्रता को लेकर शिकायती प्रार्थना पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

सेवानिवृत्त अध्यापक के घर से जेवर नकदी और लाइसेंसी रिवाल्वर चोरी

संवाददाता, जलालाबाद

अमृत विचार: मोहल्ला नौसारा वार्ड दयाल नगर बरेली रोड पर चोरों ने सेवानिवृत्त अध्यापक के घर धावा बोलकर लाखों के सामान समेट ले गए। इस वारदात से नगर और क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

सेवानिवृत्त अध्यापक रामकिशोर गुप्ता कमरे में सो रहे थे। शनिवार सुबह करीब 4 बजे जब उनकी नींद खुली तो मेन गेट खुला देखकर सन्न रह गए। उन्होंने पत्नी को जगाकर घर की तलाशी ली तो पता चला कमरे में रखी अलमारी के दरवाजे खुले हैं। अलमारी चेक करने पर पता चला उसमें रखा कीमती सामान चोरी हो गया है। चोरी गए सामान में छोटे बेटे वरुण गुप्ता के नाम पर अधिकृत 32 बोर की लाइसेंसी रिवाल्वर, सोने-चांदी के जेवर और नकदी शामिल है। चोर करीब 40 ग्राम की चार सोने की चूड़ी, 50 ग्राम की दो सोने की जंजीर, 40 ग्राम की सात सोने की अंगूठियां, 30 ग्राम के तीन जोड़ी टॉप्स, 100 ग्राम चांदी के

चोरी की वारदात के बाद मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

● 15 दिन में तीसरी बड़ी चोरी, पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

सिक्के, 400 ग्राम की चार जोड़ी पायल और लगभग 30 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही रामकिशोर गुप्ता ने फोन पर बेटे को सूचना दी और फिर डायल 112 पर पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की और जानकारी कोतवाल राजीव कुमार तोमर व क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय तक पहुंचाई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है 15 दिनों में यह तीसरी बड़ी चोरी की वारदात है। इससे पहले 30 अगस्त को याकूबपुर गांव में शकीला बेगम के घर से करीब 30 लाख के जेवर चोरी हुए थे, वहीं 23 अगस्त को गांव इमलिया खुर्द में सत्येंद्र सिंह के घर से 30 लाख के जेवरात चोरी कर लिए गए थे। लगातार हो रही चोरियों और पुलिस की निष्क्रियता को लेकर क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी और भय का माहौल बना हुआ है। कई पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस चोरों से साठगांठ कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल देती है।

शहर में चौराहों पर तैनात रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: शहर में एक बार फिर सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट से पुलिस अधिकारियों ने माहौल बिगड़ने से बचा लिया और एक घंटे में भीड़ को समझाकर काबू कर लिया। पुलिस की टीमें शांति व्यवस्था के लिए रात पर सड़कों और गलियों में गश्त करती रही। शहर के मुख्य चौराहों पर जगह-जगह शांति व्यवस्था की दृष्टि से फोर्स तैनात रहा।

शुक्रवार की रात में धार्मिक ग्रंथ पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर हजारों लोगों की भीड़ थाना सदर बाजार पर पहुंच गई और थाना का घेराव किया था। कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। किसी ने पुलिस टीम पर पत्थर फेंक दिया था। पुलिस लाठी फटकारते हुए खदेड़ दिया था। शहर की दुकानों और होटलों के शटर गिर गए थे। लाल इमली चौराहे पर काफी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गयी थी। डीएम और एसपी ने फोर्स के

लालइमली चौराहे पर तैनात पुलिस फोर्स ● अमृत विचार

साथ पैदल गश्त पर निकले। पुलिस ने लाल इमली चौराहे पर खड़ी भीड़ को समझाकर शांत कराया और कहा कि आरोपी केके दीक्षित के खिलाफ उचित धारा में मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है।

आपका सहयोग, हमारी शक्ति है

एसपी राजेश द्विवेदी ने नागरिकों से अपील की है कि समाज में अशांति या भ्रम फैलाने वाली अफवाहें, भ्रामक सूचनाएं अथवा आपत्तिजनक पोस्ट न स्वयं बनाएं और न ही किसी अन्य की पोस्ट को अपने सोशल मीडिया पर अकाउंट से साझा करें। सोशल मीडिया को नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक कार्यों के लिए प्रयोग में लाया जाए। जिम्मेदारी नागरिक बनकर हम सबको मिलकर समाज में शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखना है। किसी भी गतिविधि को अंजाम देने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेन के आगे कूदकर होटल कारीगर ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● मुगलसराय एक्सप्रेस से कटा, होटल पर करता था काम

अमृत विचार : रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ थाना के सामने डाउन लाइन की मुगलसराय एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन के आगे कूदकर व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंची। रेल लाइन पर शव होने से संचालन बाधित रहा और रेल लाइन संख्या दो से ट्रेनों को निकाला गया। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घटना का कारण गृह क्लेश बताया।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाडूजई पेशावरी निवासी राजेश सक्सेना (45) कचहरी रोड पर एक होटल पर काम करता था। वह 10 दिन से काम करने नहीं जा रहा था। शुक्रवार की शाम 7 बजे वह घर से बिना बताए निकला। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म दो पर आकर बैठ गया। कुछ देर बाद राजेश प्लेटफार्म दो से एक पर आ गया। वह आरपीएफ थाना के सामने बेंच पर बैठ गया और काफी देर बैठा रहा। शाम 8:15 बजे बरेली से मुगलसराय एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक पर आ रही थी। ट्रेन जैसे नजदीक आई वह उसके सामने कूद गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों को सूचना दे दी गई परिवार में काफी कोहराम मच गया । आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंच गयी। इस दौरान रेल लाइन एक पर संचालन बाधित होगा और रेल लाइन दो नंबर से ट्रेनों को निकाला गया। लोगों ने शव को पहचान लिया। जीआरपी ने उसके परिवार वालों को सूचना दी। परिवार वालों ने शव की शिनाख्त की।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष से की मारपीट

जलालाबाद, अमृत विचार: भाजपा पिछड़ा मोर्चा के नगर अध्यक्ष सुबोध कुमार से मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



सुबोध कुमार।

सुबोध कुमार ने बताया वे कारोबार का बकाया 4 लाख 11 हजार रुपये मांगने धर्मेंद्र के घर गए थे। इस दौरान उसने गाली-गलौज की और पैसे लौटाने से इंकार कर दिया। इसके बाद वह वहां से लौट रहे थे। आरोप है कि सदर बाजार रोड स्थित गंगा बुक डिपो के पास धर्मेंद्र का भाई जितेंद्र, टिंकू, नन्हेंलाल और नीतेश लाठी-डंडों के साथ आ गए और मौका मिलते ही उन्हें पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और कहा कि दोबारा पैसे मांगने आए तो उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। पुलिस ने सुबोध कुमार की शिकायत पर पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बुखार के मरीजों की बढ़ी संख्या

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बाढ़ के बाद प्रभावित क्षेत्रों में बुखार और खांसी के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसके साथ ही गंदा पानी पीने से पेट रोग से पीड़ित लोग अस्पताल इलाज कराने पहुंच रहे रहे है, लोगों ने स्वास्थ्य शिविर लगवाने की मांग की।

यूपीएल कंपनी के फर्जी स्टीकर लगी खाद बेचते पकड़ा, रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार: राजस्थान के झुझुनू जिले के थाना सिंघाना के गांव डुमोली खुर्द निवासी महेश जागिड़ टू बड़ी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड नोएडा में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत हूं। उनको जानकारी हुई कि शाहजहांपुर में उनकी कंपनी यूपीएल के टेड मार्क के नाम से खाद की बिक्री कर रहा है। वह अपनी टीम के सदस्य कुलदीप कुशवाह के साथ जिला कृषि अधिकारी से मिला और मामले से अवगत कराया। वह जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार एवं पटल सहायक दीपक जायसवाल को साथ लेकर रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव बाडीगांव के निकट एक वेयर हाउस ग्रीन बास्केट पर गए। उनको नागेंद्र कश्यप निवासी हांडा कॉलोनी थाना रोजा मौके पर मिले। इस दौरान पुलिस को बुलाया गया। उनकी क्लाइंट कंपनी यूपीएल का लोगो लगा हुआ खाद मिली। कुछ रेपर पाए गए। रेपर मैनीफेक्चर और एक्सपायर तिथि नहीं लिखी थी। बरामद खाद के पैकेटों पर कोई बैच नंबर नहीं लिखा था। गोदाम में और उर्वरक पाया गया।

अमृत विचार

बरेली, रविवार,14 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

भगवान से बिना प्रेम नहीं हो सकता मनुष्य का कल्याण

बिल्सी, अमृत विचार : नगर के कछला स्टैंड पर स्थित ज्वाला प्रसाद जैन स्कूल में श्रीमद्भागवत कथा चल रही है। इसके तृतीय दिवस में रामानुजाचार्य ने नैमिषारण्य की कथा का वर्णन किया। कथा वाचक ने कि मनुष्य कितने भी धार्मिक अनुष्ठान करलें, और कथाएं सुन लें, लेकिन जब तक भगवान में उसकी रति और प्रेम नहीं है तब तक उसका कल्याण नहीं हो सकता है। जो प्रेम पूर्वक भागवत की कथा को सुनता है, उसके हृदय की सारी ग्रंथियां खुल जाती है। सारे संशय मिट जाते हैं। इस मौके पर महंत मटरुमल शर्मा, संजीव शर्मा, प्रदीप शर्मा, यश भारद्वाज, रेनू शर्मा, राजीव शर्मा, दीपक माहेश्वरी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए पीड़ित ने लगाई गुहार

बिल्सी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव पिंडौल निवासी बनवारी लाल पुत्र बाबूराम ने बताया कि उनकी गांव में खाली पड़ी भूमि पर दबंगों ने अपना कब्जा कर लिया है। शनिवार को पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। बनवारी लाला ने पुलिस को बताया कि उनकी नानी की गांव पिंडौल में स्थित भूमि की वसीयत उनके पिता बाबूराम और कल्लू के नाम कर दी। इसमें कल्लू ने अपने हिस्से की भूमि को बेच दिया। उनकी खाली पड़ी भूमि पर गांव के कुछ दबंग लोग अपना कब्जा कर रहे है। पीड़ित ने पुलिस कब्जा वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

छुट्टा पशु बन रहे हादसों का कारण, गोशाला भिजवाने की मांग

बदायूं, अमृत विचार : शहर से लेकर देहात तक छुट्टा पशु सड़क हादसों का कारण बन रहे है। आए दिन इनकी वजह से जिले में कही न कही हादसे हो जाते है। अक्सर अंधेरे में सड़क किनारे या बीच में बैठे पशु दिखाई नहीं देते। जिस कारण बाइक सवार इनकी चपेट में आकर सड़क हादसे का शिकार हो जो है। कई की मौत हो चुकी है। लोगों ने पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की है। ताकि सड़कों पर इन पशुओं के कारण हादसे न हो सके।

ग्रामीण क्षेत्रों के पुस्तकालय के लिए अनुदान देगी सरकार

सार्वजनिक पुस्तकालयों को सरकार से मिलेगी पुस्तकीय सहायता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीआईओएस ने पुस्तकालय अनुदान के लिए मांगे 30 सितंबर तक आवेदन

अमृत विचार : ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के तमाम युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं, लेकिन उचित संसाधन उपलब्ध न होने की वजह से उनकी तैयारी अधूरी रहती है। साथ ही उन्हें देश में घटित होने वाली घटनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती। इसके लिए प्रदेश सरकार सार्वजनिक पुस्तकालयों की मदद करेंगी। सार्वजनिक पुस्तकालयों के लिए अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। मदद के लिए आवेदन की तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है।

ग्रामीण क्षेत्र के तमाम युवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन अच्छी पुस्तकों के अभाव में उनकी तैयारी अधूरी रहती है। इसके लिए वह सार्वजनिक पुस्तकालय की मदद लेते हैं, लेकिन वहां पर उन्हें उचित तैयारी के लिए पुस्तकें नहीं मिल पाती। ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक पुस्तकालयों की मदद करने का फैसला लिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद में नगरीय, ग्रामीण, अल्पसंख्यक बाहुल्य एवं अनुसूचित जाति, जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित सार्वजनिक पुस्तकालयों को पुस्तकीय सहायता प्रदान की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अच्छे से तैयारी कर सकें। प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए अनुदान दिए जाने का निर्णय लिया है। यह अनुदान प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनुदान योजना और राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान कोलकाता की अनुदान योजनाओं से लाभ दिया जाएगा।

> सरकार सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए अनुदान दे रही है। इसके लिए 30 सितंबर तक आवेदन मांगे गए हैं। योजना के तहत फर्नीचर एवं संग्रहण सामग्री आदि की सहायता के रूप में अनावर्तक अनुदान दिया जाएगा। योजनाओं के आवेदन पत्रों के नवीनतम प्रारूप प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। इसे डाउनलोड किया जा सकता है। – **लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

फर्नीचर के लिए भी मिलेगा अनुदान

पुस्तकालय अनुदान योजना के तहत सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए प्रदेश सरकार पुस्तक संग्रहण के साथ फर्नीचर के लिए भी सहायता देगी। इससे प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। आवेदक को आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में 30 सितंबर तक जमा कराना होगा।

बैंक ने कर्ज न चुकाने पर किसान की जमीन को किया कुर्क

बदायूं, अमृत विचार : गांव गढ़ी मलूकपुर निवासी एक किसान की जमीन को बैंक अधिकारियों ने ऋण की अदायगी न करने पर कुर्क करने की कार्रवाई की है।

गांव निवासी किसान दफेदार पर भारतीय स्टेट बैंक का करीब 14 लाख 70 हजार रुपये का ऋण बकाया था। शनिवार को बैंक अधिकारियों ने दातागंज नवाब तहसीलदार आनंद भूषण की उपस्थिति में जमीन को कुर्क करने की कार्रवाई की है। बैंक अधिकारियों का कहना था कि किसान दफेदार द्वारा लंबे समय से ऋण की अदायगी नहीं की जा रही थी, जिस कारण नियमों के तहत जमीन कुर्क करने की कार्रवाई की गई है।

कुर्की करते बैंक अधिकारी।

थाना समाधान दिवस में समस्याएं कीं निस्तारित

थाना कुंवरगांव में जनसमस्याएं सुनते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

संवाददाता, कुंवरगांव

- एसएसपी ने कुंवरगांव और एसपी सिटी ने उझानी में सुनी समस्याएं

अमृत विचार : थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कुंवरगांव और अन्य अधिकारियों ने अलग-अलग थानों पर लोगों की समस्याएं सुनी और निस्तारित कराया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

एसएसपी ने सभी की समस्याओं को बारी-बारी से सुना। ज्यादातर शिकायतों को मौके पर निस्तारित कराया। बाकी की शिकायतों की निष्पक्ष जांच करने को निर्देशित किया। इसके बाद एसएसपी ने थाने का निरीक्षण करके रजिस्टर चेक किया। थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, बैरक, महिला डेस्क, सीसीटीएनएस, मैस आदि का मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक वेदपाल सिंह, उपनिरीक्षक रामेश्वर सिंह व घनश्याम सिंह, सुकेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। एसएसपी के अलावा एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी ने उझानी और एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने फैजगंज बेहटा में समस्याएं सुनी।

भारतीय कुर्मी महासभा के जिलाध्यक्ष बने प्रवेश राठौर

बदायूं, अमृत विचार : भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश महासचिव गौरव सिंह पटेल ने गांव बाबट निवासी प्रवेश राठौर को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

एक लंबे समय से कुर्मी महासभा के प्रति बढ़ती रुचि व सामाजिक कार्यकुशलता को देखते हुए प्रदेश कार्यसमिति ने यह निर्णय लिया है। कुर्मी महासभा का जिलाध्यक्ष बनने पर समाज के तमाम लोगों ने प्रवेश को बधाइयां दी।

प्रवेश राठौर ने कहा कि वह समाज व संगठन की मजबूती के लिए हर समय काम करने को तत्पर हैं। इस दौरान अवनेश राठौर, भगवान सिंह, सुखदेव सिंह राठौड़, अनेक पाल पटेल, गिरीश पटेल, संजीव पटेल, अतुल पटेल, योगेश कुमार, मुकेश कुमार, भारत सिंह, अरिन्द्र पटेल, अनुरोध पटेल, अश्वनी पटेल दर्जनों लोग मौजूद रहे।

चिकित्सक से मारपीट में एक नामजद समेत छह पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिता की तबीयत खराब होने की बात कहकर चिकित्सक को ले गए थे कार सवार

अमृत विचार : संभल की गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुहेरा निवासी हरपाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र हरवेश सहसवान में मंडी समिति की पीछे क्लीनिक चलाते हैं। शुक्रवार को कार सवार दो युवक क्लीनिक पर आए और कहा कि उनके पिता की तबीयत खराब है। अकबराबाद मोहल्ले में चलना है। हरवेश अपना बैग लेकर कार में बैठ गए।

मोहल्ले में जाने की बजाए युवक उन्हें महावा नदी की ओर ले गए। हरवेश ने इस बारे में कहा तो युवकों ने कार रोक दी। इसी दौरान चार लोग और कार में बैठ गए। सभी लोग हरवेश को नदी के पुल के पार ले गए। यहां आरोपितों ने उन्हें कार से उतार कर डंडों और लोहे की राड से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे दौड़ लगा रहे युवक वहां पहुंच गए। इसके बाद आरोपित आइंदा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट के दौरान चिकित्सक का आईफोन भी वहीं गिर गया। जिसे आरोपी उसे उठा ले गए। चिकित्सक की तहरीर पर गांव भवानीपुर निवासी सद्दाम और छह अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

संवाददाता, नूरपुर पिनौनी

कार्यक्रम के दौरान शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नूरपुर पिनौनी के मेला गणेश चौथ में श्री भूपाल रंगमंच पर श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन ने अमर वीर शहीदों के परिजनों का सम्मान किया। बच्चों की देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ राज्यमंत्री पति रामपाल सिंह, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, भाजपा नेत्री मंजू दिलेर, अंकित जैन और सैनिकों के परिजनों ने फीता काटकर किया।

संगठन के अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने बताया कि कार्यक्रम में देश की खातिर शहीद हुए जवान प्रदीप यादव और मोहित राठौर के परिजनों के अलावा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कर रहे समाजसेवी डॉ. टीएस पाल, प्रतिभा चौधरी, डॉ. वीरेश सिंह, शुभम अग्रवाल, एनके वार्ष्णेय, अंकुर अग्रवाल, शानू वारसी, अनुज गुप्ता, रवि मिश्रा को पटका पहनाकर और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। बच्चों के देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता में एकल एवं समूह दो ग्रुप में डांस कराए गए। गोरा डांस एकेडमी पहले, चंदौसी इंटर कॉलेज दूसरे, लोकेश डांस एकेडमी तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में डॉ. कविता गुप्ता, हेमलता गुप्ता व दीपांशी भारद्वाज रहीं। संचालन डॉ. दुर्गा टंडन ने किया। कार्यक्रम संयोजक अनुज वार्ष्णेय अन्नू, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, मंतेश वार्ष्णेय, लकी वार्ष्णेय, सचिन गुप्ता, बृजेश वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

दो नलकूपों के बीच 450 मीटर बिजली केबिल चोरी

संवाददाता, आसफपुर

- आसफपुर चौकी क्षेत्र में नहीं थम रहा चोरी की घटनाओं का सिलसिला, जेई ने दी तहरीर

अमृत विचार : पुलिस चौकी आसफपुर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों ने दो नलकूप के बीच की लगभग 450 मीटर बिजली की लाइन काटकर चोरी कर ली। घटना 8 अगस्त की रात की बताई जा रही है। विद्युत उपकेंद्र के जेई राजेंद्र प्रसाद ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर के अनुसार थाना फैजगंज बेहटा की चौकी आसफपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव खड़गपुर भूड़ बिसौली में पर्वत सिंह और जितेंद्र के निजी नलकूप हैं। दोनों के नलकूपों को लगभग 450 मीटर बिजली की एलटी और एचटी दोनों लाइनें हैं। 8 अगस्त की रात को किसी समय चोर दोनों नलकूपों की लाइन को काटकर चुरा ले गए। दोनों नलकूपों की बिजली आपूर्ति ठप हुई पड़ी है। नलकूप स्वामियों ने खेत पर जाकर देखा तो खंभे टूटे पड़े थे और उनके बीच का तार गायब था। सूचना पर पहुंचे जेई ने तहरीर दी। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियां आसफपुर चौकी पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रही हैं।

सांसद ने गेस्ट हाउस में सुनीं समस्याएं

- कहा चुनाव में गड़बड़ी रोकने को हर बूथ पर तैनात होंगे बीएलओ

संवादाता, बिल्सी

लोगों की समस्याएं सुनते सपा सांसद आदित्य यादव। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सपा सांसद आदित्य यादव शनिवार को विधानसभा क्षेत्र में दौरे पर रहे। उन्होंने सिरासौल रोड स्थित मंडी समिति के गेस्ट हाउस में क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुना। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की।

सपा सांसद ने कहा कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाएं। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्येक बूथ पर एक-एक बूथ लेवल एजेंट बनाए जा रहे हैं। इससे वोटर लिस्ट में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों को भली भांति समझ चुकी है। वरिष्ठ नेता उदयवीर सिंह शाक्य ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को मजबूत करें। जितना बूथ मजबूत होगा, सपा उस बूथ पर उतनी ही मजबूत बन सकेगी। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष आशीष यादव, कविंद्र सक्सेना, हाजी अजमल खान, फैजान राईन, डोरीलाल बघेल, श्याम बहादुर शाक्य, अनोखे लाल शाक्य आदि आदि मौजूद रहे।

पोस्टर, बैनर बनाकर दिया हिंदी को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

बाबा इंटरनेशनल स्कूलों में भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

उझानी के स्कूल में निबंध परीक्षा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचार : हिंदी दिवस रविवार को हैं। एक दिन पूर्व विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम हुए और छात्र-छात्राओं को शिक्षकों ने जागरूक किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर, बैनर बनाकर हिंदी को बढ़ावा दिया। बच्चों के बीच प्रतियोगिताएं भी संपन्न कराई गईं। इसमें विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।

बिल्सी। कस्बा स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हास्य बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यालय के एमडी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि हास्य कवि सम्मेलन जैसे कार्यक्रम छात्रों के लिए न केवल मनोरंजन का साधन हैं बल्कि यह मंच उनकी छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का एक अवसर भी प्रदान करता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र, परमेंद्र सिंह, केशव शर्मा, राखी गुप्ता, रूबी मौर्य, मुनीश शर्मा सहित शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे।

- हिंदी दिवस पर विभिन्न स्कूलों में हुए कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं

बाबा इंटरनेशनल स्कूल में हिन्दी दिवस पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हिन्दी भाषा के महत्व, इसकी समृद्धि और राष्ट्र निर्माण में इसके योगदान पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय, निर्देशिका साधना वार्ष्णेय व प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी, विद्यालय प्रशासक अमित माहेश्वरी ने भी अपने विचार प्रकट किए।

उझानी। नगर स्थित मदरशील मेमोरियल अकादमी में शनिवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें शिशु प्राइमरी और जूनियर वर्ग में दोहा पाठ, नारा, कविता,सुलेख व श्रुतलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक नरसिंह थरेजा ने कहा की हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू थरेजा, योगेंद्र नाथ गोयल, डी के सिंह, नंदिनी, नमामि, यशी, मीनू, विजया आदि सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

फ्यूचर लीडर्स स्कूल में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करती छात्रा।

शिक्षा परिषदीय सहित बा स्कूलों में छात्राओं की दक्षता बढ़ाने पर दिया जाएगा जोर

स्कूलों में माह के तीसरे सप्ताह में होंगी स्पर्धाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बीईओ हर माह एक बीआरसी से प्रतिभागी चयन कर डायट प्राचार्य को देंगे रिपोर्ट
- बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जारी किए निर्देश

अमृत विचार : परिषदीय सहित बा स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त क्षेत्रों में जानकारी दी जाएगी। इसके लिए महीने के तीसरे शनिवार को स्पर्धाएं आयोजित कराई जाएगी। साथ ही हर माह प्रत्येक बीआरसी से एक प्रतिभागी का चयन किया जाएगा। चयनित प्रतिभागी के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी डायट प्राचार्य को अपनी रिपोर्ट देंगे। स्पर्धाओं की शुरुआत हिन्दी कविता पाठ होगी। स्पर्धाएं आयोजित कराने के लिए महानिदेशक शिक्षा ने बीएसए और डायट प्राचार्य को निर्देश दिए हैं। शासन का पत्र मिलने के बाद बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी को स्पर्धाएं आयोजित कराने के आदेश दिए हैं। प्रतियोगिता का आयोजन माह के तीसरे शनिवार किया जाएगा।

जिले में 2158 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें प्राथमिक स्कूल 1502, उच्च प्राथमिक स्कूल 356 और 297 संविलियन विद्यालय शामिल हैं। इनके अलावा जिले में 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल हैं।

बा स्कूलों में 18 सौ से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। वहीं परिषदीय स्कूलों में तीन लाख एक हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इन विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त क्षेत्रों में जानकारी के लिए शिक्षा महानिदेशक स्तर से प्रतियोगिता का आयोजन कराने के निर्देश बीएसए व डायट प्राचार्य को दिए हैं। इसकी शुरुआत 20 सितंबर से होगी। प्रतियोगिता का आयोजन माह के तीसरे शनिवार किया जाएगा। इनमें अच्छा प्रदर्शन बच्चे का चयन खंड शिक्षा अधिकारी रिपोर्ट डायट प्राचार्य को देंगे। प्राचार्य खंड शिक्षा अधिकारी से मिलने वाली रिपोर्ट को बीएसए के लिए भेजेंगे। बीएसए उस रिपोर्ट को शिक्षा महानिदेशक कार्यालय को भेजेंगे।

यह प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। डायट प्राचार्य गिरिजेश कुमार चौधरी ने बताया कि स्कूलों में प्रतिमाह होने वाली स्पर्धाओं में कहानी लेखन, निबंध लेखन, अभिनय, समूह गान, समसामयिक परिचर्चा, वाद-विवाद, अंताक्षरी, देश गान की प्रतियोगिता को शामिल किया गया है। इनका आयोजन स्कूलों में करने के बाद हर शनिवार को बीआरसी पर होगा।

> परिषदीय स्कूलों के बच्चों को शिक्षा के साथ अतिरिक्त क्षेत्रों की भी जानकारी दी जाएगी। प्रतियोगिताएं सभी स्कूलों में होंगी। इसके बाद ब्लॉकों पर होगी। आयोजन के बाद प्रत्येक ब्लॉक से एक प्रतिभागी का चयन किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट डायट को भेजने के निर्देश हैं। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को स्पर्धाओं का आयोजन कराने के आदेश दे दिए गए हैं। – **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बेसिक शिक्षा अधिकारी

इंडिया डांस पावर में नृत्य करती दिखेंगी बदायूं की अर्पिता

मंच पर मौजूद अर्पिता कश्यप।

बदायूं, अमृत विचार : शहर के विजय नगर कॉलोनी निवासी कमलेश कश्यप व विनोद कश्यप की बेटी अर्पिता कश्यप ने मुंबई में आयोजित टीवी शो इंडिया डांस पावर सीजन 2 के ग्रैंड फिनाले में पहुंच कर जिले का नाम रोशन कर दिया है। इसमें बालीवुड के भारतीय डांसर कोरियोग्राफर व डांस इंडिया डांस के मास्टर मर्जी जज रहे। इंडिया डांस पावर सीजन 2 के ग्रैंड फिनाले में अर्पिता कश्यप ने अपने डांस मूव्स से जजों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मास्टर मर्जी ने कहा कि अर्पिता की परफार्मेंस 14 सितंबर रात 12 बजे केवल 9 एक्सएम चैनल पर देखी जा सकती है।

माशिप फर्जी वेबसाइट से सावधान रहने की हिदायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- फर्जी वेबसाइट सक्रिय होने को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी की चेतावनी

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की फर्जी वेबसाइट शुरू हो गई हैं। इसके शुरू होने पर माध्यमिक शिक्षा परिषद गंभीर हो गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से चेतावनी भरा पत्र जारी कर छात्रों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन को फर्जी वेबसाइट्स से सावधान रहने की हिदायत दी है। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक को भी फर्जी वेबसाइट से स्कूलों को अवगत कराने के आदेश दिए हैं।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से डीआईओएस को भेजे गए पत्र में कहा है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की एक ही वेबसाइट यूपीएमएसपी है। इस पोर्टल पर परीक्षा से जुड़ी सभी आधिकारिक सूचनाएं, आदेश और नोटिस जारी किए जाते हैं। दूसरे अन्य वेबसाइट को लेकर सतर्क रहें, अन्यथा ठगी के शिकार हो जाएंगे। जिला विद्यालय लालजी यादव ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद को फर्जी वेबसाइट संचालित होने की जानकारी मिली है। कई फर्जी वेबसाइट सक्रिय हो गई हैं। इन वेबसाइट्स पर छात्रों और अभिभावकों को भ्रमित करने वाली गलत सूचनाएं साझा की जा रही हैं। इन नकली साइट्स पर पंजीकरण, एडमिट कार्ड डाउनलोड, परीक्षा तिथि या अन्य अपडेट्स के नाम पर झूठी जानकारी दे दी जाती है, जिससे परीक्षार्थी असमंजस में पड़ जाते हैं। डीआईओएस ने बताया कि परिषद की आधिकारिक वेबसाइट यूपीएमएसपी ही है। डीआईओएस ने उन्होंने छात्रों, शिक्षकों और विद्यालयों के प्रधानाचार्य और संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि वह परिषद की वेबसाइट से प्राप्त जानकारी पर भरोसा करें, फर्जी पर भरोसा कतई न करें।

ढाबे पर भिड़े दो पक्ष, फायरिंग से फैलाई दहशत

विजय नगला, अमृत विचार : उधारी के रुपयों को लेकर गांव के लोगों में फायरिंग हुई। मुख्य मार्ग पर दहशत फैल गई। पुलिस अनजान बनी रही।

थाना मूसाझाग क्षेत्र की नगर पंचायत गुलड़िया स्थित दातागंज मार्ग स्थित बगिया के पास के ढाबे पर गांव सहोरा और लखनपुर के दो पक्ष में उधारी के रुपयों को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पक्ष ने एक दूसरे को धमकाया। दोनों पक्ष अपने-अपने गांव चले गए। कुछ समय के बाद दोनों पक्ष के लोग चार पहिया वाहनों से ढाबे पर पहुंचे और फायरिंग कर दी। इसी दौरान दातागंज की ओर से किसी अधिकारी की गाड़ी सायरन बजाते हुए गुजरी। आरोपी मौके से भाग गए। हल्का पुलिस को भनक तक नहीं लगी। थाना प्रभारी मान बहादुर सिंह ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी नहीं है। शिकायत प्राप्त होने पर जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

ननिहाल में रह बच्चे की हालत बिगड़ी, सीएचसी में किया मृत घोषित

दातागंज, अमृत विचार : नगर दातागंज के मोहल्ला परा में ननिहाल में एक साल से रह रहे 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चे की मां एक साल से मायके में रह रही थी। शनिवार दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे बच्चे के सिर में दर्द हुआ और उल्टी हुई। हालत बिगड़ने पर उसे दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि किसी ने बच्चे को कुछ खिलाया था।

नेपाल के काठमांडू में फंसे तीन लोगों को सुरक्षित लाया गया

बदायूं, अमृत विचार : नेपाल में हिंसा और आगजनी के दौरान वहां फंसे 23 लोगों को सुरक्षित वापस बदायूं लाया जा चुका है। उनके अलावा गृह मंत्रालय, दूतावास, डीएम व एसएसपी के सहयोग व प्रयास से तीन अन्य लोग दातागंज के मोहल्ला सड़क निवासी पीयूष गुप्ता पुत्र नत्थू गुप्ता, उनके बेटे वंश गुप्ता, वार्ड 22 के मोहल्ला नालापार निवासी मोहम्मद तारिक पुत्र मुबारिक अली को वापस लाया गया है।

पुलिस चौकी के पास दुकान से लाखों रुपये की चोरी, दी तहरीर

संभल/कैला देवी, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र खिरनी तिराहे पर पुलिस चौकी के नजदीक दुकान से दिनदहाड़े बदमाशों ने डेढ़ लाख की नकदी व सामान चोरी कर लिया। थाना क्षेत्र के खिरनी गांव निवासी अलाउद्दीन खिरनी तिराहे पर पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर समरसेबल की दुकान है। शुक्रवार दोपहर को अलाउद्दीन अपने भतीजे सलमान के साथ सौंधन की मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए गया था। इसी दौरान बदमाशों ने दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। दोपहर बाद अलाउद्दीन व सलमान नमाज पढ़ने के बाद वापस पहुंचे तो दुकान में सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। वहां रखे संदूक का ताला भी टूटा हुआ था। खोल कर देखा तो उसमें रखी 1.50 लाख रुपए की नगदी गायब थी। घटना के बाद मौके पर ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए।

नहीं दिया जीवित होने का प्रमाण पत्र तो रुकेगी पेंशन

दो हजार पेंशन धारकों ने अब तक ऑनलाइन जमा नहीं किया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 20 हजार से अधिक सेवानिवृत्त हैं कर्मचारी
- वरिष्ठ कोषाधिकारी ने प्रमाण पत्र नहीं देने पर दी चेतावनी

अमृत विचार : कोषागार से पेंशन लेने वाले पेंशनर्स ऑनलाइन जीवित प्रमाणपत्र जमा करने के प्रति लापरवाही बरते रहे हैं। पेंशनर्स जीवित रहने का प्रमाण पत्र ऑनलाइन नहीं करा रहे हैं। अब तक करीब दो हजार से अधिक पेंशनर्स ने अपने जीवित रहने का प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है। ऐसी स्थिति में वरिष्ठ कोषाधिकारी ने प्रमाण पत्र जमा न करने वाले लोगों को पेंशन रोके जाने की चेतावनी दी है। कहा है कि 20 सितंबर तक उनके द्वारा प्रमाण पत्र जमा नहीं किया तो पेंशन रोक दी जाएगी।

विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वरिष्ठ कोषागार से हर माह पेंशन दी जाती है। मौजूदा समय में वरिष्ठ कोषागार में करीब 20 हजार सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन का लाभ ले रहे हैं। पेंशन का लाभ लेने वाले करीब दो हजार कर्मचारियों के द्वारा जीवित रहने का प्रमाण पत्र विभाग में जमा नहीं किया है। इनमें करीब 30 से अधिक पेंशनर्स ऐसे हैं जिन्होंने लंबे समय से जीवित रहने का प्रमाण पत्र नहीं दिया है। पेंशनर्स द्वारा जीवित रहने का प्रमाण पत्र न दिए जाने पर वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी ने चेतावनी जारी की है। कोषाधिकारी ने पेंशनर्स को 20 सितंबर का समय दिया है। कहा है कि अगर समय पर जीवित रहने का प्रमाण पत्र न देने पर उनकी पेंशन पर रोक लगा दी जाएगी। कोषाधिकारी ने बताया कि पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र रहने का प्रमाण पत्र पहले ऑनलाइन जमा होता था अब ऑनलाइन होता है। जीवित रहने के प्रमाण पत्र जमा करने की तारीख से एक साल तक प्रमाण पत्र वैध रहता है। इसके बाद पेंशनर्स किसी भी समय प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं, लेकिन वित्तीय वर्ष में समय नवंबर के समाप्त होने के बाद जमा करने पर पेंशन का भुगतान रोक दिया जाता है। जिसमें अभी समय शेष है।

हर साल जारी की जाती है चेतावनी

कोषागार से पेंशन लेने वाले तमाम कर्मचारी जीवित रहने का प्रमाण पत्र जमा करने में हीलाहवाली करते हैं। कई बार मृत्यु होने पर उसकी जानकारी परिजनों द्वारा नहीं दी जाती है। इसकी जानकारी होने पर परिजनों से रिकवरी कराई जाती है। साथ ही पेंशनधारियों को चेतावनी दी जाती है कि वह समय जीवित रहने का प्रमाण पत्र जमा करें। पिछले साल भी करीब एक हजार से अधिक पेंशनर्स को चेतावनी दी गई थी। इस बार करीब दो हजार पेंशनरों को पेंशन रोकने की चेतावनी दी गई है।

घर में घुसकर मारपीट, गर्भवती से दुष्कर्म का प्रयास

बदायूं, अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि 23 अगस्त की सुबह लगभग 6 बजे जगपाल यादव, मुकेश यादव, नन्हें यादव, कंचन यादव व एक अन्य महिला उनके घर में जबरन घुस आए।

उनपर भैंस चोरी का झूठा आरोप लगाने लगे। महिला ने कहा कि उसने भैंस चोरी नहीं की है और विरोध किया। उन लोगों ने बेहरहमी से पिटाई लगानी शुरू कर दी। महिला के बेटों को भी बुरी तरह से पीटा। आरोपियों ने महिला के साथ अश्लील हरकत की। महिला को पकड़कर जबरन गिरा दिया।

उसकी इज्जत तार-तार करने को धमकाया। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। महिला की एक रिश्तेदार से दुष्कर्म का प्रयास किया, जबकि वह छह महीने की गर्भवती है। उसे जमीन पर पटक दिया। गर्भवती महिला को बिसौली के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने चार नामजद आरोपी एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सुसाइड नोट लिखकर युवक ने विषाक्त पदार्थ खाया, मौत

संवाददाता, करियामई

- सुसाइड नोट में पत्नी व ससुरालीजन से बताया जान का खतरा
- 11 दिनों में दो बार विषाख्त पदार्थ खाकर की जान देने की कोशिश

अमृत विचार : पत्नी से तंग आकर एक युवक ने सुसाइड नोट लिखा और विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। युवक के पास सुसाइड नोट मिला। इसमें ससुरालीजन और पत्नी से जान से खतरा बताया। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जसवेंद्र।

मामला थाना उघैती क्षेत्र के कस्बा करियामई का है। कस्बा निवासी जसवेंद्र ने पत्नी से बार-बार हो रहे कलेश की वजह से 11 दिनों में दो बार विषाख्त पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की।

परिजनों के अनुसार पत्नी से विवाद के चलते दो सितंबर को भी जसवेंद्र ने विषाख्त पदार्थ खाया था। परिजनों में चंदौसी और मुरादाबाद के अस्पतालों में इलाज कराया था। वह सही होकर घर आ गए थे। इसके बाद शनिवार दोपहर में एक बार फिर से विषाख्त पदार्थ खा लिया। परिजन युवक को अस्पताल ले गए।

यहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं युवक के घर पर कमरे में चारपाई पर सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा था कि मैं जसवेंद्र होश और हवास में कह रहा हूं कि जो मेरे मकान उघैती में है।

उसमें आधा हिस्सा उनके माता-पिता को दिया जाए और जो जमीन करियामई में है आधी जमीन बड़े भाई के दोनों बेटों को दी जाए और आधी जमीन उनके छोटे भाई व उसकी बेटी को। उनके ससुराल वाले और घर वाली से जान का खतरा है। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस जांच कर रही है।

निर्देश मिलने पर भी कब्जामुक्त नहीं की कब्रिस्तान की जमीन

विजय नगला, अमृत विचार : तहसीलदार के निर्देश के बाद भी दबंगों ने कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा नहीं छोड़ा है। पीड़ित ने तहसील सदर जाकर दोबारा शिकायत की है।

तहसील सदर क्षेत्र के गांव खेड़ा बुजुर्ग निवासी नदीम ने तहसीलदार को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि उनके गांव के पास कब्रिस्तान बने हुए हैं। इस पर गांव के दो दबंग कब्जा करके अपने पशु बांध रहे हैं। कब्रिस्तान की चाहरदीवारी, दरवाजा खराब हो गया है। वह सही कराने गए तो उन लोगों ने गाली गलौज की और भगा दिया। शिकायत करने पर तहसीलदार ने लेखपाल को कब्रिस्तान की जगह को कब्जामुक्त करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद भी कब्रिस्तान की जमीन कब्जामुक्त नहीं कराई गई। ग्राम प्रधान इशरत अली उर्फ चुन्ना ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने कब्रिस्तान की जमीन पर पशु बांधकर कब्जा कर लिया है। तहसीलदार के निर्देश के बाद भी जमीन कब्जामुक्त नहीं कराई गई है।

शिक्षिका से छेड़छाड़, स्कूल प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, उझानी

- पुलिस के कार्रवाई नहीं करने पर पीड़िता ने सीएम से की थी शिकायत

अमृत विचार : महिला शिक्षक की मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद स्कूल के प्रबंधक पर छेड़छाड़ और एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उझानी कस्बा के एक मोहल्ला निवासी महिला ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि वह एक स्कूल में पढ़ाती थी। स्कूल ज्वाइन करने के बाद ही प्रबंधक उसपर गलत नजर रखता था। अक्सर ही आपत्तिजनक टिप्पणी करता था। 21 से 25 मई 2025 तक प्रबंधक शिक्षण और पर्यटन के नाम पर उसे और एक और शिक्षिका को हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी, आगरा आदि ले गया। प्रबंधक ने शिक्षिका से गलत हरकत की। शिक्षिका के विरोध पर वह सफल नहीं हुआ। शिक्षिका ने स्कूल जाना बंद कर दिया। प्रबंधक ने भविष्य में ऐसी हरकत न करने पर आश्वासन देते हुए माफी मांगी तो शिक्षिका फिर से स्कूल जाने लगी। 30 जनवरी 2025 को प्रबंधक ने शिक्षिका से छेड़छाड़ की। वह किसी तरह से वहां से अपने घर आ गई। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। 16 जून, 18 व 20 जून को पुलिस से लेकर अधिकारियों से शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं हुई। एक दिन प्रबंधक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर शिक्षिका को रोककर गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्द प्रयोग किए। मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की है।

हत्या का आरोप, तीन लोग हिरासत में

संवाददाता, कादरचौक

कस्बा कादरचौक में तैनात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : एक किशोर का कंकाल उसकी बहन के घर के पास कादरचौक थाना क्षेत्र में उसहैत मार्ग स्थित पेड़ पर लटका मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन ने हत्या करके शव पर तेजाब डालकर पेड़ से लटकाने की तहरीर दी। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस ने परिजनों से किशोर के बारे में जानकारी की।

राजू पंडित।

कादरचौक कस्बा निवासी पूजा पत्नी संजीव मिश्रा ने तहरीर देकर बताया कि बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के गांव मधुपुरी निवासी 16 साल का भाई राजू पंडित माता-पिता के देहांत के बाद छोटी बहन शाहजहांपुर के कस्बा परौर निवासी सोनी शुक्ला के घर रहता था। तीन महीने पहले कादरचौक निवासी राजू का बहनोई सोनू उपाध्याय राजू को बुलाकर चुपके से अपने घर पर ले गए थे। वह 28 अगस्त से लापता हो गया था। शुक्रवार को राजू का कंकाल पेड़ पर लटका मिला। पूजा का आरोप है कि सोनू, उसकी पत्नी संगीता व पिता पन्नालाल ने हत्या करके शव पेड़ पर टांगा है और फिर तेजाब डाल दिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस बल की मौजूदगी में राजू के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

दो पक्षों में विवाद, गोली मार जान से मारने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित गोशाला के पास शुक्रवार रात दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। एक युवक पर फायरिंग करके जान से मारने का प्रयास किया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव आरिफपुर नवादा निवासी शरीफ हसन शुक्रवार शाम लगभग पौने 7 बजे शहर के मोहल्ला कबूलपुरा निवासी पप्पू सैफी, नसीम व फरमान बरेली-मथुरा बाइपास स्थित गोशाला के पास शाहिद की खोखे पर चाय पी रहे थे। यहां पहले से चार-पांच अन्य लोग भी बैठे थे। पास में लाइट जल रही थी। इस दौरान गांव आलमपुर निवासी आस मोहम्मद आया और गाली-गलौज करते हुए धमकाने लगा। कहा कि उनकी जमीन क्यों बिकवाई। एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। शरीफ हसन ने रंगदारी देने से मना कर दिया। आरोप है कि आस मोहम्मद ने तमंचा निकाला और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। शरीफ हसन साइड में बच निकले। आरोपी आइंदा जान से मारने की धमकी देकर हवाई फायर करते हुए निकल गए। पुलिस ने आरोपी आस मोहम्मद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बरसात में टूट गया बदायूं दिल्ली रोड

उझानी, अमृत विचार : बरसात में बदायूं दिल्ली राज मार्ग टूट कर बिखर चुका है। सड़क में गड्ढे हो गए हैं। इसकी वजह से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। इस बार अच्छी बारिश हुई है। बारिश की वजह से सड़कों का बुरा हाल हो गया है। पानी भरने की वजह से सड़कें टूट गई हैं। कुछ ऐसा ही हाल दिल्ली बदायूं राजमार्ग का है। सड़क में जगह जगह गड्ढे बन गए हैं। टूटी सड़क पर वाहन हिचकोले खाते हुए निकलते हैं। वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

घर में घुसकर जानलेवा हमला चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : कुछ लोगों ने मकान बनवाने का विरोध किया। घर में घुसकर जानलेवा हमला किया। शिकायत करने पर पुलिस ने पीड़ित को ही थाने पर बैठा लिया। पीड़ित कोर्ट की शरण में गया। कोर्ट के आदेश पर वजीरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव धिमरपुरा निवासी केशोराम पुत्र लाखन सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 22 जनवरी 2024 की शाम 4 बजे घर के भीतर पशुओं का चारा डाल रह थे। परिवार के लोग घर बनवा रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी सचिन, गुड्डो देवी पत्नी कल्लू, सौरभ, मनु व सविता लाठी-डंडे, फावड़ा लेकर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। मकान की दीवार बनवाने का विरोध करने लगे। सचिन ने फावड़ा से मिट्टी खोदी। केशोराम के परिजनों ने विरोध किया। सचिन ने उनके बेटे वीरेश को जान से मारने की नीयत से फावड़ा से प्रहार किया। सिर पर फावड़ा लगने से वीरेश जमीन पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर ग्रामीण आ गए और बचाव किया। वह शिकायत करने थाने गए तो पुलिस ने उनके बेटे को ही बैठा लिया। मेडिकल परीक्षण कराया लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसके चलते वह कोर्ट की शरण में गए। कोर्ट के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पटाखों की दुकानों का हो रहा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

जिले में सात साल में हो चुके हैं चार हादसे

इसी साल 12 जून को कस्बा कुंवरगांव के होली चौक स्थित एक मकान में अवैध तरीके से रखे गए पटाखों में आग लग गई थी। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। इसी साल 11 अप्रैल को थाना उसावा क्षेत्र के म्याऊं ब्लॉक स्थित गांव नगरिया चिकन में पटाखा निर्माण की अवैध फैक्ट्री में आग लग गई थी। हादसे में दो की मौत हुई थी। 1 अप्रैल 2024 के दौरान कस्बा इस्लामनगर के पटाखा गोदाम में आग लग गई थी। इसमें पांच लोग मलबे में दब गए थे। 2018 में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव रसूलपुर स्थित निर्माण फैक्ट्री में धमाका होने से 8 लोगों की मौत हुई थी।

> लाइसेंसी पटाखा निर्माता और विक्रेताओं का सत्यापन एसडीएम स्तर से कराया जा रहा है। अब तक करीब 12 लाइसेंस धारकों का सत्यापन हो चुका है। सभी की जांच पूरी होने के उपरांत अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई होगी।
> – अरुण कुमार, एडीएम प्रशासन

अमृत विचार : लखनऊ सहित अन्य स्थानों पर पटाखा गोदामों में हुए धमाके के बाद जिले में पटाखा की दुकानों का प्रशासन सत्यापन करा रहा है। डीएम के निर्देश पर दशहरा से पूर्व सभी लाइसेंसधारी पटाखा दुकानों और गोदामों का सत्यापन हो रहा है। अगर इस दौरान कोई लाइसेंस धारक पटाखा कारोबारी या फिर अवैध कारोबार करता हुए पकड़े जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

प्रशासन के मुताबिक जिले में 24 लोग लाइसेंस लेकर पटाखा का कारोबार कर रहे हैं। लाइसेंस धारक पटाखा कारोबारियों के अलावा अवैध रूप से पटाखा का कारोबार करने वाले लोगों पर प्रशासन द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। वैध अवैध पटाखा कारोबारियों का सत्यापन प्रशासन के द्वारा पटाखा कारोबारियों के गोदामों, दुकान और निर्माण फैक्ट्री का सत्यापन किया जा रहा है। अभी तक एक दर्जन से अधिक दुकानों का सत्यापन तहसील स्तरीय अधिकारी कर चुके है। इस दौरान अधिकारियों द्वारा दुकानों, गोदामों पर फायर सेफ्टी से जुड़े मानकों के साथ ही पटाखों की बिक्री के तय मापदंड की जांच की जा रही है। रिपोर्ट में डिफाल्टर मिलने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई होगी।

चोरी हुई बाइक का अलीगढ़ में चालान

कुंवरगांव, अमृत विचार : नौ महीने पहले चोरी हुई बाइक का पता एक चालान से हुआ है। शहर से बाइक दिसंबर 2024 में चोरी हुई। 10 सितंबर को बाइक स्वामी के पास मैसेज आया कि उनकी बाइक का अलीगढ़ में चालान हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से बाइक बरामद कराने की मांग की है।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव इमलिया निवासी श्रवण कुमार अपनी बाइक से 6 दिसंबर 2024 को किसी काम से शहर आए थे। उन्होंने बाइक जिला अस्पताल मार्ग पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आवास के पास खड़ी कर दी थी। काम निपटाने के बाद वह दोपहर चार बजे वापस लौटे तो वहां बाइक नहीं थी। तहरीर देने के बाद पुलिस ने चार दिन बाद 11 दिसंबर को बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद से श्रवण कुमार बाइक बरामदगी के लिए कोतवाली के चक्कर लगा रहे थे। 9 महीने बीतने के बाद भी पुलिस बाइक की तलाश नहीं कर सकी। 10 सितंबर को श्रवण कुमार के मोबाइल फोन पर मैसेज आया। पता चला कि उनकी बाइक का अलीगढ़ में चालान हुआ है।

अलीगढ़ पुलिस ने बिना हेलमेट चलने पर चालान किया है। पुलिस ने पोर्टल पर बाइक समेत उसपर बैठे दो लोगों का फोटो भी अपलोड किया। श्रवण कुमार कोतवाली पहुंचे लेकिन पुलिस ने तहरीर देकर लेने से मना कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने कहा कि मामले को हाईलाइट मत करना। जो मदद चाहिए वह कर देंगे। अलीगढ़ जाकर अपनी बाइक की तलाश करो।

मांगे आवेदन योजना के तहत प्रति हेक्टेयर 20 हजार रुपये मिलेगा अनुदान

अनुदान पर खेती कराएगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत जिले को 150 हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य

> राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत सब्जियों की खेती के लिए लक्ष्य मिल चुका है। आवेदन मांगे जाने लगे हैं। सब्जियों की मांग पूरे साल बनी रहती है। योजना के तहत किसानों को नियमित आमदनी का अवसर मिलता है।
> – सुशील कुमार, जिला उद्यान अधिकारी

अमृत विचार : सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। इसके लिए किसानों को परंपरागत खेती के साथ सब्जियों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत किसानों को सब्जियों की खेती करने पर प्रति हेक्टेयर 20 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। उद्यान विभाग को 150 हेक्टेयर पर सब्जियों की खेती कराने का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य आवंटित होते ही विभाग की ओर से आवेदन मांगे जाने शुरू कर दिए हैं।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत शासन की ओर से उद्यान विभाग को लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें सामान्य किसानों को 110 हेक्टेयर और 40 हेक्टेयर अनुसूचित जाति के किसानों के लिए निर्धारित किया गया है। योजना के तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 20 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इससे किसानों को खेती करने में काफी मदद मिलेगी। किसान सब्जी का अधिक उत्पादन कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। उद्यान अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार कद्दू वर्गीय खेती के लिए अनुदान दे रही है। इसमें शिमला मिर्च, खीरा, तोरई आदि के साथ मशरूम की खेती के लिए अनुदान दे रही है। योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

नोएडा से आ रहे युवक की सड़क हादसे में गई जान

संवाददाता, विजय नगला

- संभल जनपद की कोतवाली गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी के पास हुआ हादसा
- पत्नी को साथ ले जाने के लिए नोएडा से गांव आ रहे थे, अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार

अमृत विचार : नोएडा से अपने गांव जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। संभल की कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को अवगत कराया। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी नितिन कुमार पुत्र महेंद्र नोएडा में प्राइवेट कंपनी में काम करते थे।

वह शुक्रवार रात अपनी पत्नी अंजलि को नोएडा ले जाने के लिए बाइक से अपने गांव आ रहे थे। रास्ते में गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव बिचपुरी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक का टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस से नितिन कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां चिकित्सक ने मौत की पुष्टि कर दी। उनकी जेब से मिले दस्तावेज के आधार पर पुलिस ने पहचान की। पुलिस ने युवक की परिजनों को सूचना दी। अंजलि का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि युवक की शादी एक साल पहले हुई थी।

गुन्नौर के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि रात में सड़क हादसे में युवक की मौत हुई थी। पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
7906732664, 8445507002

आवश्यकता है
कक्षा N.C. से VIIIth हेतु अनुभवी फीमेल टीचर्स की
(सैलरी योग्यतानुसार)
Interview
15 सितम्बर 2025
समय सुबह 11 बजे से 1 बजे तक
एल.बी.एस. कॉन्वेंट स्कूल
निकट होली चौराहा, संजय नगर, बरेली।
7060189500, 8533037097

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाबालिग पुत्र सक्षम श्रीवास्तव आधार संख्या 8053 8853 6941 आयु 14 वर्ष को मैंने अपनी स्वेच्छा से बिना किसी जोर-जबरदस्ती, दबाव या प्रलोभन के सिख धर्म अपनाने का निर्णय लिया है। अब मेरे पुत्र का नाम दिलजीत सिंह होगा। मनजीत कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री राम रतन निवासी मोहल्ला देशनगर निकट आई.टी.आई. जिला पीलीभीत।

स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज
मुमुक्षु आश्रम, शाहजहाँपुर-242226
आवश्यकता है
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत निम्न विषयों के असि0 प्रोफेसर की योग्यता एवं अनुभव यू0जी0सी0 एवं एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्व विद्यालय के नियमों के अनुसार विज्ञापन की तिथि से 02 सप्ताह के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर समस्त अभिलेखों की 02 सत्यापित प्रतियों सहित आवेदन करें।
बी0सी0ए0 02
एम0एस0सी0 गणित 02
सचिव
प्रबन्ध समिति

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने सगे भाई हरीमोहन एवं सगी बहन सुनीता पत्नी स्व. गौरीशंकर से उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। सुनील कुमार पुत्र स्व. श्री राम लाल निवासी 56 किशोर बाजार, बिहारीपुर कोतवाली, जिला बरेली (उ.प्र.)

REQUIREMENT
Senior Accountant
having perfect knowledge of Tally, GST, TDS, Income Tax
Salary negotiable as per expertise.
Contact :
7037715555, 9045052110

श्री महंत सुखदेवपुरी डिग्री कालेज
विलन्दपुर अशोक, पूरनपुर, पीलीभीत (उ.प्र.)
सभी को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कॉलेज की प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 17.09.2025 को होना सुनिश्चित किया गया है।
सोनिया चौहान
सचिव

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र बाबू व उसकी जेवा को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार और वास्ता नहीं होगा। इदरीश वर्ष पुत्र इम्तयाज निवासी- ग्राम खिरवारा सिरासौल पट्टी तहसील बिल्सी, बदायूं

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार

बरेली, रविवार, 14 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

घरेलू विवाद से परेशान किशोरी फंदे पर लटकी

कैला देवी,अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र के मढ़ावली गांव में गृह क्लेश से परेशान होकर 16 वर्षीय किशोरी ने फंदा लगा लिया। इसी बीच उसका भाई कमरे में पहुंचा तो बहन को फंदे पर लटका देख चीख पड़ा। परिजनों ने आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। किशोरी की हालत गंभीर बनी रही। शनिवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

शौचालय में फंदा लगा कर किशोर ने दी जान

संभल /ओबरी,अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में परिवार में कलह से किशोर परेशान था। शनिवार को शौच के लिए गया और छत में लगे कुंडे में रस्सी के फंदे को गले में डालकर लटक गया। आसपास के लोग पहुंचे और दरवाजा तोड़कर किशोर को उतारा। परिजन ग्रामीणों की मदद से गांव में ही झोलाछाप के पास लेकर पहुंचे। झोलाछाप ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया।

छात्रा के साथ शिक्षक ने की मारपीट, दी तहरीर

संभल/मनोटा, अमृत विचार : गांव गोजनी में जयप्रकाश सहगल ने तहरीर दी कि उनकी बेटी कंपोजिट विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा है। शुक्रवार को लंच टाइम में बच्चों के खेलने के दौरान किसी छात्र ने अध्यापक से कह दिया कि छात्रा ने उनके बारे में कहा है कि वह बच्चों को घूरते रहते हैं। इस बात पर अध्यापक ने छात्रा को बुलाकर पिटाई की और जातिसूचक शब्द कहे। शनिवार को परिजन अध्यापक से शिकायत करने पहुंचे तो अध्यापक ने अभद्रता की। मोबाइल फोन से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वहीं अध्यापक ने आरोपों को गलत बताया है।

श्मशान की जमीन को कराया कब्जामुक्त

संभल, अमृत विचार : पवांसा ब्लॉक क्षेत्र के गांव धुरैटा में श्मशान घाट पर गांव के ही चार ग्रामीणों के द्वारा अवैध कब्जा किया गया। लेखपाल ने पुलिस की मौजूदगी में करीब एक घंटे जेसीबी चलवा कर श्मशान घाट की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। गांव धुरैटा के लेखपाल जीतपाल ने बताया कि गांव में स्थित श्मशान घाट पर आसपास के चार लोगों ने घूर डालकर अवैध कब्जा कर लिया था। ग्रामीणों के द्वारा डीएम को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा मुक्त करने की शिकायत की गई थी। शनिवार को चकबंदी लेखपाल और थाना पुलिस के साथ मौके पर जाकर चिन्हांकन किया गया। पैमाइश में अवैध कब्जा पाया गया।

नर्सिंग इंस्टीट्यूट में फर्जीवाड़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्स की आड़ में करोड़ों का फर्जीवाड़ा सामने आया है। हरदोई निवासी एक युवक ने इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर और उनके सहयोगियों पर मार्कशीट फर्जी निकालने और करोड़ों की ठगी में रिपोर्ट दर्ज की है।

शिवपुरम के लोगों को नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं

जर्जर सड़कें, चोक नालियां, नालों के खुले डिप और बंद स्ट्रीट लाइटें दे रहीं दर्द, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही साफ सफाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : शहर के कुछ मोहल्लों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। शहर का मोहल्ला शिवपुरम में भी उनमें से एक है। समस्याओं का अंबार होने के बाद भी मोहल्ले का बेड़ा पार नहीं हो पा रहा है। मोहल्ले में टूटी सड़कें हैं, नालियां चोक और स्ट्रीट लाइटें नहीं जलतीं। तिराहे पर मेन होल खुला होने से अक्सर वाहन सवार उसमें गिरकर घायल हो जाते हैं।

जिला महिला और पुरुष अस्पताल की चाहरदीवारी के बीच से मोहल्ला शिवपुरम में सड़क जा रही है। जो पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी है। यहां से गुजरने वाले लोग हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं। थोड़ा आगे बढ़ने पर तिराहे पर मोहल्ले का कूड़ा डाला जाता है। जहां की सफाई कभी-कभार ही होती है। कूड़ा सड़क किनारे नाले में जाकर सड़ता रहता है। पास में ही खुला मेनहोल है। कई बार कूड़े का ढेर मेनहोल को ढक देता है। जिससे वहां से गुजरने वाले वाहन सवार धोखा खा जाते हैं और गिरकर चोटिल हो जाते हैं। इसके अलावा पास की नाली ज्यादातर चोक ही रहती है। बारिश के दौरान स्थिति और भयावह हो जाती है। नाली का पानी सड़क पर बहता है।

> मोहल्ले के तिराहे पर लोग कूड़ा डालते हैं। पास में खुले मेन होल के ऊपर कूड़े का ढेर लगने की वजह से वाहन सवार धोखा खा जाते हैं। मेन होल में गिरकर चोटिल हो जाते हैं।
>
>
>
> – अंशु मिश्रा

> नगर पालिका से कई बार मांग की जा चुकी है लेकिन अभी तक समस्या का निस्तारण नहीं किया गया है। नालों की सफाई नियमित होती रहे तो समस्या दूर हो जाएगी।
>
>
>
> – जगदीश मौर्य

> टूटी सड़कों की वजह से राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़कों की वजह से आए दिन वाहन सवार चोटिल हो जाते हैं। जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।
>
>
>
> – दौलतराम मौर्य

> सड़क टूटी है ऐसे में स्ट्रीट लाइट का सही होना बहुत जरूरी है। वैसे तो मोहल्ले में बहुत समस्याएं हैं लेकिन अगर निस्तारण किया जाए तो मोहल्ले के लोगों को परेशानी नहीं होगी।
>
>
>
> – भगवान दास

- कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं कराया गया विकास कार्य
- कूड़े से ढक जाता है नाले का मेनहोल, गिरकर चोटिल हो रहे स्थानीय लोग

तिराहे पर खुले पड़े मेन होल से गिरकर चोटिल हो जाते हैं लोग। ● अमृत विचार

स्ट्रीट लाइट खराब होने की वजह से रहागीरों को होती है परेशानी।

चोक पड़ी नाली।

शिवपुरम की टूटी सड़क से गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार

जलभराव में टूटी सड़कें और नासूर बन जाती हैं। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट खराब होने पर भी राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बिजली के झुके हुए खंभे कभी भी गिर सकते हैं। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई भी विभाग समस्या की ओर ध्यान नहीं देता है।

वकील का मोबाइल चोरी, खाते से निकल गए 65 हजार रुपये

मुरादाबाद, अमृत विचार: क्षेत्र के एक अधिवक्ता का मोबाइल कुछ दिन पहले चोरी हो गया था हो गया था। जिसके बाद बदमाशों ने बैंक खाते में सेंधमारी कर डाली। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी निवासी अधिवक्ता राजकुमार ने बताया कि 7 सितंबर को मंडी समिति में फल-सब्जी लेने के दौरान उनका मोबाइल चोरी हो गया। उसी दिन थाना मझोला में सूचना दी। डुप्लीकेट सिम निकलवाकर दूसरा मोबाइल इस्तेमाल कर लिया। फोन को सर्विलांस पर लगाने के लिए एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन 9 सितंबर को जब वह बैंक में पासबुक अपडेट कराने पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। पता चला कि 8 सितंबर को उनके बचत खाते से 65 हजार रुपये किसी ने निकाल लिए।उन्होंने खाते का संचालन रुकवा साइबर थाने में भी तहरीर दी। बाद में साइबर थाना ने मामला मझोला थाने को भेज दिया।

पुलिस ने कश्मीर के पुंछ से किया युवती को बरामद

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार: दुबई में नौकरी करने वाले जम्मू-कश्मीर के एक मुस्लिम युवक थाना क्षेत्र के गांव की युवती को ले गया। पुलिस ने पुंछ शहर से युवती को बरामद कर लिया।

थाना क्षेत्र एक गांव निवासी युवती इंस्टाग्राम पर रील्स बनाती है। चार साल पहले युवती की बातचीत दुबई में नौकरी कर रहे जम्मू-कश्मीर निवासी अफतार से हुई। युवक युवती के खाते में पैसे ट्रांसफर करने लगा। फिर दोनों के बीच प्रेस-प्रसंग हुआ। छह सितंबर को अफतार दुबई से दिल्ली पहुंचा। वहां से कैब बुक कर गजरौला आया और युवती को ले गया। सात सितंबर को परिजनों के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। पुलिस को युवती के मोबाइल नंबर से मिली सीडीआर के जरिये आरोपित का मोबाइल नंबर मिला। फिर उसके नंबर से कैब चालक का नंबर प्राप्त हुआ। पुलिस ने कैब चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि युवती और युवक कै पाकिस्तान-भारत के बॉर्डर पर स्थित कश्मीर जिले के पुंछ शहर के बस स्टैंड पर उतारा है। इतना क्लू मिलने के बाद पुलिस ने पुंछ शहर में पहुंचकर युवती को आरोपी की बहन के घर से बरामद कर लिया। जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। शनिवार को युवती का शहर की सीएचसी में मेडिकल कराया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया युवती के बयान करवाकर जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

करियामई में गोशाला दुर्दशा का शिकार

संवाददाता, करियामई

- जमीन में बेतरतीब दबाए जा रहे मृत गायों के शव
- आ रही थी दुर्गंध, भाकियू ने की कार्रवाई की मांग

अमृत विचार : विकासखंड इस्लामनगर के गांव करियामई स्थित गोशाला दुर्दशा का शिकार है। भूख और प्यास से गायों की मौत हो रही है। आए दिन हो रही गायों की मौत के बाद उनके शव बेतरतीब जमीन में दबाएं जा रहे हैं। उनसे दुर्गंध उठ रही है। भाकियू ने बीडीओ से प्रधान सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

गांव में बनी गोशाला के नजदीक से कई से दुर्गंध आ रही थी। ग्रामीणों ने वहां जाकर देखा तो मृत गायों के अवशेष बाहर दिख रहे थे। उनमें से दुर्गंध उठ रही थी। गोशाला में जाकर देखा तो एक गाय मरी हुई पड़ी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना भाकियू कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर भाकियू के जिला

प्रधान से वार्ता करते किसान यूनियन के नेता। ● अमृत विचार

सचिव ऋषभ चौधरी गौशाला पहुंच गए। उन्होंने गोशाला की हालत देखकर आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही प्रधान को बुलाकर नाराजगी जताई। इसके बाद मृत गाय और गड्ढे से बाहर दिख रहे गायों के अवशेषों को गड्ढे में दोबारा से दफन कराया। इसके बाद बीडीओ से प्रधान और सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर उनके द्वारा जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं की तो वह आन्दोलन करने के लिए विवश होंगे।

वारदाने के गोदाम में लगी आग ,लाखों का माल राख

कार्यालय संवाददाता,संभल

- मालिक ने चोरी के बाद आगजनी का लगाया आरोप

अमृत विचार: वारदाने के गोदाम में भीषण आग में लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने में दमकल विभाग की टीम को करीब दो घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। घटना में लगभग दो लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

सरायतरीन मोहल्ला भालेभांज खां सराय निवासी चेतन स्वरूप का शिव मंदिर के निकट शिव शक्ति वारदाना स्टोर नाम से गोदाम है। शनिवार रात करीब 12 बजे बड़ी लाड़म सराय निवासी अमित सैनी ने गोदाम मालिक को फोन कर आग लगने की सूचना दी। चेतन स्वरूप और उनके परिजनों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी । दमकल विभाग की टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम में बोरी का वारदाना भरा होने से आग तेजी से फैल गई थी। गोदाम मालिक चेतन स्वरूप ने आरोप लगाया कि घटना से पहले गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया गया। साथ ही गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें रखी बैटरी और सीलिंग फैन चोरी कर लिए गए। इसके बाद गोदाम में आग लगा दी गई। इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि वारदाने के गोदाम में आग की घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग को मौके पर भेजा गया था। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बूथ स्तर पर पार्टी के संगठन को करें मजबूत

बहजोई, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में वोट बढ़ाने को लेकर प्रत्येक विधानसभा में बूथ पर बीएलए नियुक्त करने करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक बूथ पर पार्टी को मजबूत करने की बात कही गई। बिहार में जो वोट चोरी का काम हुआ है वह उत्तर प्रदेश में नहीं करने देने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया।

गांव मिर्जापुर के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित बैठक में राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का मुख्य एजेंडा पोलिंग बूथ पर ब्लू प्रत्येक विधानसभा में बूथ पर नियुक्त करना है जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में जो हुआ वह किसी से छुपा नहीं। संगठन के पदाधिकारी मिलकर बूथ लेवल एजेंट बनाने का काम करें। बदायूं सांसद आदित्य यादव ने कहा कि हम चाहे लोकसभा या विधानसभा में हैं।

दिवंगत साहित्यकारों के परिजन सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

दिवंगत हिन्दी साहित्यकारों की श्रद्धांजलि में तर्पण कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

- बदायूं क्लब में हुआ कार्यक्रम काव्यपाठ कर दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार : हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर बदायूं क्लब में दिवंगत हिंदी साहित्यकारों की श्रद्धांजलि में तर्पण कार्यक्रम हुआ। दिवंगत साहित्यकारों के परिजनों को सम्मानित किया। काव्यपाठ करके श्रद्धांजलि दी गई।

मुख्य अतिथि नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया, प्रख्यात कवि व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के संस्थापक सर्वेश अस्थाना और वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र गरल ने कार्यक्रम का आरंभ किया। डॉ. सोनरुपा विशाल ने सरस्वती वंदना की।

दिवंगत साहित्यकार चन्द्र प्रकाश दीक्षित, हसीब सोज, नूर ककरालवी, फहमी बदायूंनी, टिल्लन वर्मा, गीताजंलि सक्सेना, वहील उल्लाह खां, उमेश चन्द्र पाठक, केवल खुराना, शराफत समीर, विशाल गाफिल को मरणोपरान्त हिंदी भाषा एवं साहित्य साधना के हिन्दी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। उनके परिजनों को शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हिन्दी केवल भाषा नहीं ये हमारा आत्मा है, जो हमें हमारी संस्कृति का बोध कराती है। विशेष अतिथि ने कहा कि जिला साहित्य और अदब की धरती है। प्रख्यात कवि सर्वेश अस्थाना ने कहा कि व्यक्तित्व के अमरत्व के लिए ऐसे श्रेष्ठ आयोजन बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम में क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष, नरेंद्र गरल, अशोक खुराना, आल इण्डिया ज्वैलर्स एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र महाजन, दीपक सक्सेना, अनूप रस्तोगी, रविंद्र मोहन सक्सेना, संजय रस्तोगी, सूरज कुमार, नितिन गुप्ता, सोमेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

20 साल बाद बसपा नेता को मिला अपनी जमीन पर कब्जा

संभल,अमृत विचार: बहुजन समाज पार्टी नेता को 20 साल की लंबी लड़ाई के बाद योगी सरकार में अपनी जमीन पर ने कब्जा मिला

बसपा से पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा संभल-गवां मुख्य मार्ग के किनारे अपनी जमीन पर काबिज होने के लिए 20 साल से संघर्ष कर रहे थे। तमाम कवायद के बाद भी वह जमीन नहीं हासिल कर पाये थे। उन्होंने शासन में शिकायत की थी कि थाना नखासा क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय निवासी मौ. जुबैर व उनके भाइयों ने कब्जा कर लिया है। गृह विभाग के उपसचिव सत्येंद्र प्रताप सिंह ने रिपोर्ट संभल डीएम और एसपी को भेजी। जांच में शिकायत सही निकली। नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, लेखपाल मुकेश कुमार एवं ज्ञानेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और ट्रैक्टर व अन्य सामान को हटाकर बसपा नेता को कब्जा सौंप दिया गया। बसपा नेता ने सरकार और संभल प्रशासन का आभार जताया।

कार्रवाई के दौरान मौजूद राजस्व टीम व बसपा नेता रफतउल्ला।

एक रात में आधा दर्जन नलकूपों से सामान चोरी

संभल/मनोटा, अमृत विचार: जनपद में किसानों के नलकूपों से सामान चोरी करने वाला गिरोह पुलिस पर भारी पड़ रहा है। असमोली थाना क्षेत्र के गांव में इस गिरोह ने एक ही रात में आधा दर्जन से ज्यादा किसानों के नलकूपों से सामान चोरी कर लिया। किसानों ने गिरोह की धरपकड़ की मांग की है ताकि ऐसी वारदातें रुक सकें।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव निबोला में शुक्रवार की रात किसान मेहर सिंह के नलकूप की कोठरी का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक सामान केबिल व स्टार्टर आदि चोरी कर लिया। इसी गांव में जोगिंदर के नलकूप की कोठरी में नकब लगाकर बदमाशों ने स्टार्टर व केबिल आदि सामान चोरी कर लिया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 49059 वादों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

राष्ट्रीय लोक अदालत का आरंभ करते जनपद न्यायाधीश विवेक संगल व अन्य।

अमृत विचार : जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक प्राधिकरण के अध्यक्ष विवेक संगल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश ने दीप प्रज्जवलित करके लोक अदालत का आरंभ किया। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को राष्ट्रीय लोक कल्याणकारी दिवस के रूप में आयोजित किया जाना चाहिए। लोक अदालत में 49059 वादों का निस्तारण किया गया।

जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक पर्व है। जहां पक्षकार अपने-अपने हितों के अनुरूप आपसी समझौते के आधार पर सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव कुमारी ने बताया कि न्यायालय में लम्बित विवादों जैसे आपराधिक शमनीय वाद, एनआई एक्ट के अन्तर्गत धारा 138 मोटर दुर्घटना सम्बन्धित वाद, वैवाहिक पारिवारिक विवाद श्रम सम्बन्धी वाद, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी याद किरायेदारी, ट्रैफिक चालान, राजस्व वाद, विद्युत बिल आदि विवादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करवा सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय एवं अपर प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब

- शनिवार को न्यायालय में आयोजित की गई राष्ट्रीय लोक अदालत

न्यायालय द्वारा अपने न्यायालयों में आपसी समझौते के आधार पर कुल 210 पारिवारिक विवादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी डॉ. मचला अग्रवाल, ने 16 मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाओं का निस्तारण कर अंकन 94 लाख 35 हजार की धनराशि पीड़ितों को बतौर क्षतिपूर्ति दिलाई।

उपभोक्ता फोरम द्वारा 9 में से 7 वादों का निस्तारण कर अंकन 20 लाख 40 हजार 242 रुपय की क्षतिपूर्ति पीड़ितों को दिलाई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 2039 मामलों का निस्तारण प्री-लिटिगेशन से सम्बन्धित वादों में विभिन्न बैंकों के 1233 मामले, भारत संचार निगम लिमिटेड के 14, राजस्व सम्बन्धित 349 मामले, स्थानीय निकाय के 767 और अन्य प्रकार के 44011 मामले थे। कुल 40319 प्री-लिटिगेशन मामलों का और न्यायालयों में लम्बित फौजदारी व सिविल वादों में 8740 वादों का निस्तारण हुआ। इस अवसर पर बीमा कंपनियों के अधिवक्ता अनुराग शर्मा, हसीब हसन, राजेंद्र कुमार अनेजा, गौरव अनेजा, संतोष कुमार सक्सेना, राजीव सक्सेना, एके सिंह राठौर, नवीन कुमार, प्रदीप कुमार सक्सेना के अलावा न्यू इंडिया इंश्योरेंस के नरेश कुमार मौर्य, यूपीआरसीटीसी के गंगा प्रसाद उपाध्याय मौजूद रहे।

छह लाख का समझौता करके वाद निस्तारित

बदायूं, अमृत विचार : शहर के दिनेश चंद्र व उनकी पत्नी मीरा देवी के अधिवक्ता ओमप्रकाश प्रजापति ने स्थाई लोक अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष इश्तियाक अली, सदस्य राकेश कुमार रस्तोगी व स्वदेश कुमारी ने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। वादी और विपक्षीगण के बीच आपसी समझौता होने के कारण वाद पत्र की कार्रवाई समझौते के आधार पर निस्तारित की जाती है। समझौता में भारतीय पेट्रोलियम कारपोरेशन को 6 लाख रुपये अदा करने का समझौता हुआ है। कारपोरेशन की ओर से समझौता की धनराशि वादी के खाते में स्थानांतरित कराई गई है।

अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

शुभम की पत्नी ऐशन्या बोलीं- भारत और पाक का मैच न देखें देशवासी

कानपुर, अमृत विचार : पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या ने लोगों से कहा है कि देशवासी भारत-पाकिस्तान के मैच को नहीं देखें। 14 सितंबर को भारत-पाक के मध्य दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में क्रिकेट मैच होने जा रहा है। पहलगाम हमले में ऐशन्या की आंखों के सामने उनके पति शुभम द्विवेदी को गोली मार दी गई थी। ऐशन्या ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ मैच खेलना उन 26 शहीदों के परिजनों के साथ मजाक है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बड़ी-बड़ी बातें की गई थीं कि पाकिस्तान के साथ कोई संबंध नहीं रखेंगे लेकिन अब मैच होने जा रहा है। लगता है कि बीसीसीआई को शहीदों के परिवारवालों से कोई हमदर्दी नहीं हैं।

एक लाख से अधिक बकाया पर पार्लर का काटा था कनेक्शन

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग ने मंगलवार को एक लाख से अधिक का बकाया बिल होने पर एक मसाज पार्लर का कनेक्शन काटा था लेकिन मसाज पार्लर संचालक ने बिना बिल जमा किए ही तार जोड़कर फिर बिजली चालू कर दी। इस पर टीम ने संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामपुर रोड की आनंद विहार कॉलोनी स्थित एक मसाज पार्लर पर 1 लाख 43 हजार का बकाया था। मंगलवार को बिजली विभाग की टीम ने अभियान के दौरान बिल जमा नहीं होने पर कनेक्शन काट दिया।

आयकर वेबसाइट की धीमी गति से बढ़ी करदाताओं की परेशानी

बरेली, अमृत विचार : आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है, लेकिन आयकर विभाग की वेबसाइट धीमी होने के कारण करदाताओं की परेशानी बढ़ गई है। वेबसाइट पर भारी दबाव के कारण पोर्टल धीमी रफ्तार से चल रहा है, जिससे आयकर रिटर्न भरने में परेशानी हो रही है। आयकर अधिवक्ता रामदेव पांडेय ने बताया कि वेबसाइट बार-बार हैंग हो रही है, जिससे फाइलिंग अधूरी रह जा रही है। यदि करदाता 15 सितंबर तक आयकर रिटर्न फाइल नहीं करते हैं तो उन्हें लेट फीस और ब्याज देना पड़ेगा।

बदमाशों ने डिलीवरी ब्वॉय बन किया था फोन

अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने का मामला, फायरिंग से एक दिन पहले पहुंचे थे बदमाश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने के एक दिन पहले भी बदमाशों ने दस्तक दी थी। बदमाशों ने खुद को डिलिवरी ब्वॉय बता कर उनकी मां को फोन किया था। गनीमत रही कि उनकी मां घर के बाहर नहीं आई। उसके बाद आरोपियों ने फायरिंग की और फरार हो गए। उसके बाद दूसरे दिन फायरिंग कर वारदात की जिम्मेदारी ली। दिशा पाटनी के सेवानिवृत्त सीओ पिता जगदीश पाटनी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। हमले की जिम्मेदारी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने ली है।

सिविल लाइंस, चौपुला स्थित मकान नंबर 240 निवासी जगदीश सिंह पाटनी ने बताया कि 11 सितंबर को सुबह 4:33 से 4:35 बजे बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश उनके घर के पास पहुंचे, जिन्होंने घर पर फायरिंग की। उसके बाद तुरंत सिटी स्टेशन की तरफ फरार हो गए। सुबह का समय होने के कारण उनका पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था। फायरिंग के समय घर में पत्नी पद्मा पाटनी और बेटी पूर्व मेजर खुशबू पाटनी और एक भतीजा मौजूद था। फायरिंग की आवाज सुनकर पड़ोसी दिनेश टंडन जाग गए। वह जब तक बाहर आए तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। दिनेश ने उन्हें यह बात सुबह करीब 6:30 बजे बताई, जब वह अपने फार्म हाउस पर जा रहे थे।

इतना ही नहीं दिनेश ने सड़क पर गिरे दो खोखे भी उन्हें दिए। इस बात की पुष्टि और भी गहरी तब हो गई, जब उनकी पत्नी पद्मा ने बताया कि सुबह उनके फोन पर फोन आया था और फोन करने वाले ने खुद को डिलीवरी ब्वॉय बताकर उन्हें पार्सल देने आने की बात कही थी लेकिन, उन्हें मामला संदिग्ध लगा। उन्हें अंदेशा था कि इतनी सुबह-सुबह किसी भी पार्सल या डिलीवरी का फोन नहीं आएगा। उसके बाद 12 सितंबर को करीब 3:30 बजे उनका पालतू कुत्ता अचानक भौंकने लगा। उसकी आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई। उनका कहना है कि पहले दिन की घटना से वह पूरी तरह से सजग भी थे।

> फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के सेवानिवृत्त सीओ पिता की तहरीर पर दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस की छह टीमें लगाई गई हैं। साथ ही उनके आवास पर भारी पुलिस फोर्स तैनात करने के साथ ही उनकी सुरक्षा में भी गार्ड तैनात किया है। पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश कर रही हैं।
>
> -अनुराग आर्य, एसएसपी

- **दिशा पाटनी के पिता की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

बॉलकनी से पूछा कौन हो, बदमाशों ने कहा मारो गोली : सेवानिवृत्त सीओ जगदीश सिंह पाटनी ने बताया कि जब कुत्ता भौंका तो वह जागे और टैरेस में आकर देखा तो घर के बाहर दो बदमाश बाइक पर खड़े थे। उन्होंने उनसे पूछा कि यहां पर क्या कर रहे हो। इतने में बाइक चलाने वाले ने कहा कि मार दो गोली। वह कुछ समझ पाते कि दूसरे बदमाश ने बाइक से उतरकर ब्रस्ट फायर झोंक दिया। वह किसी तरह से पिलर की आड़ में फर्स में लेट गए, तब जाकर उनकी जान बची। उसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

जगदीश बोले सिरफिरे पर हो कार्रवाई

जगदीश सिंह पाटनी ने बताया कि उनका परिवार सेलिब्रिटी से ताल्लुक रखता है। एक बेटी बॉलीवुड अभिनेत्री है, जबकि दूसरी बेटी आर्मी से मेजर के पद से सेवानिवृत्त होकर मौजूदा समय में पब्लिक फिगर के रूप में जानी जाती हैं। उसकी लाखों में फैन फॉलोइंग है। बेटी के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी और धमकियां पूर्व में भी दी गई हैं। उन्होंने मामले की गहनता से जांच करने की मांग की है। साथ ही सिरफिरे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील भी की है।

कॉलोनी के मुख्य प्रवेश पर लगाया जा रहा गेट

दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग के बाद मोहल्ले के लोग पूरी तरह से दहशत में हैं। इसलिए मोहल्ले के लोगों ने मिलकर कॉलोनी में प्रवेश करने वाले मुख्य रास्ते पर गेट लगवा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने खुदाई कर पिलर भी डाल दिया है। कालोनी के लोगों ने बताया कि यहां पर गेट लगाकर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात किया जाएगा। जिससे कोई भी कॉलोनी में प्रवेश न कर पाए। हालांकि एसएसपी ने घर पर भारी पुलिस फोर्स तैनात करते हुए सेवानिवृत्त सीओ की सुरक्षा में गार्ड भी तैनात कर दिए हैं।

मां ने बाहर से लगाई कुंडी कमरे में बेटे ने फंदा लगाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कोतवाली के मानपुर निवासी सुनील का 11 वर्षीय बेटा कृष्णा शहर के हिंदू मॉडल स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। पिता मजदूरी करते हैं, जबकि मां निशा घरों में खाना बनाने का काम करती है। शनिवार को स्कूल से लौटने के बाद कृष्णा नानी के घर जाने की जिद कर रहा था, लेकिन मां ने पढ़ाई करने को कहा। उसी बीच मां को काम पर जाना था। बेटे के जिद करने पर उसने उसे कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा दी। कृष्णा ने दरवाजा खोलने के लिए मां से गुहार लगाई, लेकिन मां ने अनसुना कर दिया और काम पर चली गई। इसी दौरान गुस्से में बच्चे ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम करीब छह बजे मां काम से लौटी और दरवाजा खोलकर देखा तो कृष्णा फंदे पर लटका मिला। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। निजी अस्पताल से पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: DCE-BL-07-2025

उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :-

क्र. सं. : 1, ई-निविदा सं. : DCE-BL-07-2025, **कार्य का विवरण :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में ओ.डब्लू.जी., अण्ड स्लंग गर्डर, प्लेट गर्डर, कम्पोजिट गर्डर पुलों एवं आर.ओ.बी. का संलग्न विस्तृत सूची के अनुसार ट्राली रिफ्यूज, मैन रिफ्यूज, पाथवे एवं अन्य स्टील स्ट्रक्चर सहित रंगाई का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 90,91,198.49, **बयाने की राशि :** रु. 1,81,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि :** 10 (दस) माह।

• ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 08.10.2025 को 11.00 बजे। • ई-निविदा की प्राप्ति की तिथि दिनांक 08.10.2025 को 10.59 बजे। • ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मुजाधि/डब्ल्यू-259 उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

सं. DCE-BL-05-06-2025

उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित करते है, **क्र०सं०:- 1., ई-निविदा सं०:-** DCE- BL-05-2025, **कार्य का विवरण:-** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में प्लेट गर्डर, कम्पोजिट गर्डर पुलों एवं आर०ओ०बी० का संलग्न विस्तृत सूची के अनुसार ट्राली रिफ्यूज, मैन रिफ्यूज, पाथवे एवं अन्य स्टील स्ट्रक्चर सहित रंगाई का कार्य।, **अनुमानित लागत (रु0) :-** 50,37,253.32, **बयाने की राशि (रु0) :-** 1,00,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य -शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि - 09 (नौ) माह, **क्र०सं०:-2., ई-निविदा सं०:-** DCE-BL-06-2025, **कार्य का विवरण:-** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में प्लेट गर्डर, कम्पोजिट गर्डर पुलों एवं आर0ओ0बी0 का संलग्न विस्तृत सूची के अनुसार ट्राली रिफ्यूज, मैन रिफ्यूज, पाथवे एवं अन्य स्टील स्ट्रक्चर सहित रंगाई का कार्य, **अनुमानित लागत (रु0) :-** 90,12,971.78, **बयाने की राशि (रु0):-** 1,80,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य -शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि - 10 (दस) माह, • ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 06.10.2025 को 11.00 बजे, • ई-निविदा की प्राप्ती की तिथि दिनांक 06.10.2005 को 10.59 बजे, • ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन गोरखपुर

मुजाधि/डब्लू-258

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

दो साल के बच्चे को कुत्ते ने नोचा, भर्ती

बरेली, अमृत विचार: शहर से लेकर देहात तक में आवारा कुत्तों का आतंक कम नहीं हो रहा है। आए दिन कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं। शाही थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम दो साल के बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया, जिसमें बच्चा बुरी तरह से घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

गांव चकदा भगवतीपुर निवासी रिजवान ने बताय कि उनका दो वर्षीय बेटा मोहम्मद सुभान शुक्रवार शाम घर के बाहर खेलते हुए दुकान की ओर जा रहा था। इसी दौरान कुत्ते ने उस पर हमला कर कान को चबा लिया और गर्दन पर भी काट लिया। शोर सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से उसे सीएचसी ले गए। वहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने बरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बच्चे का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

मुआवजे की धनराशि से भुगतान की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: 26 साल से इंसाफ मांग रहे रबड़ फैक्ट्री के मजदूरों की बरेली से लखनऊ तक कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। शनिवार को एस एंड सी कर्मचारी यूनियन के श्रमिक नेता अशोक मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मजदूर प्रेमनगर में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार के कार्यालय पहुंचे और उनसे मिलकर उन्हें अपनी समस्याएं बतायीं।

वनमंत्री को बताया कि रबड़ फैक्ट्री की भूमि पर कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। भूमि कब्जा मुक्त कराने के साथ 2009 में एनएचएआई द्वारा अधिग्रहण की गयी। भूमि के बदले में मिले मुआवजे की धनराशि से मजदूरों का भुगतान कराने की मांग की। मजदूरों की वनमंत्री के साथ बैठक हुई, जिसमें सतीश रोहतगी ने बताया कि डॉ. अरुण सक्सेना रबड़ फैक्ट्री के विलंबित भुगतान विषय पर लगातार सरकार के संपर्क में हैं। उन्होंने श्रमिक नेता अशोक मिश्रा को मुख्य सचिव से दो बार रूबरू मिलवाकर सकारात्मक चर्चा की है। इस दौरान श्रमिक नेता ने फैक्ट्री की भूमि पर अवैध रूप से असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा करने का मामला उठाया। वनमंत्री को बताया कि बरेली-दिल्ली हाईवे के चौड़ीकरण में रबड़ फैक्ट्री की अधिकृत जमीन ली गयी। उसकी करीब 4 करोड़ से ज्यादा की धनराशि प्रशासन के पास है, उसे अंतरिम राहत का भुगतान कर्मचारियों को करने की मांग दोहराई। वन मंत्री ने सभी मजदूरों को आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर आगे की कार्रवाई की बात करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से रबड़ फैक्ट्री के सतीश रोहतगी, प्रदीप रस्तोगी, प्रमोद कुमार, अनिल क्रिस्टोफर, मनमोहन अग्रवाल, एसके निगम, ओम प्रकाश गंगवार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

- **वनमंत्री ने दिया आश्वासन कि शीघ्र मुख्यमंत्री से मिलकर आगे की कार्रवाई की बात करेंगे**

रबड़ फैक्ट्री: सिविल कोर्ट में पहली सुनवाई 10 अक्टूबर को

बरेली, अमृत विचार : रबड़ फैक्ट्री की करीब 1300 एकड़ भूमि पर कब्जा लेने के लिए एडीएम फाइनेंस की ओर से दाखिल कराए गए सिविल सूट के मामले में पहली सुनवाई सिविल कोर्ट में 10 अक्टूबर को होगी। कोर्ट की ओर से सुनवाई के संबंध में प्रतिवादी रबड़ फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है। शासन के निर्देश पर डीएम के मार्गदर्शन में एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह ने बीते सोमवार को सिविल कोर्ट में सिविल सूट दाखिल किया। 46 पेजों की फाइल वाद के साथ लगायी गयी है। शासन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल पुरुषोत्तम पटेल सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट में रबड़ फैक्ट्री केस में पैरवी करेंगे। बता दें कि रबड़ फैक्ट्री स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 1960 के दशक में मुंबई के सेठ किलाचंद को 3 .40 लाख रुपये लेकर 1382 .23 एकड़ भूमि लीज पर दी थी। लीज डीड में शर्त शामिल की गई थी कि फैक्ट्री बंद होने पर सरकार जमीन वापस ले लेगी, लेकिन 15 जुलाई 1999 को फैक्ट्री बंद होने पर राज्य सरकार जमीन पर कब्जा नहीं ले पाई थी।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

सेक्शन-1

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, (खण्ड - बदायूँ)

(पता :- कक्ष सं0 226, प्रथम तल, विकास भवन, जिला - बदायूँ)

पत्रांक :- 808 /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रा0/2025-26 दिनांक :- 03.09.2025

-: मैनुअल निविदा सूचना :-

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बदायूँ में मार्ग निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए, बी, सी एवं डी सीमा के अनुरूप श्रेणी के निविदाताओं से मोहरबन्द निविदायें मैनुअल टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।

1. कार्य से संबन्धित विवरण निम्नवत् है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि बिड.सि0 (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित
विधान परिषद सदस्य (एम0एल0सी0) - बदायूँ।						
1.	बदायूँ	डहरपुर में का यात्री शेड निर्माण कार्य (दातागंज)।	7.331	0.15	766.00	03 माह
2.	बदायूँ	म्याऊँ पुलिस चौकी के निकट तिराहे पर यात्री शेड निर्माण कार्य (म्याऊँ)।	7.331	0.15	766.00	03 माह
3.	बदायूँ	अलापुर में थाने के पास यात्री शेड निर्माण कार्य (म्याऊँ)।	7.331	0.15	766.00	03 माह
4.	बदायूँ	अलापुर में मैनरोड़ पर उसावां की तरफ यात्री शेड निर्माण कार्य (म्याऊँ)।	7.331	0.15	766.00	03 माह
5.	बदायूँ	इस्लामनगर में मैनरोड पर यात्री शेड निर्माण कार्य (इस्लामनगर)।	7.331	0.15	766.00	03 माह
6.	बदायूँ	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने यात्री शेड निर्माण कार्य (सदर)।	7.331	0.15	766.00	03 माह
7.	बदायूँ	चामुण्डा चौराहे पर यात्री शेड निर्माण कार्य (सदर)।	7.331	0.15	766.00	03 माह

2. कार्यालय में निविदा विक्रय की तिथि :- 15.09.2025 से 14.10.2025 तक प्रातः 10:00 बजे से सायः 05:00 बजे तक।
3. मोहरबन्द निविदा प्राप्ति (डालने) के लिए अन्तिम तिथि/समय :- दिनांक 15.10.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक। कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बदायूँ/कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-बरेली/कार्यालय जिलाधिकारी, बदायूँ।
4. प्राप्त मोहरबन्द निविदायें खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 15.10.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे ।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। सभी संभावित निविदाताओं को सलाह दी जाती है कि अधिक जानकारी के लिए विभागीय वैबसाईट http://upred.gov.in पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-बदायूँ।
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से।

UP - 237678 **दिनांक:** 12/09/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

बिहार के गया जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: पितृपक्ष के अवसर पर बिहार के गया जाने वाली ट्रेनों में इस बार भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मुरादाबाद मंडल के बरेली जंक्शन से अब तक करीब 10 हजार यात्रियों ने आरक्षण कराया है। सभी प्रमुख गाड़ियां पूरी तरह फुल हो चुकी हैं और प्रतीक्षा सूची भी तेजी से बढ़ रही है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार जंक्शन से गया, पटना और अन्य स्टेशनों के लिए चलने वाली ट्रेनों में विशेष रूप से यात्रियों का दबाव अधिक है। केवल पितृपक्ष के चलते ही यहां से लगभग 10 हजार टिकट आरक्षित हुए हैं। इससे रेलवे को 13 लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। गया में पितृपक्ष श्राद्ध करने के लिए हर साल बड़ी संख्या में लोग जाते हैं, लेकिन इस बार आरक्षण की मांग और अधिक बढ़ी है। कई यात्रियों को प्रतीक्षा सूची में जगह मिली है, जबकि कुछ को तत्काल कोटे का सहारा लेना पड़ रहा है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि अतिरिक्त मांग को देखते हुए विशेष ट्रेनों के संचालन पर विचार किया जा रहा है। वहीं, नियमित गाड़ियों में कोच बढ़ाकर भीड़ को संभालने की कोशिश होगी। बरेली जंक्शन पर यात्रियों की बढ़ती आवाजाही से प्लेटफार्मों पर भीड़भाड़ का माहौल बना हुआ है। रेलवे ने सुरक्षा और सुविधाओं के मद्देनजर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की है।

- **गया जाने वाली ट्रेनें फुल, 10 हजार टिकट आरक्षित**
- **पितृपक्ष में बरेली जंक्शन से रेलवे को मिला 13 लाख का राजस्व**

एमएलएम कंपनी में निवेश का झांसा देकर 12 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक से गांव के ही व्यक्ति ने एमएलएम कंपनी में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर 12 लाख रुपये ठग लिए। रुपये वापस मांगने पर उसने और रुपये निवेश करने का झांसा दिया। ठगी का एहसास होने पर युवक ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोहनपुर गांव निवासी मिनाजुद्दीन ने बताया कि गांव के रहने वाले नरेश पटेल ने उसे एक एमएलएम कंपनी का प्लान समझाया और मुनाफे का झांसा दिया। उसके झांसे में आकर सबसे पहले उन्होंने 24 जुलाई 2024 को 50 हजार रुपये कुशाग्र हेवीवेट डवलपर्स नामक कंपनी के खाते में डाले। इसके बाद नरेश पटेल ने भरोसा दिलाया कि अगर और रुपये लगाएंगे तो मोटा मुनाफा मिलेगा। उसके झांसे में आकर कई बार में 12 लाख रुपये निवेश कर दिए। रकम कंपनी और उससे जुड़े दूसरे खातों में ट्रांसफर की गई। आरोप है कि न तो उन्हें कोई मुनाफा मिला और न ही उसका पैसा वापस हुआ। जब भी उन्होंने रुपये की मांग की तो आरोपी और रुपये लगाने का दबाव बनाता रहा। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिस खाते में रुपये भेजे गए हैं, उसका ब्योरा जुटाया जा रहा है।

घरजमाई नहीं बनने पर ससुराल वालों ने पीटा

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सेटेलाइट चौराहे पर घर-जमाई न बनने पर युवक पर ससुराल वालों ने घेरकर लाठी-डंडों से पिटाई की। इससे युवक का सिर फट गया। बारादरी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शाहजहांपुर के कोतवाली मोहल्ला हयातपुरा निवासी फैजान ने बताया कि वह हल्द्वानी में भाइयों के साथ मजदूरी करता है। उसकी शादी मोहल्ले के मोहम्मद बल्लू की बेटी से तय हुई थी। उसकी ससुराल वाले शादी के पहले ही उसे शाहजहांपुर आकर उनके घर पर ही रहने का दबाव बना रहे थे, जबकि वह भाइयों को छोड़कर जाने को तैयार नहीं था। वह 10 सितंबर को अपने भाई आसिम के साथ शाहजहांपुर से रोडवेज बस से बरेली आया। दोपहर करीब 2 बजे सेटेलाइट बस स्टैंड के पास पहुंचा। जहां पर पीछे से घात लगाए बैठे मोहम्मद बल्लू, मोहम्मद अयान और तीन अज्ञात युवकों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल कर दिया।

राशन की दुकान के बाहर कालाबाजारी

बरेली, अमृत विचार: बदायूं रोड पर दुकान के बाहर राशन की कालाबाजारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक कार्ड धारकों से राशन मौके पर राशन खरीदकर उन्हें पैसे बांट रहा है। मामला संज्ञान में आने पर अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं। बदायूं रोड के लाल मंदिर के पास सरकारी राशन की दुकान पर सितंबर माह का राशन वितरण शुरू हो गया है। दुकान के बराबर में कुछ लोग तराजू लेकर बैठे हैं।

सार्वजनिक सूचना

यह द्वारा सामान्य जनमानस को को सूचित किया जाता है कि गाटा संख्या 998, ग्राम लखई, तहसील धौरहरा एवं जनपद लखीमपुर खीरी स्थित संपत्ति, मूल विक्रय विलेख संख्या 1523, पुस्तक संख्या 1, वॉल्यूम संख्या 162, पृष्ठ संख्या 77, क्रमांक 1523 दिनांक 11.08.1989 में दर्ज है, जो श्री प्रकाश नाथ पुत्र श्री काशी राम के नाम पर पंजीकृत है। उक्त विक्रय विलेख श्री अवध राम एवं श्री राम असरे पुत्र श्री भगवानदीन (विक्रेताओं) द्वारा श्री प्रकाश नाथ पुत्र श्री काशी राम (क्रेता) के पक्ष में निष्पादित किया गया था, जो कहीं गुम हो गया है तथा बहुत प्रयासों के बावजूद प्राप्त नहीं हो सका है।

उपरोक्त संपत्ति की गुमशुदा मूल विक्रय विलेख संख्या 1523 दिनांक 11.08.1989 के संबंध में श्री ऋषभ गुप्ता पुत्र श्री जगदीश गुप्ता द्वारा एफ.आई.आर. संख्या 2025000671649 दिनांक 12/09/2025 दर्ज कराई गई है। वर्तमान में उपरोक्त संपत्ति के स्वामी एम/एस घनश्याम शुगर इंडस्ट्रीज़ है, जिसके साझेदार श्री ऋषभ गुप्ता हैं। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 17/10/2022 को उप-पंजीयक कार्यालय, जनपद लखीमपुर खीरी में पुस्तक संख्या 1, वॉल्यूम संख्या 5834, पृष्ठ संख्या 75 से 90, क्रमांक 9130 पर विधिवत पंजीकृत है। उक्त संपत्ति को पंजाब नेशनल बैंक, हॉस्पिटल रोड शाखा, लखीमपुर खीरी के पक्ष में बंधक रखा जाना प्रस्तावित है।

यदि किसी व्यक्ति को विक्रय विलेख संख्या 1523 दिनांक 11.08.1989 मूल रूप में प्राप्त हो जाए, तो कृपया उसे पंजाब नेशनल बैंक, हॉस्पिटल रोड शाखा, लखीमपुर खीरी में जमा कराएं। अन्यथा, उसके किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत प्रयोग हेतु स्वयं वह उत्तरदायी होगा।

यदि किसी व्यक्ति का उक्त संपत्ति में कोई हित/अधिकार है अथवा उसे कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के भीतर नीचे दिए गए पते संपर्क मोबाइल नंबर पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं या मोबाइल नंबर 9956184787 पर संपर्क करें।

राम शरण वैद्य आदर्श इण्टर कॉलेज, मई-बसई (बदायूं)

विज्ञप्ति

शिक्षा निदेशक माध्यमिक उ.प्र. के पत्र सं.- सा. (1) शि./वाद/12273-76/2024-25 दिनांक 10.03.2025 के आदेश के अनुपालन में राम शरण वैद्य आदर्श इण्टर कॉलेज, मई-बसई (बदायूं) में सामान्य श्रेणी के एक सहायक लिपिक पद (वेतनमान 5200-20200) पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, न्यूनतम अर्हता-इण्टरमीडिएट CCC, PET में 50 प्रतिशत से अधिक पर्सेन्टाइल स्कोर। कम्प्यूटर टंकण की गति हिन्दी भाषा में न्यूनतम 25 तथा अंग्रेजी भाषा में 30 शब्द प्रति मिनट आयु सीमा 01 जुलाई 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष। रू. 750 का पोस्टल आर्डर अथवा बैंक ड्राफ्ट प्रबन्धक, राम शरण वैद्य आदर्श इण्टर कॉलेज, मई-बसई (बदायूं) के नाम जो बिसौली में देय होगा। आवेदन पत्र रजिस्टर्ड द्वारा विद्यालय के पते पर तथा उसकी छाया प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बदायूं की ई-मेल आई.डी. rmsa.badaun@gmail.com पर प्रकाशन तिथि से 21 दिन तक सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। आवेदन फार्म www.sarkariresult.com से डाउनलोड कर सकते हैं अथवा विद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

प्रबंधक
राम शरण वैद्य आदर्श इण्टर कॉलेज, मई-बसई (बदायूं)

बरेली और खीरी की टीमें फाइनल में

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश एसोसिएशन सेपक टाकरा की ओर से 20वीं उत्तर प्रदेश महिला और पुरुष राज्य चैंपियनशिप की शुरुआत शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई। दो दिवसीय चैंपियनशिप में 15 महिला और 20 पुरुष की टीमें भाग ले रही हैं।

चैंपियनशिप में रेगू और क्वाड दो इवेंट होंगे। पहले दिन क्वाड इवेंट के मैच हुए। महिलाओं के वर्ग में पहला सेमीफाइनल बरेली और बदायूं के बीच हुआ, जिसमें बरेली ने जीत हासिल की। दूसरा सेमीफाइनल लखीमपुर और आगरा के बीच हुआ, जिसमें लखीमपुर ने जीत हासिल की। रविवार को फाइनल मुकाबले खेले जाएगें। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। खिलाड़ियों का भी स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्धराज सिंह, समाजसेवी परमजीत गुजराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष विशाल मल्होत्रा, भारतीय कोच एवं ज्वाइंट सेक्रेटरी जयंत गंगवार, अलका मल्होत्रा, कोच राम कुमार, साई कोच मीना कुमारी और शुभम तिवारी भी मौजूद रहे।

- **20वीं उत्तर प्रदेश महिला और पुरुष सेपक टाकरा राज्य चैंपियनशिप शुरू**
- **चैंपियनशिप में 15 महिला और 20 पुरुष की टीमें कर रहीं प्रतिभाग**

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी बरेली

पत्रांक : 281/कृ.उ.म.स./2025 दिनांक : 12 सितम्बर 2025

प्रधान मण्डी स्थल, बहेड़ी एवं उपमण्डी स्थल, रिछा तथा ए.एम.एच. राठ के समस्त लाईसेंसधारी थोक व्यापारियों/आढतियों एवं इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि प्रधान मण्डी स्थल बहेड़ी एवं उपमण्डी स्थल, रिछा तथा ए.एम.एच. राठ की रिक्त दुकानों की नीलामी प्रधान मण्डी स्थल, बहेड़ी (बरेली) के सभाकक्ष में दिनांक 07.10.2025 को प्रात: 11:30 बजे निर्धारित की गयी है, रिक्त दुकानों का विवरण निम्नवत है :-

क्र.सं.	नाम रिक्त दुकान	दुकान की श्रेणी	कुल रिक्त दुकानों की संख्या	दुकानों की संख्यावार आरक्षण संशोधित स्थिति				न्यूनतम प्रीमियम	पंजीकरण धनराशि रू. में.
				अनुसूचित जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग		
01	02	03	04	05	06	07	08	09	10
1.	प्रधान मण्डी स्थल बहेड़ी	"स" श्रेणी	01	05	-	-	-	116000.00	11600.00
2.		"स" श्रेणी नवनिर्मित	10	11, 15	13, 17, 19	12, 14, 16, 18	20	662000.00	66200.00
3.	उपमण्डी स्थल रिछा	"अ" श्रेणी	03	1, 5	-	6	-	539000.00	53900.00
4.		"ब" श्रेणी	24	1,5,11,15 21,25	7,13,17, 19, 23,27, 29	8,12,14, 16,18,22, 24,26,28	20,30	367000.00	36700.00
5.	ए.एम.एच. राठ	"स" श्रेणी	04	1,5,11	-	8	-	194000.00	19400.00
6.		"स" श्रेणी	08	1,5	7,3	2,4,6	10	28000.00	2800.00

उपरोक्त रिक्त दुकानों की नीलामी में भाग लेने हेतु रूपया 250.00+ जी.एस.टी. का नगद भुगतान करके कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहेड़ी से आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित दुकानों के आवंटन की शर्तो सहित पूर्ण रूप से भरकर उपरोक्तानुसार पंजीकरण धनराशि का बैंकर्स चैक/ड्राफ्ट "कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहेड़ी" के पक्ष में बनवाकर संलग्न करते हुये एवं जाति प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए प्रधान मण्डी स्थल, बहेड़ी एवं उपमण्डी स्थल, रिछा तथा ए.एम.एच. राठ हेतु दिनांक 06.10.2025 को सायं 5:00 बजे तक जमा/स्वीकार किये जायेंगे। विस्तृत नियम एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय/नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। यह भी अवगत कराना है कि प्रीमियम/किराये की धनराशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगा। उपरोक्त दुकानों का आवंटन परिषद पत्रांक विपणन 3/दु.आ. नियमा./2016-2775 दिनांक 29 जुलाई 2016 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत किया जायेगा।

(नरेन्द्र कुमार गंगवार)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

(रत्निका श्रीवास्तव)
सभापति/उपजिलाधिकारी
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

विहाय कामाण्यः सर्वान्पुमांश्चरति निष्पृहः। निर्ममो निरहंकार स शांतिमधिगच्छति ॥

गीता में श्रीकृष्ण जी कहते हैं, जिसने इंद्रिय तृप्ति के लिए सभी इच्छाओं को त्याग दिया है, जो इच्छाओं से मुक्त रहता है, जिसने स्वामित्व की सभी भावनाओं को त्याग दिया है और झूठ व अहंकार से रहित है। केवल वही वास्तविक शांति प्राप्त कर सकता है।

हिन्दी भारत के जन गण मन की प्रीति

> भारत में विश्व के चार भाषा परिवार-भारोपीय, द्रविड़ कौल और कीरत हैं। इन भाषाओं के बोलने वालों के बीच सांस्कृतिक समानताएं थीं-हैं। शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। बाद की सभी भाषाओं-बोलियां में संस्कृत और संस्कृति का प्रदाय था। राष्ट्र का अभ्युदय और आत्मज्ञान इस शिक्षा का लक्ष्य था। दसवीं शताब्दी तक संस्कृत और उसकी प्राकृत भाषा ही शिक्षा, इतिहास, भौतिकी और परा विज्ञान का माध्यम थी। संस्कृत और संस्कृति से विकसित पाली, मगधी, प्राकृत, अपभ्रंश और अंतत: हिन्दी ने ही भारत को एक सांस्कृतिक क्षेत्र बनाया।

भाषा विज्ञानी अलब्राइट व लैम्बिडन ने सुमेरी को प्राचीनतम लिखित भाषा बताया। इनके मुताबिक पश्चिम को सुमेरी ने प्रभावित किया। उन्होंने बताया अंग्रेजी 'ऐबिस' सुमेरी का अब्ज (पृथ्वी के नीचे का जल) है। यूनानी में वह अबुस्सास है। बेबीलोन में इसे अप्सु कहते हैं, लेकिन ऋग्वेद (1.23.19, 9.43.9 और 9.30.5 आदि) में अप और अप्सु शब्द भरे पड़े हैं। मिस्री, सुमेरी और संस्कृत में भूतल जल पर एक शब्दावली है। विलियम जोन्स ने कहा कि "संस्कृत ग्रीक से अधिक निर्दोष, लैटिन से अधिक समृद्ध और इनमें किसी से भी अधिक उत्कृष्ट है। इसके बावजूद धातुओं और व्याकरणिक रूपों में यह इन दोनों से प्रगाढ़ संबंध रखती है, इतना प्रगाढ़ कि कोई भाषाविद इनका एक ही स्रोत माने बिना छानबीन नहीं कर सकता।" संस्कृत जाने बिना विश्व भाषा विज्ञान, विश्व भाषा परिवार, सृष्टि संरचना और विश्व सांस्कृतिक सम्बंधों का अध्ययन कैसे हो?

सभ्यता, संस्कृति, दर्शन, भौतिकी और आधुनिक ज्ञान विज्ञान का आदि केन्द्र भारत है, इन सबकी आदि भाषा है संस्कृत। यूरोपीय विद्वान एच. एस. मेन ने लिखा था, "बीजगणित-अंकगणित में पश्चिमी सहायता के बिना ही ऊंचे दर्जे की दक्षता है। दशमलव प्रणाली के अविष्कार का हम पर ऋण है। अरबों ने अंक हिंदुओं से पाए, यूरोप में फैलाए। अरब चिकित्सा पद्धति संस्कृत ग्रंथों का अनुवाद है, यूरोपीय चिकित्सा पद्धति 17 वीं सदी तक अरबी चिकित्सा थी।" विलियम हंटर ने लिखा था कि "पश्चिम के विद्वान जब भाषा विज्ञान का विवेचन आकस्मिक समानताओं के आधार पर कर रहे थे, उस समय भारत में व्याकरण को मूल सिद्धांतों का रूप मिल चुका था। पाणिनि का व्याकरण संसार में सर्वोच्च है।" मैक्समूलर ने लिखा, "भारत के मानवी-मस्तिष्क ने कुछ सर्वोत्तम गुणों का पूर्ण विकास किया है। जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं पर भारत द्वारा प्राप्त हल प्लेटो और कांट के दर्शन का अध्ययन किए हुए लोगों के लिए (भी) विचार करने योग्य है। यूनानी, रोमन और एक समेटिक जाति यहूदी के विचारों मात्र पर पालित पोषित यूरोप के हम लोग जीवन को अधिक परिपक्व, अधिक व्यापक, अधिक सार्वलौकिक दरअसल सच्चे मानवीय बनाने के लिए भारत की ओर ही देखते हैं।" गांधी ने लिखा, "पृथ्वी पर हिंदुस्तान ही एक ऐसा देश है, जहां मां-बाप अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना लिखाना पसंद करेंगे।" अंग्रेजी को विश्व भाषा बताया जाता है लेकिन जापान, रूस और चीन आदि अनेक देशों में अंग्रेजी की कोई हैसियत नहीं है। भारत की संविधान सभा (14 सितंबर 1949) ने हिन्दी को राजभाषा बनाया, 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परंतु' जोड़ा। पंडित नेहरू ने कहा, "हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, किंतु इसे हम सहन नहीं कर सकते।"

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

एन. जी. आयंगर ने सभा में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखते हुए 15 बरस तक अंग्रेजी को जारी रखने का कारण बताया, "हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह समुन्नत भाषा नहीं है। सेठ गोविंद दास ने हिन्दी की पैरोकारी की, इस देश में हजारों वर्ष से एक संस्कृति है। यहां एक भाषा और एक लिपि ही होनी चाहिए।" आर. वी. धुलेकर ने कहा, "मैं कहता हूं कि वह राजभाषा है, राष्ट्रभाषा है। हिन्दी के राष्ट्रभाषा-राजभाषा हो जाने के बाद संस्कृत विश्व भाषा बनेगी। अंग्रेजी के नाम 15 वर्ष का पट्टा लिखने से राष्ट्र का हित साधन नहीं होगा। (संविधान सभा बहस 13-9-1949) संविधान में तीन दिन तक बहस हुई। संविधान के अनुच्छेद (343-1) में हिन्दी राजभाषा बनी। किंतु अनुच्छेद (343-2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्रावधान हुआ। हिन्दी के लिए आयोग-समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनुच्छेद 351) केन्द्र पर डाली गई, लेकिन कांग्रेस अपने जन्मकाल से ही अंग्रेजी को वरीयता देती रही, गांधी जी ने कहा, "अंग्रेजी ने हिंदुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है। मैं इसे अपने देश और मनुष्यत्व के प्रति अपराध मानता हूं।" (संपूर्ण गांधी वांगमय 29-312) भारतीय संस्कृति, सृजन और संवाद की भाषा हिन्दी है। हिन्दी के पास प्राचीन संस्कृति और परंपरा की सुदीर्घ विरासत है। हिन्दी ने संस्कृत सहित सभी भारतीय भाषाओं बोलियां से शब्द लिए। सबको अर्थ दिए। हिन्दी दिवस की रस्म अदायगी होती रही है। वह राजभाषा है, लेकिन फारसी, अंग्रेजी की तरह उसे राज्य आश्रय नहीं मिला। फारसी मध्यकाल के बादशाहों ने थोपी थी, अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी लाई। हिन्दी का विस्तार राज्य आश्रय से नहीं हुआ।

भारत में विश्व के चार भाषा परिवार-भारोपीय, द्रविड़ कौल और कीरत हैं। इन भाषाओं के बोलने वालों के बीच सांस्कृतिक समानताएं थीं-हैं। शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। बाद की सभी भाषाओं-बोलियां में संस्कृत और संस्कृति का प्रदाय था। राष्ट्र का अभ्युदय और आत्मज्ञान इस शिक्षा का लक्ष्य था। दसवीं शताब्दी तक संस्कृत और उसकी प्राकृत भाषा ही शिक्षा, इतिहास, भौतिकी और परा विज्ञान का माध्यम थी। संस्कृत और संस्कृति से विकसित पाली, मगधी, प्राकृत, अपभ्रंश और अंततः हिन्दी ने ही भारत को एक सांस्कृतिक क्षेत्र बनाया। अमेरिकी भाषाविद एम. बी एमेन्यू ने भारत को भाषिक क्षेत्र बताया। अरबी-फारसी के विद्वानों ने भारत की भाषाई पहचान के लिए हिन्दी शब्द का प्रयोग किया। अमीर खुसरो ने इसे हिंदवी-हिंदुई गाया। हैदराबाद के मुस्लिम शासक कुली कुतुबशाह ने इसे 'जबाने हिन्दी' बताया। हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है। वह यमुना के निकुंजों पर गीत गाते बड़ी हुई। अंग्रेजी राज के बाद फारसी की जगह अंग्रेजी आ गई। गांधीजी ने अंग्रेजी और हिन्दी का समर्थन (1917) करते हुए कहा, "हिन्दी ही हिंदुस्तान के शिक्षित समुदाय की भाषा हो सकती है। अंग्रेजी विदेशी भाषा है। हिन्दी 22 करोड़ की भाषा है।" स्वाधीनता संग्राम में जनप्रबोधन की भाषा हिन्दी थी।

तीन दिन तक चली बहस में हस्तक्षेप करते हुए पंडित नेहरू ने कहा, "अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, किंतु इसे हम सहन नहीं कर सकते।" 14 सितंबर के दिन अंग्रेजी प्रभुत्व के साथ हिन्दी राजभाषा बन गई। संविधान ने हिन्दी के प्रसार-प्रचार का काम केन्द्र को सौंपा। हिन्दी कमजोर सिद्ध हो गई। वर्तमान केन्द्र सरकार ने हिन्दी को समृद्ध करने के लिए काफी काम किए हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में विज्ञान आदि विषयों पर हिन्दी में पुस्तकें लिखें जाने की योजना पर काम जारी है। अनेक गोष्ठियां हुईं। उच्चतम न्यायालय-उच्च न्यायालय और संसद में प्रस्तावित विधेयकों-पारित कानूनों की भाषा अंग्रेजी (अनुच्छेद 348) ही है। हिन्दी जानने वालों की संख्या सवा अरब से भी ज्यादा है। भारत के बाहर अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजराइल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिदाद, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। हिन्दी पंख फैलाकर उड़ी है। देश में सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों-सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। राजनैतिक कारणों से जब कब दक्षिण के राज्यों में हिन्दी का विरोध होने लगता है। प्रत्येक राज्य को अपनी भाषा तय करने का अधिकार है। दुर्भाग्य से ये राज्य अंग्रेजी चलाना चाहते हैं। तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम आदि से हिन्दी की स्पर्धा नहीं है। हिन्दी भारत के जन गण मन की प्रीति है।

अमेरिका की बेचैनी और भारत की संतुलन नीति

हाल ही में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक ने वैश्विक राजनीति में एक बार फिर भारत की निर्णायक भूमिका को उजागर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय चर्चाएं कीं। इस घटनाक्रम ने अमेरिका के राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। खासतौर पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने। डोनाल्ड ट्रंप ने इस बैठक के बाद प्रतिक्रिया स्वरूप "ट्रुथ सोशल" पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही प्रधानमंत्री मोदी से बात करने को उत्सुक हैं और भारत के साथ व्यापार बाधाओं को दूर करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को "बहुत अच्छा दोस्त" बताते हुए मीठे शब्दों में भारत को एक "विशेष साझेदार" के रूप में संबोधित किया, लेकिन सवाल उठता हैः क्या ट्रंप पर भरोसा किया जा सकता है? यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप "गिरगिट की तरह रंग बदलने" के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। उन्होंने भारत पर कई व्यापारिक प्रतिबंध और टैरिफ लगाए, जिनमें से कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैं: 2018 स्टील (25 प्रतिशत) और एल्युमिनियम (10 प्रतिशत) पर टैरिफ भारत की मेटल एक्सपोर्ट इंडस्ट्री को नुकसान, 2019 भारत को जीएसपी से बाहर किया, 2020 दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर निगरानी बढ़ाई भारत के फार्मा सेक्टर पर दबाव, 2021 इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी समीक्षा भारत के टेक एक्सपोर्ट को प्रभावित किया। वर्तमान में लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से तो सभी वाकिफ हैं ही।

हरीश उप्रेती करन
लेखक

> एससीओ की बैठक में तीन वैश्विक ध्रुवों के नेताओं के बीच संवाद ने यह दिखा दिया कि भारत अब सिर्फ एक सहयोगी नहीं, बल्कि एक निर्णायक कूटनीतिक खिलाड़ी है।

ट्रंप प्रशासन ने भारत को "टेरीफ किंग" तक कह डाला था और बार-बार यह जताया कि भारत एक कठिन व्यापार भागीदार है। अब जब अमेरिका भारत-चीन-रूस के समीकरण से चिंतित है, तो ट्रंप की "दोस्ती की पेशकश" एक रणनीतिक चाल से अधिक कुछ नहीं लगती। भारत की संतुलन नीतिः एक स्वतंत्र दृष्टिकोणः भारत की विदेश नीति पिछले एक दशक में स्पष्ट रूप से "गैर-पक्षपाती संतुलन" की दिशा में आगे बढ़ी है। भारत न तो अमेरिका के दबाव में है, न चीन की धौंस में। रूस के साथ रक्षा सहयोग, चीन के साथ आर्थिक बातचीत और अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी, भारत तीनों महाशक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बना रहा है।

एससीओ की बैठक में तीन वैश्विक ध्रुवों के नेताओं के बीच संवाद ने यह दिखा दिया कि भारत अब सिर्फ एक सहयोगी नहीं, बल्कि एक निर्णायक कूटनीतिक खिलाड़ी है। ट्रंप द्वारा अचानक की गई "मोदी से बात" की पेशकश इस बात का संकेत है कि अमेरिका, खासकर ट्रंप जैसे नेता, भारत को खोना नहीं चाहते, लेकिन वे अब भी भारत को एक स्वतंत्र शक्ति के रूप में स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप की "मीठी बातें" भारत पर दबाव की पुरानी शैली को एक नए आवरण में प्रस्तुत करने का प्रयास भर हैं। ऐसे में भारत को चाहिए दूरदर्शिता और आत्मनिर्भर रणनीति अपनाए। भारत को ट्रंप के बयानों से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। इतिहास गवाह है कि अमेरिका ने जब-जब भारत को सहयोगी माना है, तब-तब उस सहयोग के पीछे स्वार्थ और रणनीति छुपी रही है। भारत को अपनी "स्वायत्त विदेश नीति" और आत्मनिर्भर व्यापार नीति के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए।

जिंदगी की गणित और परिवार

गणित विषय में अध्ययन करते समय एक निश्चित फार्मूले के अनुसार उसका हल निकालना पड़ता है। फार्मूला गलत हुआ तो उत्तर सही नहीं आएगा। दो और दो जोड़ने पर चार ही उत्तर आएगा, कोई पांच का उत्तर लिखे तो वह गलत हो जाएगा। इसी तरह जिंदगी की भी गणित होती है। गणित विषय में जैसे अत्यंत सूक्ष्म दशमलव के हेर-फेर से उत्तर बदल जाता है, ठीक वैसे ही जिंदगी में छोटी-छोटी बातों से जीवन की दिशा बदल जाती है। हर इंसान आनंद एवं उल्लास चाहता है, लेकिन अधिकांश लोग जिंदगी में परेशानी का अनुभव करते हैं। परेशानी आ कहां से रही है, क्यों आनंद एवं उल्लासहीन जीवन है, इस पर विचार करने की जरूरत है। जिंदगी में प्रसन्नता के लिए सबसे पहले परिवार नामक संस्था में एकरूपता तथा समभाव होना चाहिए। इसके बिना आनंद संभव नहीं है। परिवार के रिश्तों में एक-दूसरे के प्रति प्रेम एवं विश्वास का भाव होना चाहिए। घर के बड़े सदस्यों की जिम्मेदारी होती है कि वे घर के हर सदस्य के मनोभावों को समझें तथा उसके अनुरूप आचरण करें।

सलिल पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार

वर्तमान भौतिक युग में पैसे की महत्ता बढ़ गई है। सुबह सो के उठने से लेकर रात बिस्तर पर सोने के लिए जाते समय तक अधिकाधिक पैसा कमाने की चाहत जिंदगी की गणित को दो और दो मिलकर पांच कर रहा है, जो पूरी तरह गलत है। इसके अलावा वर्तमान दौर में एंड्रॉयड फोन भी जिंदगी को स्मार्ट नहीं, बल्कि चिंताजनक बना रहा है। आंख खुलते ही मोबाइल पर नजर धंस जा रही है। स्थिति यह हो गई है कि घर हो या कोई भी स्थान हो, कुछ लोग बैठे हैं तो सभी मोबाइल में उलझे हैं। कोई किसी से बात नहीं कर पा रहा है।

सार्वजनिक स्थान पर जो आचरण अपनाते हैं, वह धीरे-धीरे स्वभाव बनता जा रहा है, जिसे सद्गुण नहीं कह सकते। परिवार अलग है और बाहरी दुनिया अलग है। इसमें अंतर करना पड़ेगा। घर के छोटी उम्र के बच्चों से घुलमिलकर बातचीत तथा हंसी-ठहाका लगाने की कोशिश करनी चाहिए न कि उन्हें मोबाइल पर कार्टून देखने के लिए छोड़ देना चाहिए। सुबह का उगता सूरज तथा शाम को ढलता सूरज अनोखी छटा छोड़ता है। इसे भी बीच-बीच में देखते रहना चाहिए। इससे केवल मानसिक नहीं शारीरिक स्वास्थ्य भी उत्तम होता है। इसी प्रकार आकाश में उगा पूर्णिमा का चांद एवं तारे आह्लादित करते हैं। परिवार में आनंद एवं आह्लाद के लिए आपसी संवाद, करेंट विषयों पर सकारात्मक चर्चा करनी चाहिए। घर के बड़े सदस्य अपने अनुभवों को भी साझा करें। साथ ही देश में हुए महान व्यक्तित्वों और उनके कार्यों को भी छोटे सदस्यों को बताना चाहिए। इससे परिवार के सदस्यों के ज्ञान में वृद्धि होगी, साथ सकारात्मक संस्कार का निर्माण भी होगा।

इन स्थितियों में यह नहीं कहना पड़ेगा कि आजकल के बच्चे माता-पिता और बड़ों की बात नहीं मानते। यदि घर का मुखिया इस तरह की बात कर रहा है तो उसे अपना भी दोष देखना चाहिए कि जब समय था तब परिवार को सुसंस्कृत नहीं किया। सफल परिवार के लिए जिस पारिवारिक गणित की जरूरत थी, उसे नहीं अपनाया, क्योंकि बच्चे-बड़ों का अनुकरण करते हैं। समय रहते सजग भाव से परिवार की गणित अपनाए रहना चाहिए, ऐसी स्थिति में कभी दो और दो-पांच नहीं होगा।

शीतकाल के अस्तित्व पर संकट

> मानसून तापमान में अधिकता के कारण लंबे समय यानी सितंबर के दूसरे पखवाड़े तक सक्रिय रहेगा। अब बड़ा सवाल यह भी है कि ऋतुओं में आ रहे परिवर्तन से शीतकाल खत्म ही न हो जाए। तापमान में बढ़ोतरी से इसकी समाप्ति की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

मानसून की अवधि जहां लंबी हो चली है तो ऋतुओं के दिनों में 15 से 20 दिनों का अंतर भविष्य के खतरे की घंटी बजा रहा है। मध्य हिमालय इस परिवर्तन की सर्वाधिक जकड़ में है। पर्यटन के लिहाज से देश-दुनिया के लिए आदर्श माने जाने वाले उत्तराखंड में इस कदर मौसम चक्र गड़बड़ा रहा है कि अब शीतकाल के अस्तित्व पर ही संकट के बादल छा गए हैं। मौसम के बदलते मिजाज को हमें दो तरीकों से समझना होगा। पहला, ऋतुओं की समयावधि अब निश्चित नहीं रही। मानसून और शीतकाल सर्वाधिक प्रभावित होने लगे हैं। मानसून लंबा और शीत ऋतु के दिन कम होने लगे हैं। जलवायु परिवर्तन इसकी मुख्य वजह है और मध्य हिमालय क्षेत्र सर्वाधिक इसकी जकड़ में है। दूसरा-शीत, बसंत, ग्रीष्म व शरद ऋतु को अतीत में मौसम की भिन्नता के हिसाब से विभाजित किया गया था, मगर ग्रीनहाउस गैसों की वृद्धि से जलवायु में आ रहे बदलाव ऋतुओं को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं।

अमित शर्मा
हल्द्वानी

दो दशक पहले तक जुलाई में मानसून में अधिक पानी बरसता था, जो आगे खिसककर अगस्त में अधिक पानी बरसाने लगा है। यह कहा जा सकता है कि मानसून के दिनों में महीनेभर का अंतर आ चुका है। अब संभावना है कि जुलाई की अपेक्षा अगस्त में अधिक पानी बरसेगा। साथ ही मानसून की विदाई का समय भी 15 से 20 दिन आगे खिसक चुका है। यानी सितंबर के शुरुआती चरण में विदा होने वाला मानसून सितंबर के दूसरे पखवाड़े के बाद ही लौट रहा है। मौसम के जानकार मानते हैं कि मानसून के दिन आगे खिसकने से शरद ऋतु के दिनों में अंतर आना स्वाभाविक है। शरद ऋतु के दिन अक्टूबर से दिसंबर तक जारी रह सकते हैं, जिस कारण शीतकाल में ठंड की आमद दिसंबर की जगह जनवरी से होगी और शीतकाल जल्द ही खत्म भी हो जाएगा। इसकी वजह वैश्विक तापमान में तेजी से वृद्धि है। यानी जनवरी का मौसम खासा ठंड रहेगा और फरवरी में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड तापमान बढ़ने की वजह से गर्म होने लगेगी, जिस कारण शीत के दिन सिमटकर लगभग डेढ़ माह रह जाएंगे और बसंत ऋतु समय से पहले गरमाने लगेगी, जिसके चलते मार्च से मई के बीच का तापमान तेजी से बढ़ेगा और मई का महीना वर्ष का सर्वाधिक गर्म रहेगा।

तापमान अधिक बढ़ने के साथ ही प्री मानसून शॉवर समय से पहले बरसने लगेंगे और मानसून भी जल्द दस्तक दे जाएगा। तापमान में अधिकता के कारण लंबे समय यानी सितंबर के दूसरे पखवाड़े तक सक्रिय रहेगा। अब बड़ा सवाल यह भी है कि ऋतुओं में आ रहे परिवर्तन से शीतकाल खत्म ही न हो जाए। तापमान में बढ़ोतरी से इसकी समाप्ति की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। जब ठंड ही नहीं रहेगी तो शीतकाल के मायने ही बदल जाएंगे। यूं भी डेढ़ से ढाई हजार मीटर की ऊंचाई पर तापमान बढ़ने से बर्फबारी का दौर छट चुका है। नैनीताल और मुक्तेश्वर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जहां बर्फ गिरनी लगभग समाप्त हो चुकी है। हां, यदि ला नीना असरकारक रहा, तभी बर्फबारी हो सकती है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज), नैनीताल के वरिष्ठ पर्यावरण व वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कहते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि से तापमान इस कदर बढ़ चला है कि जलवायु चक्र गड़बड़ाने लगा है। गर्मी का मौसम लंबा और सर्दी छोटी हो रही है। वायुमंडलीय पैटर्न बदलने से ऋतुओं की शुरुआत और अवधि में बदलाव आ रहा है। अलनीनो व ला नीना जल्द सक्रिय होने लगे हैं। वनों का दोहन, शहरीकरण का विस्तार और औद्योगिकरण के कारण पर्यावरण वैश्विक स्तर पर प्रभावित हो रहा है, जो मौसम और ऋतुओं के समय को बदल रहा है।

हिमाचल तक सिमटे पश्चिमी विक्षोभः वैश्विक तापमान का बड़ा असर शीतकाल में पानी बरसाने वाले बादल पश्चिमी विक्षोभ पर पड़ा है, जो समुद्र से उठते हैं और हिमाचल तक ही सक्रिय रह पाते हैं, जबकि ये उत्तराखंड तक पहुंचा करते हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों से हिमाचल से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इनका उत्तराखंड तक नहीं पहुंचना बड़ी चिंता का विषय है, जो हमारे दैनिक, सामाजिक व कृषि कार्यों को बदल रहा है।

गुणवत्ता सहयोग से आती है दबाव से नहीं

समाज और शासन की निगाह में शिक्षा की गुणवत्ता सर्वोपरि है, इसमें कोई दो राय नहीं। सवाल यह है कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने का रास्ता क्या सिर्फ शिक्षक को लगातार दबाव और तनाव में रखने से ही निकलेगा? हालिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि न केवल नए शिक्षक ही नहीं, बल्कि वे भी, जो आरटीई लागू होने से पहले से सेवा में हैं, अब पदोन्नति या नौकरी बनाए रखने के लिए टीईटी पास करने की बाध्यता में आ गए हैं। जिनकी सेवा पांच साल से कम बची है, उन्हें अपवाद माना गया है, पर बाकी सभी को दो साल में परीक्षा पास करनी ही होगी अन्यथा सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवानिवृत्ति का सामना करना होगा।

प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

यहां मूल प्रश्न टीईटी का नहीं है। मूल प्रश्न यह है कि लगातार बदलते नियम, बार-बार की कानूनी व्याख्याएं और नई शर्तें शिक्षक को पढ़ाने से ज्यादा अपनी नौकरी बचाने की फिक्र में उलझा रही हैं।

वर्षों से सेवा कर रहे शिक्षकों को अचानक दो साल का अल्टीमेटम देकर परीक्षा पास करने के लिए मजबूर करना क्या उचित है? यह तो वही स्थिति हुई कि एक चिकित्सक, जिसने बीस साल तक मरीजों का सफल इलाज किया हो, उसे अचानक कह दिया जाए कि अब एक नई परीक्षा पास करो, अन्यथा तुम्हें अस्पताल से बाहर कर दिया जाएगा। शिक्षक पहले ही मर्जर, पेयरिंग, डेटा संग्रह, सर्वे और चुनाव ड्यूटी जैसे गैर-शैक्षिक बोझ से हलकान थे। अब उसके सिर पर यह तलवार भी लटकाई गई है कि दो साल में परीक्षा पास करो या बाहर निकलो। सवाल यह है कि क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस तरह से बढ़ेगी या शिक्षक का मानसिक संतुलन बिगड़ेगा? शिक्षक भी मनुष्य है, जिसका आत्मविश्वास और मानसिक शांति ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। यही पूंजी बार-बार के फैसलों और कठोर नियमों से छीनी जा रही है।

यह प्रवृत्ति खतरनाक है, क्योंकि इससे शिक्षक अपने पेशे से मोहभंग का शिकार होगा और अंततः नुकसान बच्चों को ही उठाना पड़ेगा। इसलिए बहस अब केवल टीईटी पर नहीं रह गई है, बहस इस बात पर है कि शिक्षक का मनोबल बचाया जाए या तोड़ा जाए। समाज और शासन को यह समझना होगा कि दबाव से गुणवत्ता नहीं आती, गुणवत्ता आती है सहयोग, सम्मान और स्थिरता से।

नेपाल संकट : सुशीला कार्की के समक्ष चुनौतियों का पहाड़

नेपाल में काफी जद्दोजहद के बाद अंतरिम सरकार की मुखिया सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की को मनोनीत किया जा सका है। उम्मीद है कि वे अपने अनुभवों से नेपाल को नया जीवन दे पाने में कामयाब होंगी। सुशीला कार्की न्याय विद के साथ एक राजनीतिक परिवार से जुड़े रहने के नाते वे परिपक्व राजनीतिज्ञ भी हैं। इसकी झलक तब देखने को मिली जब जेन-जी के तरफ से उनका नाम फाइनल होने के बाद भी वे प्रधानमंत्री बनने को लेकर हड़बड़ी में नहीं दिखीं। प्रधानमंत्री पद की शपथ उन्होंने तभी ली जब राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल को उनकी संसद विघटन की मांग को मानना पड़ा। सुशीला कार्की के इस बात के सभी कायल हुए कि यदि पुराने प्रतिनिधि सभा का ही नेतृत्व करना है तो भ्रष्टाचार, जिसके खिलाफ इतना बड़ा आंदोलन हुआ, उससे पार पाना संभव नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि वे एक भ्रष्ट सरकार का नेतृत्व नहीं करना चाहेंगी। सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुवेदी का ताल्लुक नेपाली कांग्रेस से था, जिन्हें स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का नजदीकी माना जाता है।

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल सुशीला कार्की के पति का नेपाली कांग्रेस से ताल्लुक होने की कोई छाप इन पर नहीं है और न ही नेपाली जहाज के अपहरण से भी इनका कोई लेना देना रहा। वे तब भी अपनी मर्जी की मुख्तार थीं और आज भी। बतौर न्यायाधीश उनके कई फैसले चर्चा में रहे, जिसमें नेपाली कांग्रेस के एक मुस्लिम नेता के खिलाफ फैसला राजनीतिक गलियारों में भूचाल जैसा था। उनकी जो कार्यशैली और दृढ़ इच्छा शक्ति है निःसंदेह नेपाल को उसका फायदा मिलेगा। यद्यपि है कि समय कम है, छः महीने बाद होने वाले चुनाव का परिदृश्य क्या होगा, इस पर कुछ भी कयासबाजी ठीक नहीं है। आगामी चुनाव को लेकर भारत विरोधी और भ्रष्टतम सरकार का नेतृत्व करने वाले केपी शर्मा ओली को सत्ता से उखाड़ फेंकने वाले जेन-जी के नौजवानों का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। वे अलग कोई राजनीतिक दल गठित करेंगे या मौजूदा किसी दल के साथ आएंगे, यह भी तय नहीं है। भविष्य के नेपाल में साफ-सुथरी सरकार के लिए उन युवाओं का राजनीतिकरण जरूरी है। बेहद कम समय में सुशीला कार्की के समक्ष नेपाल को फिर से सजाने संवारने की चुनौती भी है। आगजनी और तोड़-फोड़ में नेपाल को अरबों-खरबों का नुकसान हुआ है। नेपाल को फिर से बनाने में इतनी बड़ी रकम जुटाना आसान नहीं है। इसके लिए कौन-कौन देश आगे आता है, यह काफी कुछ नई सरकार के विदेश नीति पर निर्भर करेगा। टूरिस्ट जो नेपाल के आर्थिक स्रोत का बड़ा जरिया है, उसे स्थापित करना भी बड़ी चुनौती है। जिस तरह नेपाल के ऐतिहासिक इमारतों को चुन-चुनकर फूंका गया है, वे सब सरकार की संपत्ति थी, उन्हें दुबारा उसके पुराने स्वरूप में ला पाना मुश्किल होगा।

सुशीला कार्की की जिद भ्रष्टाचार मुक्त नेपाल बनाने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की भी है। नेपाल में अभी जितने भी राजनीतिक दल हैं, उसके सारे बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हैं, ऐसे में राजनीति से भ्रष्टाचार खत्म करना भी बड़ी चुनौती है। सुपुर्द-ए-खाक हुए नेपाल के दोषियों की शिनाख्त और उन्हें सजा देने के लिए चिन्हित करना भी चुनौती है, क्योंकि अभी तक इसकी जिम्मेदारी किसी ने ली नहीं है। जेन-जी आंदोलनकारियों का कहना है कि यह कृत्य नेपाल के दुश्मनों का है, जो उनके आंदोलन में घुस आए। यह तय कर पाना आसान नहीं है कि आखिर वे कौन लोग थे? जेन-जी समूह ने एक सही फैसला लिया, जो उन्होंने ईमानदार और निडर महिला न्यायविद को अंतरिम सरकार का मुखिया चुना। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश भी थीं और अब पहली महिला प्रधानमंत्री का खिताब भी उनके खाते में दर्ज हुआ। इधर जेन जी समूह में इस बात को लेकर वैचारिक मतभेद भी था कि अंतरिम सरकार का नेतृत्व धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का हो या राज संस्था विचारधारा का? सुशीला कार्की की शिक्षा वाराणसी के बीएचयू में भी हुई है और ये भारत के प्रधानमंत्री को फालो करती हैं। जेन-जी समूह के 40 प्रतिशत से अधिक युवाओं की ये पहली पसंद थीं। नई सरकार को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं थीं जैसे भारत के साथ संबंध। राजशाही के जमाने से ही नेपाल का भारत से उतार-चढ़ाव जैसा संबंध रहा है। लोकतंत्र बहाली के बाद ज्यादातर नेपाली सरकारें भारत से मतलब भर का संबंध रखती थीं। अभी-अभी तख्तापलट के शिकार हुए ओली की शिनाख्त कट्टर भारत विरोधी की रही है। उन्होंने नेपाल की जनता में भारत के खिलाफ जहर घोलने में कोई कसर नहीं छोड़ा। सनातनी विचारधारा की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की के हाथ नई सरकार की कमान भारत के लिए सुखद संकेत है। इस बात की कामना की जानी चाहिए कि सुशीला कार्की के नेतृत्व में नेपाल में लोकतंत्र मजबूत हो और वह फिर से उठा खड़ा होने में सक्षम हो।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

इंटरव्यू

टाइप कास्टिंग से परेशान होकर थोक के भाव में छोड़नी पड़ीं फिल्में

किसी बहुमुखी अभिनेता के लिए टाइप कास्टिंग को लंबे समय तक झेलना आसान काम नहीं। एक ही तरह की फिल्में बार-बार ऑफर होने के बाद उनको छोड़ने के सिवा दूसरा कोई चारा नहीं बचता। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से निकलकर थियेटर के मंझे हुए एक्टर अश्वथ भट्ट ने जब बॉलीवुड में कदम रखा तो उनको यही सब झेलना पड़ा, जो आज तक जारी है। राजी, फैंटम, हैदर, सीता राममम जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब तारीफ हुई। इसी साल जॉन अब्राहम के साथ आई फिल्म डिप्लोमेट में पाकिस्तानी स्पाई एजेंसी आईएसआई अफसर का दमदार किरदार निभाया। मगर कसक यही कि पाकिस्तानी किरदारों को निभाने की छाप ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। बकौल अश्वथ भट्ट एक वक्त ऐसा भी आया जब टाइप कास्टिंग की वजह से बड़ी तादाद में फिल्मों के ऑफर तक ठुकरा दिए। पेश हैं अमृत विचार से खास बातचीत के कुछ अंश।

–मोनिस खान

अश्वथ ने जिन फिल्मों में काम किया उनमें ज्यादातर की कहानी सरहद पार जाने के सवाल पर उनका दर्द छलका और कहा कि एक वक्त ऐसा आया जब उन्होंने थोक के भाव में फिल्मों को छोड़ दिया, क्योंकि हमेशा एक तरह का काम देने की कोशिश की गई, जिसको टाइप कास्टिंग बोलते हैं। पूरे करियर में इस सब को अब तक फेस किया, मगर इसके बरअक्स बहुत सारी फिल्में की जिनमें अलग तरह का किरदार किया। एक फिल्म आने वाली है, मेड इन इंडिया, जिसमें वो तमिल ब्राह्मण का किरदार निभा रहे हैं। मंडली फिल्म में उन्होंने रामलीला में राम का किरदार निभाने वाले लड़के का रोल किया। मगर लोगों को वही दिखता है जैसी छाप बना दी गई। कोई बिहारी एक्टर से नहीं पूछेगा कि तुम फिल्मों में बिहारी क्यों बनते हो। मेरी फिल्मों को देखेंगे तो उनकी पृष्ठभूमि एक हो सकती, मगर जिन किरदारों को निभाया वो एक दूसरे से अलग हैं। खुद की पसंद यही है कि अलग-अलग किरदारों को करूं। मगर सबकुछ हमारे हाथ में भी नहीं होता है।



छोटे शहरों को चाहिए रंगमंच के सुधीजन

रंगमंच को लेकर बेहद गंभीर अश्वथ छोटे शहरों में थियेटर को और बढ़ावा देने की हिमायत करते हैं। बरेली जैसे शहरों के अंदर रंगमंच कलाकारों के सामने आ रही चुनौतियों से निपटने और यहां थियेटर को आगे बढ़ाने के सवाल पर उनका जवाब है, थियेटर फेस्ट होना अच्छी बात है, मगर उससे ज्यादा जरूरी है कि नए कलाकारों के लिए कार्यशालाएं रखी जाएं। प्रशासन के सहयोग नाट्यशाला विकसित की जाएं। इस कला को स्कूलों के अंदर भी ले जाना होगा। सभी एक्टर बनें जरूरी नहीं, हमें डायरेक्टर, प्रोडक्शन टीम, राइटर, लाइटर डिजायनर और सबसे जरूरी सुधीजन भी चाहिए। लोगों को रंगमंच और सिनेमा में फर्क भी समझना होगा। हमें थियेटर की ऑडियंस विकसित करनी होगी, जो रंगमंच के संस्कार को भी समझे। इसके अलावा दुनिया के किसी भी कोने का थियेटर तभी आगे बढ़ सकता है जब जमीन पर काम हो। इसके लिए ट्रेनिंग सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश में जितने भी बड़े एक्टर हैं वो ट्रेनिंग हासिल करके ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं। नसीरुद्दीन शाह, अनुपम खेर, परेश रावल, ओमपुरी, सौरभ शुक्ला, पंकज त्रिपाठी इन सभी ने थियेटर से शुरुआत की।

न्यू रिलीज

आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर में होगी रिलीज

आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म 'मेरे रहो' 12 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म 'मेरे रहो' में जुनैद खान और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर बताया, आमिर खान प्रोडक्शंस की नई फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे कर रहे हैं। इस फिल्म निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म 'मेरे रहो' आमिर और मंसूर की 17 साल बाद एक साथ वापसी है, जो पहले 'जाने तू या जाने ना' जैसी हिट फिल्म दे चुके हैं। फिल्म 'जाने तू या जाने ना' 2008 में रिलीज हुई थी।

'जो अजब है, वो गजब है' के साथ लौटा इंडियाज गॉट टैलेंट, सिद्धू ने किया लॉन्च

नवजोत सिंह सिद्धू ने इंडियाज गॉट टैलेंट का नया सीजन लांच किया है। नवजोत सिंह सिद्धू की प्रोमो में दमदार लाइन "दुनिया में सबसे बड़ा रोग, मेरे बारे में क्या कहेंगे लोग", उन लोगों की परेशानियों को दिखाती है, जिन्हें समाज की सोच रोकती है। ये लाइन टैलेंट्स को प्रेरित करती है कि वो ऐसे बंधनों से ऊपर उठकर बिना किसी डर अपने सपनों का पीछा करें। इंडियाज गॉट टैलेंट के पहले प्रोमो में आने वाले सफर की बस एक झलक दिखाई गई है, जिसमें टैगलाइन "जो अजब है, वो गजब है" इस सीजन की असली रूह को बखूबी पेश करती है। शो के बारे में बात करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, "मैं उन टैलेंट्स को देखने के लिए उत्साहित हूं जो अनोखे, क्रिएटिव हैं और इतनी हिम्मत रखते हैं कि आम सोच को चैलेंज कर सकें। ये कमाल के टैलेंट्स न सिर्फ पूरे देश को हैरान करने वाले हैं, बल्कि अनगिनत लोगों को अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित भी करने वाले हैं।" इंडियाज गॉट टैलेंट का प्रीमियर चार अक्टूबर 2025 से, हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा।

फिल्म समीक्षा

मिराई 2025.. हिंदी डब (तेलुगु)

कार्तिक घट्टेमेनी इस फिल्म के लेखक और निर्देशक हैं और तेजा सज्जा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मैंने पहले कार्तिक की ईगल फिल्म देखी थी। आइडिया के स्तर पर, वह फिल्म अच्छी थी, लेकिन उसका क्रियान्वयन खराब था।

मिराई का कॉन्सेप्ट ठीक है और प्रस्तुति भी ठीक थी। कहानी में कुछ चीजें छूट गई हैं, लेकिन फिल्म के कुल मिलाकर अच्छे अनुभव से नजरअंदाज किया जा सकता है। दृश्यात्मक रूप से, फिल्म बहुत खूबसूरत है, कुछ दृश्यों में वीएफएक्स एआई का इस्तेमाल कमाल का था और ट्रेन वाले सीक्वेंस में क्लाइमेक्स थोड़ा कमजोर लगा। कम बजट में फिल्म ने जो गुणवत्ता दी है, वह वाकई बेहतरीन है। कार्तिक ने पिछली फिल्म के मुकाबले निर्देशन में काफी सुधार किया है। कुछ दृश्यों में बैकग्राउंड बनाने में थोड़ी कमी लगी और क्लाइमेक्स में दोनों किरदारों के हत्यारे को इस तरह मोड़ने का आइडिया पसंद आया कि सीक्वेंस प्रेडिक्टेबल न लगे। उन्हें किरदारों की गहराई और भावनाओं पर कड़ी मेहनत करनी चाहिए थी। फिल्म में भावनाएं बहुत कम हैं, जो भी थोड़ी-बहुत हैं, वे नायक की मां द्वारा रची गई हैं और मां का किरदार हमें बांध लेता है। संक्षेप में, कहानी कुछ इस प्रकार हैः सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद नौ धार्मिक ग्रंथ लिखे, उन ग्रंथों में शक्ति है और दुनियाभर में कुछ लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी उन ग्रंथों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह फिल्म एक्शन एडवेंचर शैली में बिल्कुल फिट बैठती है। फिल्म में कई अच्छी सकारात्मक बातें हैं, इसलिए आप इस फिल्म को उसके लिए देख सकते हैं।

समीक्षक-शिवकांत पालवे

इंस्पेक्टर जेंडे

यह फिल्म सन उन्नीस सौ अस्सी के दशक मे मुंबई पुलिस के एक इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के जीवन के उस हिस्से की कहानी कहती है जब उसने वास्तव में कुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय अपराधी और हत्यारे चार्ल्स शोभराज को दो बार पकड़ा था। उस इंस्पेक्टर का रोल कर रहे हैं मनोज बाजपेई। दिल्ली की तिहाड़ जेल से वहां के सभी स्टाफ को उसके जन्मदिन पर खीर में नींद की दवा खिलाकर फरार हुए चार्ल्स को मुंबई में देखा गया था इसलिए वहां की डीजीपी (सचिन खेड़े) ने यह काम झेंडे को सौंपा था। यहां पर नेटफ्लिक्स के लिए फिल्म बनाने का काम सौंपा गया है निर्देशक चिन्मय मांडलकर को। यह पता नहीं कि फिल्म को कॉमेडी जॉनर में क्यों बनाया गया पर निर्देशक और सारे कलाकारों द्वारा यह निश्चित किया गया है कि किसी दर्शक को गलती से भी कभी हंसी न आ जाए।

यह मजाक किसके साथ हुआ? हमारे, आपके साथ या उस कुशल सचमुच का इंस्पेक्टर झेंडे के साथ? तो क्या 1980 में सारे पुलिस वाले यानी दिल्ली, मुंबई और गोवा के इतने बेवकूफ होते थे? मनोज बाजपेई अब भटकने लगे हैं। उनका कोई भी मुंह चाहे कितनी भी आंखे, होठ और मांसपेशियां फैला या सिकोड़ कर बनाया गया हो, किसी को भी हंसा नहीं पाया। यहां तक कि फाइट्स के दृश्यों में हंसाने की नाकाम कोशिश हुई।

मुझे सिर्फ चार्ल्स के रोल में जिम सरभ और झेंडे की पत्नी के रोल में गिरिजा ओक अच्छे लगे, क्योंकि उन्होंने निर्देशक के हंसाने के निर्देश को नहीं माना। इससे पहले इंस्पेक्टर झेंडे पर एक डॉक्यूमेंट्री 2023 में बनाई गई थी, उसकी आईएमडीबी रेटिंग लगभग 9 थी। फिर किस खुशी में इस फिल्म को बनाया गया? इस फिल्म को देखिए और मनोज बाजपेई के लिए प्रार्थना कीजिए कि वह हमें पहले वाला मनोज फिर से ला दें और ये निर्देशक महोदय फिर से अपना कोर्स पढ़ें।

समीक्षक –बृज राज नारायण सक्सेना

'द बैटल ऑफ शत्रुघाट' में नजर आएंगे गुरमीत चौधरी

जाने माने अभिनेता गुरमीत चौधरी फिल्म 'द बैटल ऑफ शत्रुघाट' में काम करते नजर आएंगे। फिल्म द बैटल ऑफ शत्रुघाट का निर्देशन शाहिद काजमी कर रहे हैं और इसे सज्जाद खाकी व शाहिद काजमी ने लिखा है। इसमें गुरमीत चौधरी, आरुषि निशंक और सिद्धार्थ निगम मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। गुरमीत चौधरी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक शानदार पोस्टर साझा किया, जिसे देखकर फैन्स उत्साहित हो उठे। हर कोई इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के बारे में और जानने को बेताब है। फिल्म में मजबूत सह-कलाकारों की टोली भी है, जिसमें महेश मांजरेकर, रजा मुराद और जरीना वहाब शामिल हैं। शाहिद काजमी के निर्देशन और पीवाई मीडिया, हिल क्रेस्ट मोशन्स व शाहिद काजमी फिल्म्स के प्रोडक्शन में यह प्रोजेक्ट एक ऐसा सिनेमाई अनुभव बनने जा रहा है, जो ऐतिहासिक युद्ध को परदे पर जिंदा कर देगा। फिल्म की भव्यता में और इजाफा कर रहे हैं। दरशन भगवानदासस कामवाल, जो कॉस्ट्यूम और स्टाइलिंग की कमान संभाल रहे हैं। इससे दर्शकों को असली दौर की झलक और भव्य विजुअल्स देखने को मिलेंगे। द बैटल ऑफ शत्रुघाट फिलहाल शूटिंग फ्लोर पर है।

सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती : सई मांजरेकर

अभिनेत्री सई मांजरेकर का कहना है कि उनके लिए सिनेमा सिर्फ भाषा की बात नहीं, बल्कि अच्छी कहानियों और प्रेरणादायक सहयोग का माध्यम है। सई मांजरेकर, जिन्होंने पहले ही बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है, अपनी प्राथमिकताओं को लेकर साफ हैं। उनके लिए सिनेमा सिर्फ भाषा की बात नहीं, बल्कि अच्छी कहानियों और प्रेरणादायक सहयोग का माध्यम है। सई ने कहा कि मेरा मानना है कि सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती। असल मायने रखती है कहानी और उसका दर्शकों से जुड़ाव।

अभी मैं बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री पर ध्यान दे रही हूं, लेकिन आगे चलकर मैं एक अच्छी मराठी फिल्म जरूर करना चाहूंगी। जब तक स्क्रिप्ट रोमांचक हो और डायरेक्टर का विजन मजबूत हो, मैं किसी भी इंडस्ट्री को एक्सप्लोर करने के लिए तैयार हूं। सई मांजरेकर ने बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की तुलना करते हुए कहा कि दोनों जगह काम करने का मौका मिलने के बाद मुझे लगता है कि हर इंडस्ट्री की अपनी अलग पहचान और जादू है। बॉलीवुड में कहानियों को बड़े भावनात्मक अंदाज में दिखाया जाता है, जबकि साउथ में मैंने अनुशासन और कला के प्रति गहरा सम्मान देखा, जो मुझे बेहद पसंद आया। दोनों अनुभवों ने मुझे अलग-अलग तरह से गढ़ा है और मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि दोनों का हिस्सा हूं। मेरे लिए यह सफर दोनों की अच्छाइयों को अपनाने और हर प्रोजेक्ट के साथ आगे बढ़ने का है। सई मांजरेकर की सोच पर घर का भी असर रहा है। उनके पिता, मशहूर फिल्ममेकर और अभिनेता महेश मांजरेकर, आठ अलग-अलग भाषाओं में काम कर चुके हैं और उन्होंने सई को दिखाया कि अच्छी कहानियां सीमाओं को पार कर सकती हैं। उसी से प्रेरित होकर सई भी अपना एक ऐसा बहुभाषी सफर तय करना चाहती हैं, जिसमें मुख्यधारा का आकर्षण भी हो और दिल को छूने वाली कहानियां भी।

कौन हैं करिश्मा जिन्होंने चलती ट्रेन से लगा दी छलांग

'रागनी एमएमएस रिटर्न्स' में लीड रोल में नजर आईं एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा के ट्रेन हादसे की खबर से हर कोई स्तब्ध है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी हेल्थ अपडेट दी है और दुआओं की गुजारिश की है।

कैसे हुआ हादसा

करिश्मा शर्मा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए ट्रेन हादसे की खबर शेयर की है। उनकी मानें तो हादसा तब हुआ, जब वे एक शूट के लिए मुंबई लोकल से चर्चगेट जा रही थीं। उनकी दोस्त ट्रेन में सवार नहीं हो पाई थी, जिसकी वजह से वे घबरा गईं और उन्होंने चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। वे अब अस्पताल में भर्ती हैं।

बॉलीवुड का सफर

करिश्मा शर्मा बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल हैं। वे 2013 से लगातार एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। उन्होंने 2014 में जी टीवी के पॉपुलर शो 'पवित्र रिश्ता' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस शो में उन्हें पिया अर्जुन किर्लोस्कर के रोल में देखा गया था। बाद में उन्होंने टीवी पर 'एमटीवी वेब्ड', 'प्यार तूने किया किया', 'ये है मोहब्बतें', 'सिलसिला प्यार का' जैसे फिक्शन और 'कॉमेडी सर्कस' और 'द कपिल शर्मा शो' ऐसे कॉमेडी शोज में भी काम किया।

2016 में किया था बॉलीवुड डेब्यू

करिश्मा शर्मा ने बॉलीवुड में कदम कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'प्यार का पंचनामा 2' से रखा था। इस फिल्म में उनका छोटा सा, लेकिन महत्वपूर्ण रोल था। इसके बाद वे 'होटल मिलन', 'उजड़ा चमन' और 'एक विलेन रिटर्न्स' जैसी फिल्मों में भी दिखाई दीं। यहां तक कि ऋतिक रोशन स्टारर 'सुपर 30' के गाने 'पैसा' में भी उनका कैमियो था। इसमें वे बार डांसर की भूमिका में दिखी थीं।

ओटीटी पर मिली पहचान

करिश्मा शर्मा को असली पहचान ओटीटी पर आने के बाद मिली थी, जब उन्होंने ऑल्ट बालाजी की इरोटिक हॉरर वेब सीरीज 'रागिनी एमएमएस रिटर्न्स' में लीड रोल निभाया। एकता कपूर ने इस सीरीज को प्रोड्यूस किया था और 2017 में यह रिलीज हुई थी। करिश्मा 'हम : आई एम बिकॉज ऑफ अस' और 'फिक्सर' जैसी वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं।

एक्ट्रेस बनने से पहले क्या करती थीं करिश्मा

करिश्मा शर्मा का जन्म मुंबई में हुआ। वे दिल्ली और पटना में रह चुकी हैं। उन्होंने बीएमडब्लू में मार्केटिंग इंटर्न के तौर काम किया। कॉलेज के दिनों में उन्होंने कई फैशन डिजाइनर्स के लिए रैम्प वॉक किया था। बताया जाता है कि करिश्मा सिंगर बनना चाहती थीं और कई सिंगिंग कम्पटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। वे गजेन्द्र वर्मा के 'तेरा घाटा' और जुबिन नौटियाल के 'बरसात की धुन' और 'दिल गलती कर बैठा है' जैसे म्यूजिक वीडियोज में भी दिख चुकी हैं।

दवा निर्माता उपभोक्ताओं को दें कटौती का लाभ

नई दिल्ली। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने दवा कंपनियों और चिकित्सा उपकरण निर्माताओं से जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने को कहा है। प्राधिकरण ने कहा कि दवाएं बेचने वाले सभी निर्माता और विपणन कंपनियां दवाओं (चिकित्सा उपकरणों सहित) के मूल्य में संशोधन करेंगी। निर्माता और विपणन कंपनियां डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, राज्य औषधि नियंत्रकों व सरकार को जीएसटी दरों और मूल्य को दर्शाते हुए मूल्य या पूरक मूल्य सूची जारी करेंगी।

अमृत विचार

बरेली, रविवार, 14 सितंबर 2025

www.amritvichar.com

कारोबार

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 2615, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2220, रविन्द्रा 2550, फॉर्चुन 13 किग्रा 1950, जय जवान 1960, सचिन 2040, सूरज 1960, अवसर 1885, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1880, क्लासिक (किग्रा) 2095, मोर 2150, चक्र टिन 2375, ब्लू 2110, आशीर्वाद मस्टर्ड 2475, स्वास्तिक 2555

किराना (प्रतिकु.) : हल्दी निजामाबाद 14500, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 400-600, मखाना 900-1100

चावल (प्रति कु.) : डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1-5 किग्रा) 10100, हरी पति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

दाल दलहन : मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 10300, उड़द धोवा इंदौर 13000, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 7050, दाल चना 7600, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 9000, मोटा हीरा 11000, अरहर गोला मोटा 7800, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8800, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

चीनी : डालमियां 4380, पीलीभीत 4280, सितारगंज 4260, धामपुर 4360

छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने कहा कि आकलन 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। आयकर विभाग ने एक्स पर कहा कि करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद, जिन्होंने हमें अब तक छह करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) तक पहुंचने में मदद की है और यह संख्या अभी भी जारी है।

घर खरीदारों के हितों की रक्षा करें केंद्र

उच्चतम न्यायालय ने कहा- आवासीय परियोजनाओं के लिए पुनरुद्धार कोष पर करें विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए संकटग्रस्त परियोजनाओं के लिए एक पुनरुद्धार कोष बनाने पर विचार करने को कहा है। न्यायालय ने कर देने वाले मध्यम वर्ग के नागरिकों की परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें से कई के लिए घर का समान अधूरा रह गया है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्य का संवैधानिक दायित्व है कि वह एक ऐसा ढांचा बनाए और उसे सख्ती से लागू करे जहां किसी भी डेवलपर को घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी या शोषण करने की अनुमति न हो। पीठ ने कहा कि देश की शहरी नीति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवासीय परियोजनाएं समय पर पूरी हों। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि यह जरूरी है कि रेरा प्राधिकरण 'दंतविहीन बाघ' न बन जाएं और उन्हें पर्याप्त बुनियादी ढांचे, सशक्त न्यायाधिकरणों और प्रभावी प्रवर्तन तंत्रों से लैस किया जाना चाहिए।

- **न्यायालय ने कहा- सरकार ऐसा ढांचा बनाए, जिससे डेवलपर को खरीदारों से धोखाधड़ी या शोषण करने की अनुमति न हो**

निकाय की स्थापना पर भी करें विचार

पीठ ने कहा कि केंद्र राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) या अन्य की तर्ज पर रियल एस्टेट और निर्माण केंद्रित सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा या सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से एक निकाय की स्थापना पर भी विचार कर सकता है। न्यायालय ने कहा कि कुछ मामलों में पूरा या पर्याप्त भुगतान करने के बावजूद निर्माण शुरू भी नहीं हुआ है और भारी भरकम भुगतान करने के बावजूद घर न होने की चिंता स्वास्थ्य, उत्पादकता और सम्मान पर गंभीर असर डालती है।

उन्होंने कहा कि रेरा के आदेशों को अक्षरशः और शीघ्रता से लागू करना चाहिए। यह टिप्पणी करते हुए कि सरकार 'मूक दर्शक' बनी नहीं रह सकती, पीठ ने कहा कि सरकार संवैधानिक रूप से घर खरीदारों और समग्र अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा करने के लिए बाध्य है।

तीन महीने में एक समिति गठित करें

उच्चतम न्यायायाल की दो न्यायाधीशों वाली पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार सीआईआरपी (कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया) से गुजर रही संकटग्रस्त परियोजनाओं के वित्त पोषण के लिए एनएआरसीएल के तहत एक पुनरुद्धार कोष स्थापित करने पर भी विचार कर सकती है। न्यायालय ने राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रेरा प्राधिकरणों में पर्याप्त बुनियादी ढांचा, विशेषज्ञ और संसाधन हों। पीठ ने कहा कि तीन महीने के भीतर उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जानी चाहिए, जिसमें कानून, आवास मंत्रालय और रियल एस्टेट तथा वित्त के क्षेत्र विशेषज्ञ शामिल हों। यह समिति रियल एस्टेट क्षेत्र में स्वच्छता और विश्वसनीयता लाने के लिए सुझाव देगी।

डीलरों को दी जाने वाली बिक्री पश्चात छूट पर जीएसटी लागू नहीं

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि विनिर्माताओं द्वारा डीलरों को केवल प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए दी जाने वाली बिक्री पश्चात छूट पर जीएसटी लागू नहीं होगा।

बोर्ड ने कहा कि अगर निर्माता और डीलर ने समझौता किया हो, जिसके तहत डीलर निर्माता की ओर से सह-ब्रांडिंग, विज्ञापन या बिक्री अभियान जैसी गतिविधियां संचालित करता है, तो छूटों पर जीएसटी देय होगा। जीएसटी के अंतर्गत द्वितीयक या बिक्री पश्चात छूट के संबंध में परिपत्र जारी करते हुए सीबीआईसी ने यह बात कही। बोर्ड को इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण देने के लिए कई अभ्यावेदन मिले थे। बोर्ड ने कहा कि जब डीलरों को बिक्री पश्चात ऐसी छूट मिलती है, तो वे बिक्री बढ़ाने के लिए प्रचार गतिविधियों में संलग्न हो सकते हैं।

- **डीलर निर्माता के लिए अभियान चलाता है, तो छूटों पर जीएसटी देय होगा**

पीएसयू बैंक विकसित भारत 2047 में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने उभरते उद्योगों में भूमिका बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया**

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) अस्तित्व और स्थिरता के दौर से आगे बढ़ चुके हैं और अब 'विकसित भारत 2047' की यात्रा में वृद्धि, नवाचार और नेतृत्व की बड़ी भूमिका निभाने को तैयार हैं। नागराजू ने शनिवार को संपन्न हुए दो दिवसीय पीएसबी मंथन को संबोधित करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की आकांक्षा रखने को कहा।

उन्होंने शासन और परिचालन लचीलेपन को मजबूत करने तथा पारंपरिक और उभरते उद्योगों में अपनी भूमिका बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की ओर से आयोजित 'पीएसबी मंथन 2025' का विषय - विकसित भारत के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग की पुनर्कल्पना था। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, नियामक, उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद, प्रौद्योगिकीविद् और बैंकिंग व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राहक अनुभव, शासन, नवाचार, ऋण वृद्धि, जोखिम प्रबंधन और प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण पर चर्चा हुई।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि प्रमुख सुझावों में अगली पीढ़ी की तकनीकों को अपनाना, साझा बुनियादी ढांचा बनाना और व्यक्तिगत उत्पादों को तैयार करना शामिल था।

भारत, यूरोपीय संघ जल्द ही व्यापार समझौते पर काम करने को प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ जल्द ही एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते के लिए काम करने को प्रतिबद्ध हैं।

यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक और यूरोपीय कृषि आयुक्त क्रिस्टोफ हैनसेन व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत को गति देने यहां आए थे। दोनों पक्षों के आधिकारिक दलों ने 13वें दौर की वार्ता की। गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के 13वें दौर की बातचीत के लिए आपकी मेजबानी करके हमें खुशी हुई। हम जल्द ही एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि दोनों पक्षों के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हों। आपकी यात्रा के लिए धन्यवाद।

- **दोनों पक्षों के आधिकारिक दलों ने की 13वें दौर की वार्ता**

वहीं 13वें दौर की वार्ता से एक दिन पहले केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ के कृषि एवं खाद्य आयुक्त क्रिस्टोफ हैनसेन और व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफ्कोविक के साथ-साथ यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के अन्य अधिकारियों से मुलाकात की थी। यह मुलाकात एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को शीघ्रता से संपन्न करने के प्रयासों के तहत हुई।

शिकागो एक्सचेंज में मजबूती से तेल-तिलहन में सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

शिकागो एक्सचेंज में शुक्रवार की रात 1.25% का सुधार रहने के कारण घरेलू बाजार में शनिवार को सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम पर अनुकूल असर दिखा और इनके दाम मजबूत बंद हुए।

वहीं सहकारी संस्था नेफेड की बिकवाली से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई। निर्यात की कमजोर मांग के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित बंद हुए।

बाजार सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश की मंडियों में सोयाबीन के नये फसल की छिटपुट आवक शुरु हो गई है और इसमें अभी 20-25 प्रतिशत नमी होने की शिकायत मिल रही है। उल्लेखनीय है कि इस नयी सोयाबीन फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,328 रुपये क्विंटल है। पुराने कम एमएसपी वाले सोयाबीन को खपने में मुश्किलें आ रही हैं और इससे अधिक एमएसपी वाला सोयाबीन कैसे खपने का रास्ता बनेगा, इस पर ध्यान देने की जरुरत है।

- **नेफेड की बिकवाली से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई, निर्यात की कमजोर मांग से मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित**

देशी बाजारों में तेजी का घरेलू बाजार पर असर नहीं

उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार की ओर से सहकारी संस्था नेफेड, हाजिर दाम से काफी नीचे दाम यानी 4,300 रुपये क्विंटल पर सोयाबीन तिलहन बेच रही है। इन स्थितियों के बीच सोयाबीन प्लांट वालों और किसानों में घबराहट है। सूत्रों ने कहा कि त्योहारों की मांग होने से भी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार है। पर विदेशी बाजारों में जिस तरह से तेजी है, उतना असर घरेलू बाजार में नहीं है। सरसों के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की चीन से अच्छी मांग है।

राष्ट्रीय

प्रधानमंत्री मोदी ने मिजोरम में पहली रेलवे लाइन और विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की

देश के रेलवे नेटवर्क के साथ एकीकृत हुआ मिजोरम

आइजोल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम में बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन समेत 9,000 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की, जिसके साथ ही राज्य अब देश के रेलवे नेटवर्क के साथ पूरी तरह से एकीकृत हो गया। प्रधानमंत्री बनने के बाद पूर्वोत्तर राज्य की दूसरी यात्रा के दौरान, मोदी ने आइजोल और दिल्ली के बीच पहली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई और रेल, राजमार्ग, ऊर्जा व खेल बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की।

मोदी ने आइजोल से 37 किमी दूर लेंगपुई हवाई अड्डे से परियोजनाओं की शुरुआत की, क्योंकि भारी बारिश से उनका हेलीकॉप्टर शहर के मध्य में स्थित लामुअल ग्राउंड के लिए उड़ान नहीं भर सका, जहां से उन्हें राष्ट्र को विभिन्न पहल समर्पित करनी थीं और एक जनसभा को संबोधित करना था। एक अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मिजोरम में 9,000 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। मोदी ने 8,070 करोड़ की लागत वाली बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन किया, जिसके तहत राज्य की राजधानी आइजोल को रेलवे नेटवर्क से जोड़ा गया। चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों में बनी इस रेलवे लाइन के लिए जटिल भूगर्भीय परिस्थितियों में 45 सुरंगें बनाई गई हैं।

पूर्वोत्तर में 77,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं हो रहीं क्रियान्वित

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में 77,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे कनेक्टिविटी से मिजोरम में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र के उत्पादों के लिए नए बाजार खोजने में मदद मिलेगी। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि पूर्वोत्तर का विकास प्रधानमंत्री की एक्ट ईस्ट नीति का परिणाम है...2014 से पहले, पूर्वोत्तर के लिए रेलवे का बजट 2,000 करोड़ रुपये हुआ करता था, और प्रधानमंत्री ने इसे पांच गुना बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये कर दिया। हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने जब एक्ट ईस्ट नीति शुरू की तब पूर्वोत्तर का विकास शुरू हुआ। इससे पहले यह केवल लुक ईस्ट नीति थी। प्रधानमंत्री द्वारा बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन करने के बाद वैष्णव ने कहा कि मिजोरम की राजधानी को रेलवे से जोड़ा गया है और यह एक ऐतिहासिक दिन है।

मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह, मुख्यमंत्री लालदुहोमा और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव लामुअल मैदान में मौजूद थे। 51.38 किमी लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन परियोजना केंद्र की एक्ट ईस्ट नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। भारतीय रेलवे के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण मानी जाने वाली बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन को 2008-09 में मंजूरी दी गई थी और इसका निर्माण 2015 में शुरू हुआ था। इस लाइन में 45 सुरंगें, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल शामिल हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सैरंग के पास स्थित पुल 114 मीटर ऊंचा है, जो कुतुब मीनार से ज्यादा है। यह देश का खंभों वाला सबसे ऊंचा पुल है। इस रेल मार्ग में पांच सड़क ओवरब्रिज और छह अंडरपास हैं। इस रेल मार्ग पर बैराबी के अलावा चार मुख्य स्टेशन- होरटोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरंग पड़ते हैं। मिजोरम और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधे रेल संपर्क से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, कुशल व किफायती यात्रा विकल्प मिलेगा।

कुलपति के बायोडाटा में शामिल करें यौन उत्पीड़न का आरोप : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि गलती करने वाले को माफ करना उचित हो सकता है, लेकिन गलती को भूलना नहीं चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी करते हुए निर्देश दिया कि एक विश्वविद्यालय के कुलपति पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़ा उसका फैसला उनके बायोडाटा का हिस्सा बनाया जाए, ताकि यह उसे हमेशा परेशान करता रहे, भले ही शिकायत समयसीमा से बाहर होने से खारिज हो गई हो।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य की याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसने दिसंबर 2023 में कुलपति पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने स्थानीय शिकायत समिति (एलसीसी) के उस फैसले को बहाल करने में कोई कानूनी त्रुटि नहीं की है, जिसमें कहा गया था कि अपीलकर्ता की ओर से शिकायत किए जाने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है और शिकायत को खारिज किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि गलती करने वाले को माफ करना उचित हो सकता है, लेकिन गलती को भूलना नहीं चाहिए। अपीलकर्ता (संकाय सदस्य) के खिलाफ जो गलती हुई है, उसकी तकनीकी आधार पर जांच नहीं की जा सकती, लेकिन उसे भूलना नहीं चाहिए।

- **पश्चिम बंगाल के विवि के संकाय सदस्य की याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश**

हाईकोर्ट के आदेश को किया खारिज

पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील को खारिज करते हुए कहा कि हम निर्देश देते हैं कि कुलपति द्वारा कथित यौन उत्पीड़न को माफ किया जा सकता है, लेकिन वह गलती उसे हमेशा सताती रहे। इसलिए, यह निर्देश दिया जाता है कि इस फैसले को प्रतिवादी के बायोडाटा का हिस्सा बनाया जाए, जिसका अनुपालन वह सुनिश्चित करें। अपीलकर्ता ने दिसंबर 2023 में एलसीसी में कुलपति पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी।

बादल फटने से वाहन मलबे में दबे, खेतों को भारी क्षति

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में शनिवार तड़के बादल फटने से कई वाहन मलबे में दब गए और फसलें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों के मुताबिक बादल फटने की घटना तड़के तीन बजे नैना देवी विधानसभा क्षेत्र के नम्होल क्षेत्र के गुटराहन गांव में हुई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

स्थानीय निवासी कश्मीर सिंह ने बताया कि पानी के तेज बहाव से मलबा खेतों में जमा हो गया और फसलें नष्ट हो गईं। कई वाहन मलबे में दब गए। बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि चार वाहन मलबे में दब गए। फसल क्षति का आकलन हो रहा है और रिपोर्ट मिलने के बाद राहत प्रदान की जाएगी।

- **बिलासपुर जिले में तड़के तीन बजे नैना देवी विस क्षेत्र में हुई घटना**

घटना की सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। लोक निर्माण विभाग ने जल्द यातायात बहाल करने के लिए मलबा हटाना शुरू कर दिया है। चंबा जिले के भटियात क्षेत्र के ममल और कमलारी गांवों में पानी और मलबे से घरों को नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। शिमला में कोहरे से दृश्यता कम रह गई, जिससे वाहन चालकों को असुविधा हुई।

राजा रघुवंशी हत्याकांड

सोनम ने आरोपपत्र में 'खामी' होने का किया दावा

शिलांग। मेघालय में हनीमून मनाने गये राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी ने जमानत याचिका दायर की है। सोहरा उप-मंडल के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सोनम की याचिका पर सुनवाई 17 सितंबर को करना निर्धारित किया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक तुषार चंद्रा ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने मामले के रिकॉर्ड की जांच के लिए समय मांगा। सोनम के वकील ने इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या में दाखिल आरोपपत्र में 'खामी होने' का दावा किया है। सोहरा के वेइसाडोंग के पास पार्किंग में तीन लोगों ने राजा की हत्या कर दी थी। राजा सोनम के साथ हनीमून मनाने मेघालय आया था।

विधानसभाओं को रैंक देने को विधायी सूचकांक का प्रस्ताव

बेंगलुरु, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानसभाओं और विधान परिषदों को उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंक देने के लिए राष्ट्रीय विधायी सूचकांक स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।

बिरला ने शनिवार को कहा कि उनके प्रदर्शन का आकलन कई मानदंडों पर हो सकता है, जैसे कि प्रति वर्ष होने वाली बैठकों की संख्या, सदन की उत्पादकता, बहस की गुणवत्ता, तकनीक का उपयोग और कई समितियों की प्रभावशीलता। बिरला ने 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ-भारत क्षेत्र सम्मेलन से इतर कहा कि हम अगले साल जनवरी में लखनऊ में पीठासीन अधिकारियों की बैठक में राष्ट्रीय विधायी सूचकांक पर विचार करेंगे। दिल्ली विस अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को राष्ट्रीय विधायी सूचकांक पर प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है, जिस पर लखनऊ में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में चर्चा होगी। सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए, बिरला ने सभी विधानमंडलों से कार्यवाही और बहस की गुणवत्ता के लिए मानक स्थापित करने का आग्रह किया।



- **लोस अध्यक्ष बिरला ने प्रदर्शन का आकलन कई मानदंडों से करने की कही बात**

बच्ची के यौन उत्पीड़न के आरोप में चिकित्सक गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी इलाके में निजी वाक चिकित्सा केंद्र में छह वर्षीय बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 32 वर्षीय चिकत्सक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी को आठ सितंबर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 35(3) के तहत गिरफ्तार किया गया। घटना की जानकारी सात सितंबर को तब मिली जब बच्ची की मां ने बेटी के असामान्य व्यवहार को देखकर संदेह जताया। महिला की बेटी को बोलने में दिक्कत है और वह 19 अगस्त से केंद्र में 45 मिनट के लिए जाती थी। छह सितंबर को जब बच्ची कक्षा से वापस आई, तो उसने यौन गतिविधियों की नकल की, जिससे उसकी मां चिंतित हो गई।

भारत-पाकिस्तान मैच राष्ट्रीय भावनाओं का अपमान : उद्धव

मुंबई, एजेंसी

शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना राष्ट्रीय भावना का अपमान है क्योंकि भारतीय सैनिक सीमा पर अपनी जान कुर्बान कर रहे हैं। उन्होंने पूरे महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की।

उद्धव ने मुंबई में कहा कि एशिया कप में रविवार को दोनों देशों के बीच होने वाले मैच का बहिष्कार दुनिया को आतंकवाद पर हमारे रुख से अवगत कराने का एक अवसर है। यह मैच राष्ट्रीय भावनाओं का अपमान है। उद्धव ने पूछा कि क्या हमें पाकिस्तान से क्रिकेट खेलना चाहिए जबकि हमारे सैनिक सीमा पर जान कुर्बान कर रहे हैं? उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए मैच को देशभक्ति का मजाक करार दिया। उद्धव ने अपने आवास 'मातोश्री' में बाल ठाकरे और पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद की मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे पिता ने कहा था कि जब तक पाकिस्तान से आतंकी गतिविधियां जारी रहेंगी, तब तक कोई मैच नहीं होगा।

- **शिवसेना (उबाठा) प्रमुख ने की महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन की घोषणा**

समुद्री बीच की सफाई

मुंबई में शनिवार को दादर बीच पर युवा स्वच्छता अभियान में शामिल हुए, जो बीच प्लीज नामक एक युवा समुदाय द्वारा संचालित किया जाता है। यह समुदाय दादर बीच, मीठी नदी बेसिन, और नवी मुंबई के मैंग्रोव जंगलों में सफाई अभियान चलाता है। एजेंसी

क्रेज के बाद भी आखिरकार लोग क्यों जला रहे लबूबू डॉल

लबूबू डॉल इस समय काफी चर्चा में है, खासकर बॉलीवुड और सोशल मीडिया पर। फैशन स्टेटमेंट बन चुकी इस डॉल को लोग अब जलाने पर तुले हैं...कई तो इसे जमीन में दफना रहे हैं। अजीब और डरावनी दिखने वाली गुड़िया की बड़ी-बड़ी आंखें, नुकीले दांत और शैतानी मुस्कान वाली लाबूबू डॉल इतना ट्रेंड में आई कि इसकी कीमत लाखों रुपये तक पहुंच गई। बॉलीवुड की अभिनेत्री उर्वशी रौतेला से लेकर हॉलीवुड की रेहाना तक ने इससे जुड़ी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इसका क्रेज इस कदर था कि लोग इसे चाबी के छल्ले से लेकर बैग तक में की-चेन की तरह इस्तेमाल करने लगे।

नॉर्डिक परियों की कहानियों से है प्रेरित

- लाबूबू एक काल्पनिक कैरेक्टर है, जिसे 2015 में हांगकांग के आर्टिस्ट कासिंग लुंग ने बनाया था। ये नॉर्डिक परियों की कहानियों से प्रेरित है। इसका लुक जितना डरावना है, उतना ही स्टाइलिश माना जाता है और यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है।
- के-पॉप स्टार लीसा (ब्लैकपिंक) ने भी सोशल मीडिया पर लाबूबू डॉल के साथ फोटो शेयर की थी, जिसके बाद अब तक कई बड़े इंटरनेशनल सेलेब्रिटीज इस ट्रेंड का हिस्सा बन चुके हैं।

अर्चना गौतम व भारती सिंह का डरावना किस्सा

अभिनेत्री अर्चना गौतम ने एक डरावना किस्सा शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एक दोस्त के लबूबू डॉल लाने के बाद उसके पापा की मृत्यु हो गई और शादी टूट गई। उन्होंने लोगों को यह डॉल न खरीदने की सलाह दी है। कॉमेडियन भारती सिंह ने अपने बेटे गोला के व्यवहार में बदलाव के कारण लबूबू डॉल को जलाकर नष्ट कर दिया था। उनका कहना है कि डॉल के आने के बाद उनका बेटा ज्यादा शरारती हो गया था। बाद में उन्हें राज कुंद्रा से एक और लबूबू डॉल मिली, जिसे उन्होंने दफनाने का फैसला किया।

चीन की कंपनी पॉप मार्ट ने मशहूर किया

- लाबूबू को चीन की कंपनी पॉप मार्ट ने मशहूर किया। साल 2019 में कंपनी ने इसे 'ब्लाइंड बॉक्स' फॉर्मेट में बेचना शुरू किया। यानी इसे एक बॉक्स में बैचा जाता है लेकिन बॉक्स के अंदर कौन-सी डॉल निकलेगी, ये पता नहीं होता है. ऐसे में लोग इसे लकी ड्रॉ की तरह खरीद रहे हैं। जब तक उन्हें अपनी पसंद का लबूबू न मिल जाए, वो इस ब्लाइंड बॉक्स को बार-बार खरीदते हैं। बॉक्स खोलने का एक्साइटमेंट और फिर उसमें से एक खास या लिमिटेड एडिशन डॉल निकलने की खुशी, इसी के चलते धीरे-धीरे लाबूबू डॉल की पॉपुलैरिटी इतनी बढ़ गई।

बच्चों को इससे दूर रखने की सलाह

सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें अभिभावक को इस गुड़िया से बच्चों को दूर रखने की सलाह दी जा रही है। क्योंकि कई लोग इसके शैतानी होने का दावा कर रहे हैं। हालांकि इस बात की पुष्टि हम नहीं करते हैं। हाल ही में बीजिंग में एक 131 सेंटीमीटर ऊंची लाबूबू डॉल की नीलामी 1.08 मिलियन युआन यानी करीब 1.2 करोड़ रुपये में हुई थी। इसके छोटे वर्जन भी लाखों रुपये में बिके थे। बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे भी इस डॉल के साथ नजर आ चुकी हैं।

वर्ल्ड ब्रीफ

रूस के कामचातका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 7.4 तीव्रता का भूकंप

मॉस्को। रूस के कामचातका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास शनिवार तड़के 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूविज्ञान सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की से 111.7 किलोमीटर पूर्व में और जमीन में 39 किलोमीटर की गहराई पर था। किसी तरह के जान माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। प्रशांत सुनामी चेतावनी प्रणाली ने संक्षेप में कहा कि भूकंप से सुनामी का खतरा है, लेकिन बाद में अपनी वेबसाइट से इस खतरे को हटा दिया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि तटीय क्षेत्रों में समुद्र के स्तर में मामूली बदलाव के बारे में चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन इसका मतलब है कि नुकसान की संभावना बहुत कम है।

खैबरपख्तूनख्वा में 35 आतंकवादी मारे गए

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से कथित तौर पर जुड़े कम से कम 35 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि दोनों अभियानों में आतंकवादियों से लड़ाई में 12 सैनिकों ने भी अपनी जान गंवाई। आईएसपीआर के मुताबिक, ये अभियान पिछले चार दिन में चलाए गए। उसने बताया कि सुरक्षा बलों ने बाजौर जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाया और भीषण मुठभेड़ में टीटीपी के 22 आतंकवादी मारे गए।

डलास में होगा भारतीय व्यक्ति का अंतिम संस्कार

ह्यूस्टन। भारतीय मूल के होटल मैनेजर चंद्रमौली बॉब नागमलैय्या का अंतिम संस्कार उनका परिवार टेक्सास के फ्लावर माउंड स्थित फ्लावर माउंड फैमिली फ्यूनरल होम में करेगा। चंद्रमौली "बॉब" नागमलैय्या की अमेरिका के डलास में इस सप्ताह हत्या कर दी गई थी। चंद्र मौली 'बॉब' नागमल्लैया की हत्या उसके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज (37) ने चाकू से हमला करके की थी। नागमलैय्या पर हमले की गवाह उनकी पत्नी निशा और 18 वर्षीय बेटे गौरव की मदद के लिए शुरू किए गए चंदा अभियान के तहत करीब दो लाख अमेरिकी डॉलर की धनराशि एकत्र हो चुकी है। इस धनराशि का उपयोग नागमलैय्या के अंतिम संस्कार और गौरव की कॉलेज की पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए किया जाएगा।

नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य

दुकानें और शॉपिंग मॉल खुले, राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा- अगले साल 5 मार्च को होगा संसदीय चुनाव

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू व प्रतिबंधात्मक आदेशों को शनिवार को हटा लिया गया, जिसके बाद दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। नेपाली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि शनिवार को कोई प्रतिबंधात्मक आदेश या कर्फ्यू लागू नहीं है। वहीं नेपाल में संसदीय चुनाव अगले साल 5 मार्च को होगा। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के कार्यालय ने यह घोषणा की।

कई दिन तक बंद रहने के बाद दुकानें, किराना स्टोर, सब्जी बाजार और शॉपिंग मॉल फिर से खुल गए तथा सड़कों पर आवाजाही फिर से शुरू हो गई। कई जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया, जिनमें प्रमुख सरकारी इमारतें भी शामिल हैं। हाल ही में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों ने इन इमारतों में तोड़फोड़ की थी और आग लगा दी थी। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार को हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई थी। इसके विरोध में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के प्रधानमंत्री कार्यालय में घुसने के तुरंत बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री ओली ने इस्तीफा दे दिया था। आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को शुरू हुए 'जेन जेड' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोग) के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों में एक भारतीय नागरिक समेत कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है।

अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की काठमांडू के टुडीखेल स्थित ट्रॉमा सेंटर में प्रदर्शनों के पीड़ितों से मिलने पहुंचीं।

राष्ट्रपति पौडेल ने संसदीय चुनाव कराने में सभी पक्षों से मांगा सहयोग

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के लिए अगला चुनाव कराने में सभी पक्षों से सहयोग करने की शनिवार को अपील की। ये चुनाव 5 मार्च को होने हैं। देश में एक सप्ताह तक हिंसक विरोध प्रदर्शन होने और इसके चलते केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने तथा सुशीला कार्की के देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त होने के बाद यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रपति ने एक बयान में सभी से आग्रह किया कि वे लोगों के हितों की रक्षा और आत्म-अनुशासन बनाए रखते हुए समय पर चुनाव कराने के लिए कड़ी मेहनत से अर्जित अवसर का उपयोग करें।

नेपाल के दलों और वकीलों ने संसद भंग करने को असंवैधानिक और मनमाना बताया

काठमांडू। नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों और वकीलों के शीर्ष निकाय ने राष्ट्रपति के संसद भंग करने के फैसले की कड़ी आलोचना की और इस कदम को असंवैधानिक, मनमाना तथा लोकतंत्र के लिए एक गंभीर झटका बताया है। यह आलोचना शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में पहली कैबिनेट बैठक में प्रतिनिधि सभा को भंग करने की सिफारिश किए जाने और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा इसे तुरंत मंजूरी दिए जाने के बाद आई। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक नोटिस के अनुसार, प्रतिनिधि सभा 12 सितंबर, 2025 की रात 11 बजे से भंग हो गई है। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति ने नए संसदीय चुनाव कराने की तारीख 21 मार्च, 2026 तय की है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने संसद भंग करने के इस कदम की निंदा की है। इस कदम को अस्वीकार करते हुए, देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, नेपाली कांग्रेस ने चेतावनी दी कि संविधान का उल्लंघन करने वाली कोई भी कार्रवाई अस्वीकार्य होगी। एक समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक में यह निष्कर्ष निकला कि संसद भंग करने के फैसले ने देश की लोकतांत्रिक उपलब्धियों को खतरे में डाल दिया है। नेपाली कांग्रेस के महासचिव विश्व प्रकाश शर्मा ने कहा कि संविधान का कोई भी उल्लंघन गंभीर सवाल खड़े करता है। सीपीएन-यूएमएल के महासचिव शंकर पोखरेल ने इस कदम को चिंताजनक बताया। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के नेता के हवाले से समाचार पोर्टल ने कहा, अतीत में, संसद को भंग करने के अधिकतर सरकारों के प्रयासों को असंवैधानिक बताकर चुनौती दी गई थी। विडंबना यह है कि वही आवाजें अब संसद को भंग करने का समर्थन कर रही हैं। हमें सतर्क रहना चाहिए। सीपीएन (माओवादी केंद्र) ने भी प्रतिनिधि सभा को भंग करने के फैसले पर असहमति व्यक्त की।

प्रधानमंत्री के रूप में कार्की की नियुक्ति महिला सशक्तिकरण का शानदार उदाहरण : मोदी

इंफाल, एजेंसी

- बोले-- नेपाल में सत्ता हस्तांतरण के समय पड़ोसी देश के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ी रही नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को पदभार संभालने पर बधाई दी और उनकी नियुक्ति को महिला सशक्तीकरण का एक शानदार उदाहरण बताया। मणिपुर की राजधानी इंफाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल साझा इतिहास, आस्था और सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े घनिष्ठ मित्र रहे हैं तथा नई दिल्ली वहां सत्ता हस्तांतरण के समय पड़ोसी देश के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ी रही।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से कार्की को बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि वह नेपाल में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी। नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की शुक्रवार रात देश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाली पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। मोदी ने कहा, कार्की का उस देश के शीर्ष पद पर आसीन होना महिला सशक्तीकरण का एक उदाहरण है। कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने से कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता समाप्त हो गई। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण देशव्यापी आंदोलन के चलते केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। कार्की को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, नेपाल के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और सरकार विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले युवा प्रदर्शनकारियों की एक बैठक के बाद चुना गया था। मोदी ने नेपाल के लोगों की भी सराहना की और उल्लेख किया कि पिछले कुछ दिनों में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, कैसे नागरिक, खासकर युवक और महिलाएं, इमारतों की सफाई और रंग-रोगन में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं नेपाल के लोगों को भी बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने इतने अशांत समय के बावजूद लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च रखा है। मोदी ने कहा कि दोनों देश एक साथ आगे बढ़ रहे हैं तथा नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा और स्थिरता की आकांक्षा का समर्थन करने के लिए नयी दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई।

नाटो देशों से रूसी तेल खरीद बंद करने की अपील चीन पर 50 से 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

- ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया वह रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, यदि सभी सहमत हो तो

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि नाटो देशों को यूक्रेन संघर्ष खत्म करने में मदद के लिए चीन पर 50 से 100% शुल्क लगाना चाहिए और रूस से तेल खरीदना बंद कर देना चाहिए। इससे एक दिन पहले अमेरिका ने जी-7 देशों से रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शुल्क लगाने का अनुरोध किया था।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि वह रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते सभी नाटो देश सहमत हो जाएं और ऐसा ही करना शुरू कर दें तथा मास्को से तेल खरीदना बंद कर दें। राष्ट्रपति ने कहा कि जीत के लिए नाटो की प्रतिबद्धता 100 प्रतिशत से बहुत कम रही है, और कुछ लोगों द्वारा रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली है। उन्होंने कहा, यह रूस के साथ आपकी बातचीत की स्थिति और सौदेबाजी की शक्ति को बहुत कमजोर करता है। कहा कि जब नाटो देश सहमत होंगे, तो वह आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने से इस घातक, लेकिन हास्यास्पद युद्ध को खत्म करने में बहुत मदद मिलेगी। चीन का रूस पर मजबूत नियंत्रण व पकड़ है, और ये शक्तिशाली शुल्क उस पकड़ को तोड़ देंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूक्रेन युद्ध उनका संघर्ष नहीं है और अगर वह राष्ट्रपति होते तो यह संघर्ष कभी शुरू ही नहीं होता।

यह बाइडेन और जेलेंस्की का युद्ध है। मैं यहां केवल इसे रोकने और हजारों रूसी और यूक्रेनी लोगों की जान बचाने के लिए हूं... अगर नाटो मेरे कहे अनुसार करता है, तो युद्ध जल्दी खत्म हो जाएगा और जाने भी बच जाएगी! अगर नहीं, तो आप मेरा और अमेरिका का समय, ऊर्जा और पैसा बर्बाद कर रहे हैं।

भारतीय मूल के व्यक्ति को मां की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास

लंदन। इंग्लैंड के बर्मिंघम स्थित घर में अपनी मां की हत्या करने वाले 39 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत के फैसले में कहा गया कि दोषी को पहले कम से कम 15 साल जेल में बिताने होंगे और इसके बाद ही उसे पैरोल दिए जाने पर विचार किया जाएगा। दोषी सुरजीत ने अपनी 76 वर्षीय मां मोहिंदर कौर की हत्या का जुर्म स्वीकार कर लिया था। पिछले वर्ष सितंबर में कई बार वार किए जाने से लगी चोट के कारण कौर की मौत हो गई थी। बर्मिंघम क्राउन कोर्ट में सिंह को उस दौरान सजा सुनाई गई, जब यह बात सामने आई कि टीवी के रिमोट को लेकर हुए विवाद में नशे में धुत सिंह ने अपनी मां पर हमला कर दिया था।

गाजा शहर पर हमले तेज, 32 की मौत

दीर अल-बलाह, एजेंसी

- इजराइल ने फलस्तीनियों से गाजा शहर को खाली करने की अपील की मृतकों में 12 बच्चे शामिल



इजराइल ने गाजा शहर में अपने हमले तेज कर दिए हैं और उसके हवाई हमलों में कम से कम 32 लोगों की मौत हुई है। चिकित्सा कर्मचारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि फलस्तीनियों से गाजा शहर खाली करने की अपील की गई है। शिफा अस्पताल के अनुसार, मृतकों में 12 बच्चे शामिल हैं।

इजराइल ने हाल के दिनों में गाजा शहर में हमले तेज कर दिए हैं, कई ऊंची इमारतों को नष्ट कर दिया है और हमास पर उनमें निगरानी उपकरण लगाने का आरोप लगाया है। इसने निवासियों को शहर छोड़ने का आदेश दिया है, जो सबसे बड़े फलस्तीनी शहर पर कब्जा करने के उद्देश्य से एक हमले का हिस्सा है। इजराइल इसे हमास का आखिरी गढ़ कहता है जहां लाखों लोग अब भी अकाल की स्थिति से जूझ रहे हैं।

पाकिस्तान इस बात को झुठला नहीं सकता कि लादेन उसकी जमीन पर मारा गया : इजराइल

संयुक्त राष्ट्र। इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस्लामाबाद इस बात को झुठला नहीं सकता कि अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को उसने ही अपनी सरजमीं पर पनाह दी और वह वहीं मारा गया। इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत डैनी डैनन ने पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद की ओर इशारा करते हुए कहा, जब बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब यह सवाल नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया? डैनन ने कहा, किसी ने यह सवाल नहीं पूछा।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 सितंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 15 सितंबर 03.06 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- रोहिणी 08.41 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज अपने विषय में गलत धारणा बनाने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण आपका बजट बिगड़ सकता है। ऐसे सभी लोगों से दूरी बनाकर रखें, जो नकारात्मक बातें करते हों। सर्दी-जुकाम और हल्के बुखार की स्थिति भी बन सकती है।

वृष — आज प्रेम विवाह को लेकर घर में चर्चा करना चाहते हैं तो दिन शुभ है। अव्यावहारिक विचारों के कारण उपहास हो सकता है। आपको स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

मिथुन — आज कार्यक्षेत्र में आपकी उपेक्षा हो सकती है। मित्रों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो सकता है। सोच-विचारकर ही आपको लोगों के सामने प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

कर्क — आज छोटी किंतु आधारभूत समस्याओं का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे। इसका सकारात्मक परिणाम आपको अवश्य मिलेगा। आप जिन कार्यों को प्राथमिकता क्रम में रखेंगे उन्हें अवश्य ही पूर्ण कर लेंगे।

सिंह — आज व्यापार में नई साझेदारी को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। आपके काम की गति में अचानक तेजी आ सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से आनंदित महसूस करेंगे।

कन्या — आज व्यवसाय में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए दिन अनुकूल है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। कोई समस्या हो तो अपने बड़ों से उसे साझा करें। संतान के विवाह की चिंता रहेगी।

तुला — आज आप अपने काम पर ही ध्यान दें। दूसरों के मामलों में पड़ने से बचें। व्यावसायिक दृष्टिकोण से दिन बहुत सामान्य रहने वाला है। आपका मन कुछ अशांत हो सकता है। आप जिनसे प्रेम और सम्मान की अपेक्षा रखते हैं, वो आपको भाव नहीं देंगे।

वृश्चिक — आज सहयोगियों के ऊपर अधिक निर्भर न हों। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। आपकी वाणी और व्यवहार से मित्रजन अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को निवेश से जुड़ी चिंता हो सकती है। मशीनरी से जुड़े कारोबार में लाभ प्राप्त होगा।

धनु — आज आर्थिक समस्याओं को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। बच्चों के भविष्य की चिंता हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर कम गंभीर रहेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों से जुड़ने का प्रयास करेंगे। इससे आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

मकर — आज शरीर में कुछ थकावट महसूस हो सकती है। व्यर्थ की बहसबाजी से स्वयं को दूर रखें। लोग आपसे सहायता की अपेक्षा रख सकते हैं। व्यवसाय में नया प्रयोग करने से बचें। आपको अपनी जिम्मेदारियों पर विशेष ध्यान देना होगा।

कुंभ — आज अपनी कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर मन में कुछ कन्फ्यूजन रहने की संभावना है। बातचीत के माध्यम से संपत्ति विवाद हल हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को विरोधियों से सावधान रहना चाहिए।

मीन — आज आपके मन में उच्च पद और प्रतिष्ठा की इच्छा प्रबल होगी। अपनी तीव्रबुद्धि का कुशल प्रयोग करेंगे। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन खत्म होने की संभावना है। नौकरीपेशा जातकों का कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। किसी दूर के रिश्तेदार से मिलना हो सकता है।

सुडोकू-99

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				2		6		8
		9	1			4		
	8			7			1	
	1	6				3		
	7						8	
		5		6		7		
	5			4			9	
		3			5	2		
4		1		3				

सुडोकू - 98 का हल

3	6	9	4	8	2	5	7	1
7	2	4	5	1	9	3	6	8
8	1	5	3	6	7	4	9	2
2	7	1	9	3	8	6	5	4
6	4	8	2	7	5	1	3	9
5	9	3	6	4	1	8	2	7
9	3	7	1	5	4	2	8	6
1	5	2	8	9	6	7	4	3
4	8	6	7	2	3	9	1	5

भारतीय क्रिकेट टीम के नए जर्सी प्रायोजक का चयन अगले दो से तीन हफ्तों में हो जाएगा और बोलियां 16 सितंबर को बंद होंगी। अभी तक कोई नाम सामने नहीं आया है। कई बोलीदाता शामिल हैं। इसके अंतिम रूप देने के बाद सबको बताया जाएगा।
-राजीव शुक्ला

स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

बरेली, रविवार, 14 सितंबर 2025

हाईलाइट

निशानेबाजी में ईशा ने स्वर्ण पदक जीता

निंगबो (चीन) : ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों के सूखे को खत्म किया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में 20 वर्षीय ईशा ने एक रोमांचक फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी याओ कियानक्सुन को 0.1 अंक से हराया। दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ओह येजिन ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में यह ईशा का पहला विश्व कप स्वर्ण पदक है और इसने भारत को पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचने में मदद की। भारत के साथ चार और देश एक स्वर्ण पदक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। मेजबान चीन दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। भारत ने इस टूर्नामेंट में हर स्पर्धा में अपने चौथे से छठे क्रम के निशानेबाजों को उतारा है।

एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 11 से

नई दिल्ली : यूएई के हटने के बाद 22 देशों ने भुवनेश्वर में होने वाली 28वीं आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में भाग लेने की पुष्टि की है। आयोजकों ने इस जानकारी को साझा करते हुए 500 से ज्यादा प्रतिभागियों के इसमें भाग लेने की उम्मीद जताई। ओडिशा पहली पर एशियाई स्तर की टेबल टेनिस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 अक्टूबर तक कलिंगा स्टेडियम में होगा।

राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन तीन महीने में

नई दिल्ली : राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के तहत महासंघों को मान्यता देने या निलंबित करने और उनके वित्तीय आचरण की निगरानी करने का सर्वोच्च अधिकार रखने वाले बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) का गठन दिसंबर के अंत तक कर दिया जाएगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने अगले साल जनवरी के अंत तक इस अधिनियम को पूरी तरह से लागू करने का वादा किया है और एनएसबी का गठन उस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण पड़ाव होगा।

चंडीगढ़ में शनिवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ी और अन्य। एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया से हिसाब बराबर करने उतरेगी महिला टीम

मुल्लांपुर, एजेंसी

- तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला का पहला मुकाबला आज
- महिला विश्व कप की तैयारियों को पुख्ता करने का मौका
- नौ महीने बाद लौटीं तेज गेंदबाज रेणुका सिंह पर रहेगी सबकी नजर

भारतीय महिला टीम रविवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय से विश्व कप की तैयारियों को पुख्ता करने के साथ इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिली पिछली हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

इस शृंखला से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को आगामी घरेलू विश्व कप के लिए अपनी टीम को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की शृंखला में भारत का सूपड़ा 0-3 से साफ हो गया था। इस दौरे के बाद हालांकि भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने आयरलैंड को 3-0 से हराया, श्रीलंका में दक्षिण अफ्रीका की मौजूदगी के साथ हुई त्रिकोणीय शृंखला में जीत दर्ज की और फिर इंग्लैंड दौरे पर भी टी20 अंतर्राष्ट्रीय (3-2) और वनडे (2-1) दोनों दोनों प्रारूपों में जीत दर्ज की। स्ट्रेस फैक्चर के

कप्तान एलिसा हीली व हरमनप्रीत कौर।

कारण क्रिकेट से नौ महीने दूर रहने के बाद तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर सबकी नजरें टिकी हैं। मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड ने उनकी वापसी को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा रेणुका हमारे लिए एक अनमोल खिलाड़ी हैं। उन्हें कुछ परेशानियां थीं और वह खेल से बाहर थीं, लेकिन अब वह उपलब्ध हैं। वह हमारी मुख्य खिलाड़ी हैं. यह एक बड़ा टूर्नामेंट है और खुशी है कि वह टीम का हिस्सा हैं। रेणुका, क्रांति गौड़ (जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं) और अरुंधति रेड्डी के साथ मिलकर भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगी।

स्पिन गेंदबाजी विभाग भी काफी मजबूत है। इसमें श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावित करने वाली स्नेह राणा, युवा श्री चारानी के साथ दीप्ति शर्मा और राधा यादव की अनुभवी जोड़ी शामिल हैं। स्मृति मंधाना के साथ सलामी बल्लेबाज के तौर पर प्रतिका रावल बल्लेबाजी में पारी का आगाज करेंगीं।

टीम

भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव, एन श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, स्नेह राणा।

ऑस्ट्रेलिया : एलिसा हीली (कप्तान), तहलिया मैकग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम ।

टीम इंडिया का पाकिस्तान के खिलाफ पलड़ा भारी

एशिया कप : दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

दुबई, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम रविवार को एशिया कप में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ यहां होने वाले मुकाबले में प्रबल दावेदार होगी। दिलचस्प बात है कि पिछले कुछ महीनों में सीमा पर बढ़े तनाव के बावजूद इस मुकाबले को लेकर किसी तरह की हाइप नहीं है। चार महीने बाद भारत में टी-20 विश्व कप को देखते हुए मुकाबला महत्वपूर्ण है। लेकिन कई साल में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच में उस तरह के उत्साह का अभाव है। जो दोनों देशों के बीच मैच में अक्सर होता है। जबकि यह रविवार को खेला जा रहा है।

भारत के अंतिम एकादश में शुभमन गिल, सूर्यकुमार, अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाज, जसप्रीत बुमराह जैसा तेज गेंदबाज, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर मौजूद हैं। कागज पर भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में कहीं अधिक खतरनाक दिखती है जो नए कप्तान सलमान अली आगा के नेतृत्व में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश कर रही है। हालांकि इस प्रारूप की बदलने वाली प्रकृति को देखते हुए उलटफेर की संभावना हमेशा बनी रहती है, लेकिन इस मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ इसकी संभावना कम ही है।

पाकिस्तानी टीम के सबसे प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में से एक सलामी बल्लेबाज सैम अयूब, मध्यक्रम के बल्लेबाज हसन नवाज तथा अबरार अहमद, सूफियान मुकीन और मोहम्मद नवाज की स्पिनरों की तिकड़ी नए लुक वाली टीम में यह बात साबित करना चाहेंगे कि उन्होंने बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पर निर्भर रहने की नीति को त्याग दिया और नया मुकाम हासिल करने जा रहे हैं।

अहमदाबाद में क्रिकेट प्रशंसकों ने मैच के प्रति लोगों का ध्यान खींचा। एजेंसी

सूर्यकुमार यादव

समय रात 8 बजे से

पहलगाम की कड़वाहट का दिख रहा असर

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में कड़वाहट भर गई। जनता के गुस्से ने महाद्वीपीय क्रिकेट के इस सबसे 'हाई-प्रोफाइल' मैच की तैयारी को फीका बना दिया। मैच के हजारों टिकट अब भी उपलब्ध हैं और शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र में बहुत कम दर्शक पहुंचे।

बुमराह और शाहीन शाह में दिखेगी टक्कर

आमतौर पर भारत-पाक मैच में भारतीय बल्लेबाजों और पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों के बीच मुकाबला होता है, लेकिन इस बार दोनों टीमों के स्पिनरों की अहम भूमिका होगी। जबकि जसप्रीत बुमराह और शाहीन शाह अफरीदी ही एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज हैं जो रविवार को मैदान में उतरेंगे। पिच में हालांकि ज्यादा टर्न नहीं है, लेकिन दोनों टीमों में एक-एक दाएं हाथ के कलाई के स्पिनर और एक-एक बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की मौजूदगी एक दिलचस्प कहानी बनाती है। सूफियान मुकीम एक अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन कुलदीप यादव जैसे चतुर गेंदबाज के आस-पास भी नहीं हैं जिनकी गुगली खेलना आसान नहीं है। अबरार अहमद की लेग-ब्रेक और विकेट लेने के अनोखे अंदाज से पाकिस्तान में उनके प्रशंसकों की तादाद बढ़ी है, लेकिन वरुण चक्रवर्ती की रहस्यमयी गेंदबाजी पाकिस्तान के बल्लेबाजों के लिए खतरनाक हो सकती है।

श्रीलंका के बल्लेबाज कुसल मेंडिस शॉट लगाते हुए। एजेंसी

श्रीलंका ने बांग्लादेश को छह विकेट से हराया

अबु धाबी, एजेंसी

कसी हुई गेंदबाजी के बाद पथुम निशंका (50) और कमिल मीशारा (नाबाद 46) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पर श्रीलंका ने शनिवार को एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में बांग्लादेश को को 32 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है।

140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में 13 रन के स्कोर पर कुसल मेंडिस (तीन) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कमिल मीशारा पथुम निशांका के साथ दूसरे विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को जीत के लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। 11वें ओवर में मेहदी हसन ने पथुम निशंका को आउटकर बंगलादेश को दूसरी सफलता दिलाई। पथुम निशंका ने 34 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 50 रनों की पारी खेली। 14वें ओवर में तंजिम हसन साकिब ने दसून शनका (एक) को आउटकर मैच में रोमांच पैदा कर दिया। बंगलादेश की हार में उसके द्वारा दिये 21 अतिरिक्त रनों का भी योगदान रहा। श्रीलंका ने 14.4 ओवर में चार विकेट पर 140 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

पहले दिन निराश किया भारतीय खिलाड़ियों ने

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

टोक्यो, एजेंसी

भारत के पैदल चाल खिलाड़ियों ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुरुआती दिन 35 किमी स्पर्धाओं में निराश किया। संदीप कुमार और प्रियंका गोस्वामी ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शनिवार को 23वां और 24वां स्थान हासिल किया।

पुरुषों की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी राम बाबू को चौथा रेड कार्ड मिलने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया। तब तक वह 24 किमी की दूरी तय कर चुके थे। राम बाबू दो साल पहले बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में 27वें स्थान पर रहे थे।

वह दो 2 घंटे 29 मिनट और 56 सेकंड के समय के साथ मौजूदा राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं। सुबह की इस स्पर्धा में 50 खिलाड़ियों में से 34 ने रेस पूरी की, जबकि 10 इसे पूरा करने में नाकाम रहे और छह अयोग्य घोषित हो गए। 39 साल के संदीप ने दो घंटे 39 मिनट और 15 सेकंड का समय लिया।

टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर हीट में संयुक्त राज्य अमेरिका की शाकारी रिचर्डसन (बीच में), ऑस्ट्रेलिया की टोरी लुईस (दूसरे बाएं), जर्मनी की जीना ल्यूकेंकेम्पर (दाएं) और रिपब्लिक ऑफ कांगो की नताचा नगोए। एजेंसी

लक्ष्य, सात्विक और चिराग हांगकांग ओपन फाइनल में

हांगकांग, एजेंसी

- खिताब जीतने का लंबा इंतजार खत्म करने का मौका

भारत के लक्ष्य सेन दो साल में पहले बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गए हैं जबकि सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष जोड़ी ने भी शनिवार को सीधे गेम में जीत के साथ हांगकांग ओपन सुपर 500 के फाइनल में प्रवेश किया।

अलमोड़ा के 23 वर्ष के 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने दुनिया के नौवे नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन को 56 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 23-21, 22 -20 से मात दी। इससे पहले सात्विक और चिराग की दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के बिंग-वेई लिन और चेन चेंग कुआन को 21-17, 21-15 से हराकर इस सत्र में छह सेमीफाइनल मुकाबलों में मिली हार के बाद अपने पहले फाइनल में जगह बनाई। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग तथा चीनी ताइपे के फैंग-चिह ली और फैंग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। चिराग ने कहा आखिर हम फाइनल में पहुंचे।पिछले साल चीन ओपन के बाद से सात सेमीफाइनल खेले हैं। हम लगातार सेमीफाइनल में हार रहे थे।

चिराग शेट्टी व सात्विक साईराज।

एशिया कप के फाइनल में पहुंची महिला टीम

हांगझाऊ (चीन), एजेंसी

- भारतीय महिला हॉकी टीम ने जापान के साथ ड्रॉ खेला, फिर चीन ने दक्षिण कोरिया को हराया

भारतीय महिला हॉकी टीम ने महिला एशिया कप 2025 में जापान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद हुए दूसरे मैच में चीन ने दक्षिण कोरिया को 1-0 से हरा दिया। इसी के साथ भारत महिला टीम एशिया कप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है।

इससे पहले भारत बनाम जापान मुकाबला ब्यूटी डुंग डुंग ने (सातवें मिनट) में शुरुआती गोल और जापान की शिहो कोबायाकावा ने (58वें मिनट) में किये गये गोल की बदौलत ड्रा पर छूटा। भारत के फाइनल में खेलने का फैसला चीन और दक्षिण कोरिया के मैच पर निर्भर था। मुकाबले के शुरुआत में ब्यूटी डुंग डुंग ने (सातवें मिनट) में गोलकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने आक्रामक खेल जारी रखा और पहले क्वार्टर में स्कोर 1-0 रहा। दूसरे क्वार्टर में जापान बराबरी के गोल की तलाश में उतरा और शुरुआती कुछ मिनटों में उसे एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने बिना किसी परेशानी के उसे रोक दिया। भारतीय टीम ने गेंद पर कब्जे में रखते हुए आक्रमण खेल दिया, लेकिन जापान की रक्षापंक्ति मजबूत रही और पहले हाफ के बाद स्कोर 1-0 रहा। इसके बाद तीसरा क्वार्टर भी गोल रहित रहा। अंतिम क्वार्टर में जापान ने बराबरी की कोशिश में अपने हमले तेज कर दिए। और भारतीय महिला हॉकी टीम का डिफेंस जापानी हमलों को विफल करता रहा।

क्वार्टर के मध्य में, भारत ने वापसी की और कई पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके विरोधियों पर दबाव बना दिया। अंतिम मिनटों में, जापान ने शिहो कोबायाकावा (58वें मिनट) के जरिए गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। दोनों टीमें बराबरी पर रहीं और हूटर बजने तक स्कोर 1-1 से बराबर था। दिन के दूसरे सुपर4 के आखिरी मैच में चीन ने कोरिया को 1-0 से हरा दिया। इस परिणाम के साथ ही भारतीय टीम एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई। फाइनल में भारत का मुकाबला रविवार को चीन से होगा।

जापान व भारत की खिलाड़ी भिड़ती हुईं।

इंग्लैंड की रिकॉर्ड रनों की आंधी में उड़ा दक्षिण अफ्रीका

मैनचेस्टर (इंग्लैंड) : फिल सॉल्ट के इंग्लैंड के लिए सबसे तेज टी20 शतक और इस प्रारूप के की सबसे बड़ी पारी के बूते इस टीम ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड 146 रन की बड़ी जीत दर्ज की। सॉल्ट के नाबाद 141 रन और जोस बटलर की 83 रन की ताबड़तोड़ पारी से इंग्लैंड ने दो विकेट पर 304 रन बनाने। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड की पारी में 18 छक्के और 30 चौके लगे। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट पर 64 रन बना लिए थे, लेकिन आठवें ओवर में कप्तान एडेन मारक्रम की 20 गेंदों में 41 रनों रन की पारी पर विराम लगने के बाद टीम की हार तय हो गई। दक्षिण अफ्रीका 17वें ओवर में 158 रन पर सिमट गई।

सफलता

सुमित नागल ने विश्व ग्रुप वन मुकाबले में स्विटजरलैंड के हेनरी बर्नेट को हराया

भारत पहली बार डेविस कप क्वालीफायर्स में

बील (स्विटजरलैंड), एजेंसी

भारत ने पहली बार डेविस कप क्वालीफायर्स में प्रवेश कर लिया जब सुमित नागल ने विश्व ग्रुप वन मुकाबले में स्विटजरलैंड के प्रतिभाशाली हेनरी बर्नेट को पहले उलट एकल में शनिवार को हराकर भारत को 3-1 से जीत दिलाई।

इससे पहले एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलीपल्ली की जोड़ी याकूब पॉल और डोमिनिक स्ट्रिकर से हार गई थी जिससे मेजबान की वापसी की उम्मीदें जाग गई थी । नागल को चौथे मुकाबले में जेरोम किम से खेलना था लेकिन स्विस टीम ने मौजूदा जूनियर आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन बर्नेट को उतारा जो 1-6, 3-6 से हार गए। इससे पहले कल दक्षिणेश्वर सुरेश और सुमित नागल ने एकल मुकाबलों में जेरोमी किम और मार्क आंद्रिया हुसलेर को हराकर भारत को 2-0 से बढ़त दिला दी थी। भारत की विदेश में किसी यूरोपीय टीम पर 32 साल में यह पहली जीत है। इससे पहले लिएंडर पेस और रमेश कृष्णन ने 1993 में फ्रांस को क्वार्टर फाइनल में हराया था। भारत ने दिल्ली में 2022 में डेनमार्क को ग्रासकोर्ट पर हराया था। डेविस कप क्वालीफायर का पहला दौर जनवरी 2026 में खेला जाएगा।

इससे पहले बालाजी और बोलीपल्ली को दो घंटे 26 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6, 4-6, 5-7 से पराजय झेलनी पड़ी । बालाजी और स्ट्रिकर ने शुरूआत में काफी अच्छी सर्विस करके एक भी अंक गंवाये बिना अपनी सर्विस बरकरार रखी। बोलीपल्ली के डबल फाल्ट पर भारत ने पहला अंक गंवाया । भारतीय जोड़ी ने पॉल पर दबाव बनाये रखा लेकिन ड्यूस अंक के बाद स्विस जोड़ी ने वापसी की। भारतीय जोड़ी ने स्ट्रिकर की सर्विस पर छठे गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट बनाए।

सुमित नागल। एजेंसी

यह काफी बड़ी जीत है। हम यूरोप में बहुत समय बाद जीते हैं और हमने इसके लिए काफी मेहनत की है। युगल मुकाबला कठिन था क्योंकि दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया।
-समित नागल

बालाजी की गलती पड़ी भारी

फोरहैंड रिटर्न पर बालाजी की गलती से स्विस टीम को वापसी का मौका मिला और पॉल ने ब्रेक प्वाइंट भुनाकर स्कोर बराबर कर दिया। टाइब्रेकर में पॉल की लगातार गलतियों से भारत ने पहला सेट जीत लिया। दूसरे टेस्ट में भी स्कोर 4-4 से बराबरी पर था। बालाजी को नौवे गेम में निर्णायक ब्रेक प्वाइंट हासिल करने का मौका मिला लेकिन वह वॉली चूक गए। पॉल का फोरहैंड पर रिटर्न बाहर चला गया जिस पर भारत को फिर अवसर मिला लेकिन स्ट्रिकर के फोरहैंड पर शानदार रिटर्न से यह भी चूक गया । पॉल ने अपनी सर्विस बरकरार रखी और बोलीपल्ली की सर्विस टूटने पर भारत ने दूसरा सेट गंवा दिया।